रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655

# पायनियर

www.dailypioneer.com रायपुर, रविवार 16 फरवरी 2025 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-176 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज़

### ड्रोन्स असेंबल करने में नहीं, सभी पुर्जे बनाने पर महारत ज़रूरीः राहुल



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि ड्रोन्स तकनीकी पर हमारे युवाओं का कब्जा ज़रूरी है और इसे असेंबल करने की बजाय इसके सभी पुर्जे हमें तैयार करने होंगे तभी हम इसमें महारत हासिल कर सकते हैं। गांधी ने कहा ड्रोन ने युद्ध लड़ने के तरीक़े को पूरी तरह से बदल कर रख दिया है। बैटरी, मोटर और ऑप्टिक्स के संयोजन से युद्ध के मैदान में घात-प्रतिघात और संचार में अभूतपूर्व बदवाल आया है।

### नौसेना की जांबाज अधिकारियों ने केप हॉर्न पार किया

**नयी दिल्ली।** स्वदेशी नौका तारिणी पर नाविका सागर परिक्रमा अभियान पर निकली नौसेना की दो जांबाज अधिकारियों ने समुद्र की विषम परिस्थितियों में दक्षिण अमेरिका के दक्षिणी छोर पर स्थित केप हार्न को सफलतापूर्वक पार करके इतिहास के पन्नों में अपना नाम दर्ज करा लिया है। नौसेना के प्रवक्ता ने बताया कि लगातार बारिश, समुद्र की विषम स्थिति, 75 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली हवा और 5 मीटर से अधिक ऊंची लहरों के बीच लेफ्टिनेंट कमांडर दिलना के और लेफ्टिनेंट कमांडर रूपा ए ने समुद्र के रास्ते दुनिया का चक्कर लगाने के अभियान के दौरान यह सफलता हासिल की।

### गोगोई ने भाजपा के आरोपों पर जतायी तीखी प्रतिक्रिया



**नयी दिल्ली।** लोकसभा में कांग्रेस के उपनेता गौरव गोगोई ने पत्नी के पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के साथ संबंद्धता संबंधी भाजपा के आरोपों पर शनिवार को तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की और कानूनी कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी। गोगोई ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर अपनी पोस्ट में कहा, भाजपा ने मुझे और मेरे परिवार को बदनाम करने के लिए'अतिवादी' कदम उठाये हैं। उनके आरोप दुर्भावनापूर्ण और निराधार हैं। मैं उचित कानूनी कार्रवाई करूंगा। गौरतलब है कि भाजपा ने आज आरोप लगाया कि गोगोई की पत्नी के आईएसआई के साथ संबंध है। पार्टी प्रवक्ता अजय आलोक ने यहां संवाददाता सम्मेलन में यह भी कहा कि कांग्रेस पार्टी आईएसआई से मिली हुई है।

# शहरों में खिला सुशासन का कमल, सभी नगर निगमों में भाजपा का कब्जा

## रायपुर में मीनल चौबे की सबसे बड़ी जीत, चिरमिरी में सबसे कम अंतर से हारे विनय जायसवाल



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

राज्य में नगरीय निकाय चुनाव में सुशासन का कमल खिला है। विष्णुदेव सरकार के 14 माह के कार्यकाल को देखते हुए राज्य की जनता ने 10 के 10 नगर निगमों में भाजपा को बंफर जीत के लिए वोटिंग की। रायपुर नगर निगम में 15 साल बाद सुशासन का कमल खिला। यहां से भाजपा प्रत्याशी मीनल चौबे रिकार्ड मतों से चुनाव जीतने में सफल हुई है। भाजपा ने सभी नगर निगमों में कांग्रेस को मात देकर महापौर की कुर्सी पर कब्जा किया है। 11 फरवरी को 10 नगर निगमों में वोटिंग हुई थी। इनमें अंबिकापुर, कोरबा, चिरमिरी, जगदलपुर, दुर्ग, धमतरी, बिलासपुर, राजनांदगांव, रायगढ़ और रायपुर नगर निगम शामिल हैं। इस चुनाव में महापौर के 79 प्रत्याशी मैदान पर थे। रायपुर नगर निगम की बात करें तो कांग्रेस का अब तक का सबसे कमजोर प्रदर्शन रहा। यहां निर्दलीय पार्षदों के बराबर भी कांग्रेस का आकड़ा नहीं पहुंचा। कुल मिलाकर शहरी सरकार में कांग्रेस को मुंह की खानी पड़ी। चिरमिरी नगर निगम और जगदलपुर में मुकाबला काफी नजदीकी रहा। चिरमिरी से कांग्रेस प्रत्याशी विनय जायसवाल 4 हजार वोटों से चुनाव हारे। यहां पर कांग्रेस बागी प्रत्याशी ने विनय का समीकरण बिगाड़ दिया। वहीं जगदलपुर में गैदु और संजय पाण्डेय के बीच मुकाबला कांटे का रहा। जगदलपुर की जिम्मेदारी मंत्री केदार कश्यप को सौंपी गई थी। उनकी रणनीति के बदौलत जगदलपुर में भी भाजपा ने परचम लहराया। वहीं रायपुर का प्रभारी मंत्री रामविचार नेताम को बनाया गया था।

### सरकार की नीतियों पर लगी मुहर : सीएम साय



**रायपुर।** नगरीय निकाय चुनावों में भाजपा को मिली एकतरफा जीत के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेश की जनता का आभार जताते हुए कहा कि जनता ने डबल इंजन की सरकार की नीतियों पर मुहर लगा दी है। साय ने इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पर लोगों के विश्वास का नतीजा बताया। परिणाम आने के बाद राजधानी रायपुर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि आज का दिन छत्तीसगढ़ के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा। जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पर भरोसा जताया है। इस जीत के लिए मैं छत्तीसगढ़ के मतदाताओं को धन्यवाद देता हूं। आम जनता ने अटल विश्वास पत्र पर भरोसा जताया। मुख्यमंत्री होने के नाते वादा करता हूं कि जो भी वादा अटल विश्वास पत्र में किया है, वह पूरा होगा। हम लोगों को ठगने के लिए नहीं बल्कि वादा पूरा करने के लिए आए हैं। सीएम साय ने पिछले चुनाव के नतीजों का जिक्र करते हुए कहा कि तब कांग्रेस ने लोकतंत्र की हत्या की थी। महापौर और अध्यक्ष चुनाव को प्रत्यक्ष नहीं कराया था, लेकिन इस बार हमने जनता को उनका हक दिया और लोकतंत्र की जीत हुई।

### चुनाव परिणाम अपेक्षाओं के अनुरूप नहीं, जनादेश शिरोधार्य : बैज



नगरी निकाय चुनाव परिणामों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि चुनाव परिणाम हमारी अपेक्षाओं के अनुरूप नहीं आये जनादेश शिरोधार्य है। कांग्रेस पार्टी ने पूरी ताकत और एक जुटता से चुनाव लड़ा। हमारे सभी वरिष्ठ नेता चुनाव अभियान का प्रमुख हिस्सा थे। कांग्रेस ने पूरे चुनाव में अपने सिद्धांतों पर समझौता नहीं किया। भारतीय जनता पार्टी नगरी निकाय चुनाव के पहले से ही सत्ता का दुरुपयोग कर रही थी। पहले चुनाव को टालने की कोशिश हुई, फिर चुनावो की तारीखो को आगे बढ़ाया गया। पहले घोषित किया गया चुनाव बैलेट पेपर से होगा, बाद में निर्णय हुआ मतदान ईवीएम से कराया जायेगा। ईवीएम से मतदान निश्चित किया गया तो अध्यक्ष और पार्षदों के मशीनो को एक साथ जोड़ा गया। उसमें वीवीपैड की व्यवस्था नहीं किया गया। जबकि ईवीएम के मामले सुप्रीम कोर्ट का स्पष्ट निर्देश है कि वीवीपैड जोड़ा जाना चाहिये। प्रदेश में मतदान के दौरान 100 से अधिक स्थानों पर ईवीएम बंद होने, खराब होने की शिकायते आई किसी प्रकार मतदान संपन्न हुआ। दीपक बैज ने कहा कि भाजपा ने चुनाव में सत्ताबल, धनबल का दुरुपयोग किया।

#### रायपुर नगर निगम

भाजपा महापौर प्रत्याशी मीनल चौबे 1 लाख 46 हजार वोट से जीती, कांग्रेस की दीप्ती दुबे चुनाव हारी।

#### दुर्ग नगर निगम

67 हजार वोट से भाजपा की जीत। कांग्रेस महापौर प्रत्याशी प्रेमलता साहू, भाजपा महापौर प्रत्याशी अल्का बाघमार से चुनाव हारी।

#### कोरबा नगर निगम

52,000 वोट से भाजपा की जीत। कांग्रेस महापौर प्रत्याशी उषा तिवारी, भाजपा महापौर प्रत्याशी संजू देवी से चुनाव हारी।

#### अंबिकापुर नगर निगम

11,063 वोट से भाजपा की जीत। कांग्रेस महापौर प्रत्याशी अजय तिर्की, भाजपा महापौर प्रत्याशी मंजूषा भगत से चुनाव हारे।

#### बिलासपुर नगर निगम

66,179 वोट से भाजपा की जीत। कांग्रेस महापौर प्रत्याशी प्रमोद नायक, भाजपा महापौर प्रत्याशी पूजा विधानी से चुनाव हारे।

#### राजनांदगांव नगर निगम

कांग्रेस महापौर प्रत्याशी निखिल द्विवेदी, भाजपा महापौर प्रत्याशी मधुसूदन यादव से चुनाव हारे। 41 हजार से अधिक मतों से भाजपा की हुई जीत।

#### रायगढ़ नगर निगम

34365 वोट से भाजपा की जीत। कांग्रेस महापौर प्रत्याशी जानकी काटजू, भाजपा महापौर प्रत्याशी जीववर्धन चौहान से चुनाव हारी।

#### जगदलपुर नगर निगम

8772 वोट से भाजपा की जीत। कांग्रेस महापौर प्रत्याशी मककीत सिंह गैदू, भाजपा महापौर प्रत्याशी संजय पांडेय से चुनाव हारे।

#### चिरमिरी नगर निगम


4000 वोट से भाजपा की जीत। कांग्रेस महापौर प्रत्याशी विनय जायसवाल, भाजपा महापौर प्रत्याशी रामनरेश राय से चुनाव हारे। यहां से कांग्रेस की बागी उम्मीदवार ने समीकरण बिगाड़ा।

#### धमतरी नगर निगम

34085 वोट से भाजपा की जीत। भाजपा महापौर प्रत्याशी जगदीश रामू रोहरा चुनाव जीते। यहां से कांग्रेस उम्मीदवार का नामांकन रद्द कर दिया गया था।

## प्रयागराज महाकुंभ जा रही बोलेरो बस से टकराई, 10 श्रद्धालुओ की मौत

पायनियर संवाददाता < कोरबा
www.dailypioneer.com



प्रयागराज महाकुंभ में गंगा स्नान करने के लिए बोलेरो वाहन से निकले 10 श्रद्धालुओं की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। अधिकारिक तौर पर इसकी पुष्टी पुलिस कप्तान और कलेक्टर ने की है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सड़क दुर्घटना में श्रद्धालुओं की असामयिक मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज-मिर्जापुर के मेजा इलाके में शुक्रवार की रात 2 बजे हुई इस सड़क दुर्घटना में कोरबा से निकली बोलेरो सामने से आ रही बस से टकरा गई, जिसमें 10 श्रद्धालुओं की मौत हो गई। दुर्घटना की भीषणता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि बोलेरो के परखच्चे उड गये और सभी लोगों ने घटनास्थल पर ही दम तोड दिया। जिला पुलिस कंट्रोल रुम को रात ढाई बजे पहले जो सूचना मिली थी उसमें 7 लोगों के मारे जाने की पुष्टि की गई थी लेकिन बाद में सभी 10 मौतों की पुष्टि कोरबा जिला कलेक्टर अजीत बसंत एवं जिला पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने की।

## आज भारत टेक्स में शामिल होंगे पीएम मोदी

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत मंडपम में भारत टेक्स-2025 में भाग लेंगे। इस अवसर पर वह उपस्थित जनसमूह को संबोधित भी करेंगे। भारत टेक्स 2025 व्यापक स्तर का वैश्विक कार्यक्रम है और इसका आयोजन 14 से 17 फरवरी तक भारत मंडपम में किया जा रहा है। यह एक विशिष्ट कार्यक्रम है क्योंकि यह कच्चे माल से लेकर तैयार उत्पादों तक की संपूर्ण वस्त्र मूल्य श्रृंखला को एक ही मंच पर एक साथ लाता है। भारत टेक्स प्लेटफॉर्म कपड़ा उद्योग का सबसे बड़ा और सबसे व्यापक आयोजन है, जिसमें दो स्थलों पर फैला एक मेगा एक्सपो शामिल है और इसमें संपूर्ण वस्त्र पारिस्थितिकी व्यवस्था को प्रदर्शित किया जाएगा।

## राजग के मुख्य सहयोगी वक्फ संशोधन विधेयक पर सहमत : किरेन रिजिजू

वार्ता < श्रीनगर
www.dailypioneer.com



संसदीय कार्य मंत्री एवं अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के दो प्रमुख सहयोगी, बिहार के मुख्यमंत्री एवं जनता दल (यूनाइटेड) के प्रमुख नीतीश कुमार और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू, वक्फ (संशोधन) विधेयक पर सहमत हैं। वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 पर संसद की संयुक्त समिति (जेपीसी) की रिपोर्ट विपक्ष के हंगामे के बीच 13 फरवरी को संसद में पेश की गई। रिजिजू ने कहा कि वक्फ (संशोधन) विधेयक पर फर्जी कहानी फैलाई जा रही है। केंद्रीय मंत्री ने श्रीनगर में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, जब हमने वक्फ (संशोधन) विधेयक संसद में पेश किया, तो हमारा इरादा बहुत स्पष्ट था और हमने संसद को यह भी बताया कि विधेयक का एकमात्र उद्देश्य भारत में वक्फसंपत्तियों की रक्षा करना है, जो दुनिया में सबसे बड़ी हैं। रिजिजू ने कहा, वक्फ के पास करोड़ों रुपये की संपत्ति होने के बावजूद अगर कोई भीख मांग रहा है कि है, तो यह अफसोस की बात है। इसीलिए हमने वक्फ विधेयक में यह स्पष्ट कर दिया है कि मुसलमानों से संपत्ति छीनकर किसी और को देने का कोई सवाल ही नहीं है।

## 'नया कश्मीर' संघर्ष की नहीं, बल्कि विश्वास बहाली और आस्था के प्रतिफल की कहानी : धनखड़

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि जम्मू कश्मीर में सफल चुनावों से वहां लोकतंत्र की जड़ें मजबूत हुई हैं और 'नया कश्मीर' अब संघर्ष की नहीं, बल्कि विश्वास बहाली और आस्था के प्रतिफल की कहानी है। धनखड़ ने कटरा में माता वैष्णो देवी विश्वविद्यालय के 10वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा, जम्मू-कश्मीर में 2024 के लोकसभा चुनावों के दौरान 35 वर्षों में सबसे अधिक मतदान हुआ। लोकतंत्र को अपनी वास्तविक आवाज़ और सच्ची प्रतिध्वनि मिल गई है। यह क्षेत्र अब संघर्ष की कहानी नहीं रह गया है। नए कश्मीर में प्रत्येक निवेश प्रस्ताव केवल पूँजी का विषय नहीं है, बल्कि यह पुनर्स्थापित विश्वास और पुरस्कृत आस्था का प्रतीक है। उन्होंने कहा, यह परिवर्तन अदृश्य नहीं है, बल्कि प्रत्यक्ष रूप से दिखाई दे रहा है। धारणाएँ बदल चुकी हैं, ज़मीनी हकीकत बदल रही है, और जनता की आकांक्षाएँ नई ऊँचाइयों को छू रही हैं। उपराष्ट्रपति ने कहा, सिर्फ दो वर्षों में जम्मू-कश्मीर को 65,000 करोड़ रूपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जो क्षेत्र में आर्थिक विश्वास की मजबूती को दर्शाता है। 2019 के बाद पहली बार प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफ डीआई) जम्मू-कश्मीर में आया है, और कई अंतरराष्ट्रीय कंपनियाँ यहाँ निवेश को लेकर उत्सुक हैं। यह क्षेत्र अब आत्मविश्वास और पूँजी का संगम बन चुका है। धनखड़ ने कहा, 2019 में धारा 370 के ऐतिहासिक निरसन ने पीढ़ियों की आकांक्षाओं को पंख दिए। उपस्थित युवाओं को मैं यह बताना चाहता हूँ कि धारा 370 केवल एक अस्थायी प्रावधान था। भारतीय संविधान के निर्माता डॉ. बी.आर. अंबेडकर ने इसे लिखने से इनकार कर दिया था। सरदार पटेल, जिन्होंने अधिकांश रियासतों का भारतीय संघ में एकीकरण किया, वे भी जम्मू-कश्मीर के पूर्ण एकीकरण को नहीं कर सके। परंतु 2019 में, इस पवित्र भूमि पर एक नई यात्रा का शुभारंभ हुआ– अलगाव से एकीकरण की ओर।

### उच्च शिक्षा संस्थानों में एआई को एकीकृत करने के लिए कई पहल की जा रही

## हाशिए पर रहने वालों पर प्रौद्योगिकी के प्रभाव की चिंता करना जरूरी : मुर्मु

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि प्रौद्योगिकी प्रगति के साथ साथ समाज में व्यवधान भी पैदा करती है इसलिए हाशिए पर रहने वाले समूहों पर इसके प्रभाव के बारे में चिंता करना जरूरी है। राष्ट्रपति मुर्मु ने झारखंड के रांची में बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान मेसरा के प्लेटिनम जुबली समारोह में भाग लिया। राष्ट्रपति ने इस अवसर पर कहा कि यह प्रौद्योगिकी का युग है। सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नई प्रगति ने जीने के तरीके को बदल दिया है। कल तक जो अकल्पनीय था, वह आज वास्तविकता बन गया है। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्ष और भी अधिक नाटकीय होने जा रहे हैं, जिसमें विशेष रूप से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और मशीन लर्निंग में दूरगामी प्रगति की उम्मीद है। चूंकि एआई तेजी से अर्थव्यवस्थाओं को बदल रहा है, इसलिए सरकार उभरते परिदृश्य के अनुरूप कदम उठा रही है। उच्च शिक्षा संस्थानों में एआई को एकीकृत करने के लिए कई पहल की जा रही हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि चूंकि प्रौद्योगिकी समाज में बड़े व्यवधान पैदा करती है, इसलिए हमें हाशिए पर पड़े समूहों पर इसके प्रभाव के बारे में चिंतित रहना चाहिए। अच्छे अवसर सभी के लिए उपलब्ध होने चाहिए और बदलाव का लाभ सभी को मिलना चाहिए। राष्ट्रपति ने कहा कि अक्सर, हमारे आस-पास की समस्याओं के लिए किसी बड़े तकनीकी हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं होती है। उन्होंने युवाओं को छोटे पैमाने के पारंपरिक समाधानों के महत्व को न भूलने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि नवोन्मेषकों और उद्यमियों को पारंपरिक समुदायों के ज्ञान के आधार को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। राष्ट्रपति ने कहा कि प्लेटिनम जुबली, इंजीनियरिंग, प्रौद्योगिकी और संबद्ध क्षेत्रों में शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार में बीआईटी मेसरा के योगदान का सम्मान करने का यह एक उपयुक्त अवसर है। उन्होंने कहा कि यह खुशी की बात है कि यह संस्थान कई क्षेत्रों में अग्रणी रहा है। देश में पहला अंतरिक्ष इंजीनियरिंग और रॉकेटरी विभाग 1964 में यहीं स्थापित किया गया था। इंजीनियरिंग उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए सबसे पहले विज्ञान और प्रौद्योगिकी उद्यमिता पार्क की स्थापना भी 1975 में यहीं की गई थी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि बीआईटी मेसरा देश में विज्ञान और प्रौद्योगिकी के निरंतर विकास में समृद्ध योगदान देना जारी रखेगा।


## जयशंकर ने म्यूनिख में यूक्रेन और जर्मनी के विदेश मंत्रियों से मुलाकात की

पायनियर संवाददाता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में भाग लेने के लिए जर्मनी गए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने यूक्रेन के विदेश मंत्री एंड्री सिबिहा और जर्मनी के रक्षा मंत्री बोरिस पिस्टोरियस से मुलाकात की है। विदेश मंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन के मौके पर यूक्रेन के विदेश मंत्री से मिलकर अच्छा लगा। यूक्रेन संघर्ष के समाधान की दिशा में चल रहे प्रयासों पर चर्चा की। हमारे द्विपक्षीय सहयोग को और आगे बढ़ाने के बारे में भी बात की। यूक्रेनी विदेश मंत्री एंड्री सिबिहा ने भी एक पोस्ट में कहा, मैं हमारी सार्थक बैठक के लिए डा जयशंकर को धन्यवाद देता हूं। हम भारत के साथ संबंध विकसित करने और व्यापार, प्रौद्योगिकी, कृषि, सुरक्षा और अन्य क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने में रुचि रखते हैं। हम न्यायपूर्ण और स्थायी शांति के लिए भारत की मजबूत वैश्विक आवाज़ पर भी भरोसा करते हैं। जर्मनी के रक्षा मंत्री के साथ बैठक पर डा जयशंकर ने कहा, जर्मनी के रक्षा मंत्री बोरिस पिस्टोरियस से मिलकर खुशी हुई। हमारी बातचीत द्विपक्षीय सहयोग और यूक्रेन के विकास के इर्द-गिर्द रही। विदेश मंत्री ने म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में चर्चा में भी भाग लिया। उन्होंने कहा, म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में भाग लिया। इसका थीम आने वाले समय में भारत की सुरक्षा चुनौतियों का मूल्यांकन था।

## जनरल चौहान ने एयरो इंडिया में कई उच्च स्तरीय बैठकें कीं



**नयी दिल्ली।** प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान ने भारत की विभिन्न देशों के साथ रणनीतिक रक्षा साझेदारी बढ़ाने की इच्छा व्यक्त करते हुए एयरो इंडिया 2025 में कई उच्च स्तरीय बैठकें की हैं। जनरल चौहान ने मुख्य रूप से अमेरिका की पैसिफिक एयर फोर्स के कमांडर जनरल केविन बी श्नाइडर, ब्रिटेन के रक्षा मंत्री लॉर्ड वर्नोन कोकर , संयुक्त अरब अमीरात के लेफ्टिनेंट जनरल इब्राहिम नासिर अल अलावी , वियतनाम के मेजर जनरल डुओंग वान येन , फिजी के मेजर जनरल रो जोन कलौनीवाई लोगवातु, मलावी के जनरल पॉल वेलेन्टिनो फिरी, तंजानिया के लेफ्टिनेंट जनरल सलुम हाजी ओथमान और अल साल्वाडोर के वाइस एडमिरल एक्सॉन ओस्वाल्डो एसेनियो अल्बेनो के साथ बैठकें की। इन बैठकों में रक्षा क्षेत्र में सैन्य सहयोग, क्षमता निर्माण और रणनीतिक साझेदारी बढ़ाने पर चर्चा की गई।

## सीवीसी ने केजरीवाल के बंगले की जांच के दिए आदेश

एजेंसी < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जिस बंगले में रहते थे उसके जीर्णोद्धार में हुई कथित गड़बड़ी को लेकर केंद्रीय सतर्कता आयोग ने जांच के आदेश दिए हैं। केजरीवाल मुख्यमंत्री रहते हुए जिस आवास में रह रहे थे सीवीसी ने उसकी जांच के आदेश दिए हैं। यह आदेश केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्ल्यूडी) द्वारा प्रस्तुत एक रिपोर्ट के आधार पर दिया गया है। सीपीडब्ल्यूडी के इस रिपोर्ट में दिल्ली के सिविल लाइन्स में 6, फ्लैगस्टाफ रोड स्थित मुख्यमंत्री आवास के जीर्णोद्धार में अनियमितता का आरोप लगा है। उल्लेखनीय है कि इस बंगले को लेकर भाजपा ने पूरे चुनाव प्रचार के दौरान इसे 'शीश महल' का नाम देकर आम आदमी पार्टी और श्री केजरीवाल पर हमले किए थे। ग़ौरतलब है कि भाजपा के नेता विजेंद्र गुप्ता ने इस मामले में शिकायत देकर आरोप लगाया था कि दिल्ली सरकार के लोक निर्माण विभाग ने लगभग आठ एकड़ में बने बंगले का पुनर्निर्माण करते समय नियमों का उल्लंघन किया। उन्होंने दावा किया था कि इसके निर्माण में कई प्रकार की गड़बड़ी हुई है ।

# प्रधानमंत्री अमेरिका से ऐसा व्यापार लायें जिससे लोगों में खुशहाली हो : अखिलेश यादव

एजेंसी ◀ वाराणसी
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिका यात्रा पर तंज कसते हुये समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री ऐसा व्यापार लाएं जिससे हमारे लोगों में खुशहाली हो, न कि हम अपना बाजार अमेरिका को दे दें। यादव ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि पिछली बार प्रधानमंत्री अमेरिका हीरा लेकर गए थे, इस बार कम से कम सोने की चेन लेकर जाते। उन्होने कहा अमेरिका जाने में कोई बुराई नहीं है, लेकिन हम सब चाहते है कि भारत मजबूत हो। यदि हमारे देश के नौजवान कानून तोड़कर अमेरिका गए तो यह किसकी नाकामयाबी हैं। वे मजबूरी में देश छोड़कर घर परिवार से दूर विदेश जा रहे है क्योंकि वहां बेहतर अवसर मिलेगा। जीवन अच्छा रहेगा। उन्होने कहा पंजाब, गुजरात में विदेश भेजने के नाम पर दलाल पैसा वसूलते हैं। सबसे ज्यादा भारत से जाने वालों में गुजरात के लोगों की सूची होगी। भारत इतना मजबूत हो कि कोई देष हथकड़ी-बेड़ी लगाकर हमारे नागरिकों को न भेजे। अमृतकाल में अमृतसर में हथकड़ी-बेड़ी लगाकर उन्हें उतारना भारत को नीचा दिखाने की कोशिश है। हमारा यही निवेदन और अपील होगी सरकार से कोई भी हिन्दुस्तानी हथकड़ी-बेड़ियों से वापस न आएं। भाजपाई तमाम योजनाओं को सफल बता रहे है। मेक इन इंडिया, स्टार्ट अप, इंडिया डिजिटल इंडिया को सफल बता रहे हैं तो फिर लोग पलायन क्यों कर रहे हैं। भारत छोड़कर क्यों जा रहे है। यादव ने कहा कि दावा तो यह है कि भारत दुनिया की पांचवीं अर्थव्यवस्था से दूसरे-तीसरे नम्बर पर पहुंच जाएगा। केंद्र सरकार का अब तक का सबसे बड़ा बजट पेश हुआ है। नौकरी, रोजगार, किसान की आय और भारत का रोडमैप तैयार करने का दावा किया गया। लेकिन बजट आने के बाद जो मायूसी छाई है, जो आंकड़े सामने नज़र आए उससे न तो विकसित भारत बनने जा रहा है, नहीं इससे कोई अर्थव्यवस्था बढ़ने जा रही है। नौकरी रोजगार, और मैन्यूफैक्चरिंग के दावे असफल रहे है। उन्होने कहा कि जिस बजट ने न नौकरी दी हो, किसानों की आय दुगनी न की हो, जिससे व्यापार न बढ़ा हो, मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर को फायदा न हुआ हो, उस बजट ने सिर्फ मायूसी दी है और निराश किया है। इस सरकार ने जनता को धोखा दिया है। वक्फ बिल लाकर वे जनता का ध्यान महंगाई, बेरोजगारी से बांट रहे है। यह उनका पुराना तरीका है। यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने कहा कि विकसित भारत बनेगा, कहा वाराणसी को क्योटो बनाएंगे। भारत का इन्फ्रास्ट्रक्चर कैसा होना था। कुंभ में अगर 100 करोड़ लोगों के आने की उम्मीद से तैयारी होती तो लोगों को असुविधा नहीं होती। महाकुंभ में आकर लोग बड़े पैमाने पर परेशान हुए। लोगों की जानें गई है। भगदड़ में ही नहीं जो श्रद्धालु आए उनकी भी जाने गई हैं। सरकार नहीं बता पा रही है कि मौत के आंकड़े क्या है। सरकार वस्तुतः यह जानकारी छुपा रही है। कुंभ के आयोजन ने यह साबित कर दिया है कि जो विकसित भारत का रोडमैप है, वह आधा-अधूरा है। कुंभ में जो आते है पुण्य के लिए श्रद्धा से आते है। सदियों से यह चलता आया है। भाजपा सरकार ने कुंभ पर जितना पैसा खर्च किया है और बड़े-बड़े दावे किए हैं उससे तो यही लगता है कि कुंभ की पौराणिकता तथा महाराजा हर्षवर्धन का कुंभ के आयोजन में कोई योगदान ही नहीं था। उन्होने कहा कि अभी मिल्कीपुर उपचुनाव में भाजपा जीत तो गई परन्तु एक में आप गड़बड़कर सकते हो लेकिन 403 में भाजपा की चार सौ बीसी नहीं चलेगी। एक में लड़कर तो बेईमानी कर सकते हो। उपचुनाव में बीएलओ हटाए गए, कुछ खास जातियों के पुलिस वाले रखे गए, कुछ प्रिसाइडिंग अफसर बूथ में बैठकर टारगेट पूरा कर रहे थे। इस बेईमानी से लोकतंत्र कैसे बचेगा।

# रेड्डी ने की तेलंगाना में पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देने की अपील

एजेंसी ◀ हैदराबाद
www.dailypioneer.com



तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने इस बात पर बल दिया कि पर्यटन क्षेत्र राज्य के लिए न केवल राजस्व उत्पन्न करने वाला होना चाहिए बल्कि युवाओं -के लिए रोजगार के अवसर उत्पन्न करने वाला भी होना चाहिए। रेड्डी ने कहा कि हालांकि तेलंगाना में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं, लेकिन अतीत में प्रचार-प्रयासों और नवीन रणनीतियों की कमी के कारण इसके विकास में बाधा उत्पन्न हुई। उन्होंने अधिकारियों से समृद्ध पर्यटन उद्योग का मार्ग प्रशस्त करने के लिए राज्य के समृद्ध इतिहास को आधुनिक आकर्षणों के साथ मिश्रित करने का आग्रह किया। आईसीसीसी में पर्यटन विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री ने अर्ध-शहरी एवं ग्रामीण पर्यटन परियोजनाओं में निवेशकों को प्रोत्साहन की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने नागार्जुन सागर बांध में बोटहाउस शुरू करने और तेलंगाना को डेस्टिनेशन वेडिंग हब के रूप में बढ़ावा देने जैसी पहल का प्रस्ताव दिया। पर्यटकों को आकर्षित करने में मंदिरों और बाघ अभयारण्यों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने अधिकारियों को इन स्थलों को विकसित करने पर ध्यान केंद्रित करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को भद्राचलम, कालेश्वरम, रामप्पा, मल्लेला तीर्थम, बोगाथा झरना, बौद्ध स्तूपों और जैन मंदिरों जैसे प्रमुख पर्यटन स्थलों के लिए सुविधाएं एवं प्रचार बढ़ाने का भी निर्देश दिया। भुवनगिरी किला रोपवे परियोजना की समीक्षा करते हुए, मुख्यमंत्री ने भूमि अधिग्रहण के कारण देरी की बात की, जो अब पूरा हो गया है। उन्होंने आदेश दिया कि रोपवे के लिए तुरंत टेंडर जारी किए जाएं और किले की ऐतिहासिक संरचनाओं की सुरक्षा के लिए उपाय किए जाएं। तेलंगाना की नई पर्यटन नीति को अंतिम रूप देते समय, रेवंत रेड्डी ने अधिकारियों को निर्बाध कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए वन, आईटी, बिजली, टीजी आईआईसी, चिकित्सा और खेल सहित विभागों के साथ समन्वय करने का निर्देश दिया।

# हमें मंत्री पद नहीं , समाज को हिस्सेदारी चाहिये : संजय निषाद

एजेंसी ◀ इटावा
www.dailypioneer.com



निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के मत्स्य मंत्री डॉ.संजय निषाद ने कहा कि उनका मंत्री पद ले लो मगर समाज को हिस्सा दे दें। अपनी पार्टी की संवैधानिक अधिकार यात्रा निकालने आए डॉ.निषाद ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि शिक्षा, रोजगार जिनके पास नहीं है उनकी आवाज बनकर निषाद पार्टी आई है। धोखेबाज, आरक्षण छीनने वाले जयचंदों और विभीषणों से दूरी बनाओ, सोच बदलने और संविधान में मिले हक को बताने के लिए यह यात्रा निकाली गई है। प्रध्यानमंत्री मोदी और मुख्यम्रंत्री योगी की तारीफ करते हुये कहा कि वे भी मछुआरों की दशा को जानते हैं, पॉलिटिकल फिशर मेन की उपाधि हमे मिली है तो हमारी जिम्मेदारी बनती है कि सभी को जगाएं। हम चाहते हैं कि मंत्री पद ले लें हमारे समाज को हिस्सा दे दें। उन्होने कहा कि यह यात्रा समाज के वंचित और पिछड़े वर्गो को उनके संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए निकाली गई है। उन्होंने कहा शिक्षा और रोजगार से वंचित लोगों की आवाज बनने के लिए निषाद पार्टी आई है। हमारा लक्ष्य समाज को आरक्षण और अन्य संवैधानिक अधिकार दिलाना है। निषाद ने सपा और बसपा पर निशाना साधते हुए कहा, जो लोग सपा और बसपा छोड़कर भाजपा में आए हैं, वे विभीषण हैं। ऐसे लोगों से दूरी बनाए रखना जरूरी है। उन्होंने यह भी दावा किया कि उन्होंने आरक्षण विरोधियों के खिलाफ एक किताब भी लिखी है। महाकुंभ में भीड़ और अव्यवस्था को लेकर उन्होंने कहा कि सरकारें कोई भी रही हों, घटनाएं सभी में होती हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाओं पर राजनीति करने की बजाय, उनकी रोकथाम के लिए चर्चा होनी चाहिए। साथ ही, उन्होंने बताया कि सरकार ने इस मामले की जांच के आदेश दे दिए हैं और सभी दलों को रिपोर्ट का इंतजार करना चाहिए। सपा सांसद अफजाल अंसारी की विवादित टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए संजय निषाद ने कहा, किसी धर्म विशेष को दूसरे धर्म पर टिप्पणी करने का अधिकार नहीं है।

# अवैध शराब तस्करों ने इंजीनियरिंग छात्र समेत दो युवकों की हत्या की

**मयिलादुथुराई (तमिलनाडु)।** तमिलनाडु के मयिलादुथुराई जिले के पेरंबूर पुलिस सीमा के तहत एक वीभत्स घटना में रात मुत्तम गांव में अवैध अरक की बिक्री पर सवाल उठाने पर शराब तस्करों के एक गिरोह ने एक इंजीनियरिंग छात्र सहित दो युवकों की बेरहमी से हत्या कर दी। पुलिस ने कहा कि मृतकों की पहचान के हरीश (25) और इंजीनियरिंग तृतीय वर्ष के छात्र हरिशक्ति (22) के रूप में की गई है। आरोपी राज कुमार (30) उसके रिश्तेदार थंगादुरई (28), और मूवेन्डन (34) जो सभी आदतन शराब तस्कर है गाँव में अवैध अरक बेच रहे थे। इसी बात को लेकर इन शराब तस्करों और दो युवकों के बीच झगड़ा हो गया। झगड़ा उस शुरू हुआ जब दिनेश (24) और उसके दोस्त हरीश और हरिशक्ति ने उनसे अरक बेचने के बारे में पूछताछ की। गुस्साए शराब तस्करों ने दिनेश के साथ जमकर मारपीट की। जब हरीश और हरिशक्ति ने हमले का विरोध करने का प्रयास किया, तो इन तस्करों ने उन पर हिंसक हमला करते हुए चाकुओं से कई बार वार किया और मौके से भाग निकले। हरीश की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि हरिशक्ति ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया।

# सहारनपुर में यूपी बोर्ड परीक्षा की सभी तैयारियां पूरी

एजेंसी ◀ सहारनपुर
www.dailypioneer.com

उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले में यूपी बोर्ड की परीक्षा की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिला विद्यालय निरीक्षण रेखा ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले में अबकी बार 72573 छात्र पंजीकृत हैं। जिले में 19 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा कक्षों में परीक्षार्थियों पर नजर रखने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इस बार बोर्ड की परीक्षाएं 24 फरवरी से शुरू हो रही हैं। खास बात यह है कि जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में एक कक्ष बनाया गया है जहां से सभी परीक्षा केंद्रों पर नजर रखी जाएगी और नियंत्रण कक्ष में लगाए गए 15 स्क्रीनों पर परीक्षा का सजीव रूप से दिखेगी। यदि कहीं भी कोई अनियमितता पाई जाती है तो उसको तभी रोकने का काम किया जाएगा। इस तरह से शिक्षा विभाग और प्रशासन का यह प्रयास है कि पूरी परीक्षा नकल विहीन रहे। जिले में जो 90 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं उन्हें 13 सेक्टर और 5 जोन में बांटा गया है और परीक्षा को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए मंडल स्तर पर 3 सचल दल और जिला स्तर पर 6 सचल दल बनाए गए हैं। परीक्षा केंद्रों की निरीक्षण की जिम्मेदारी संयुक्त शिक्षा निदेशक, उप शिक्षा निदेशक, सहायक शिक्षा निदेशक और जिला स्तर पर जिला विद्यालय निरीक्षक और बेसिक शिक्षा अधिकारी छह सचल दलों की निगरानी करेंगे।

# प्रशासनिक अधिकारी रिश्वत लेते गिरफ्तार

**जयपुर।** राजस्थान में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय (प्रारंभिक शिक्षा) भरतपुर में प्रशासनिक अधिकारी को सात हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। ब्यूरो के पुलिस महानिदेशक डॉ रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि ब्यूरो की



धौलपुर इकाई को परिवादी ने शिकायत की कि उसके निजी विद्यालय को शाला दर्पण पोर्टल पर अद्यतन करने की एवज में जिला शिक्षाधिकारी कार्यालय, भरतपुर में प्रशासनिक अधिकारी सुनील कुमार गोयल 10 हजार रुपये की रिश्वत मांग कर परेशान कर रहा है। उन्होंने बताया कि इस पर ब्यूरो की धौलपुर इकाई में पुलिस उप अधीक्षक सुरेन्द्र सिंह के नेतृत्व में गठित ब्यूरो के दल ने सत्यापन के बाद जाल बिछाकर सुनील कुमार को परिवादी से सात हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार कर लिया।

# नेपाल से प्रयागराज जा रही तीर्थ यात्रियों से भरी बस गाजीपुर में पलटी, एक यात्री की मौत



**गाजीपुर।** उत्तर प्रदेश में गाजीपुर जनपद में नेपाल से प्रयागराज जा रही तीर्थ यात्रियों से भरी एक बस पलटने की खबर प्राप्त हुई। इस दुर्घटना में एक यात्री की मौत हो गई, शेष 12 लोग घायल हैं। पुलिस अधीक्षक ई राज राजा ने बताया कि नेपाल से 40 सीटर बस में श्रद्धालु सवार होकर महाकुंभ स्नान के लिए प्रयागराज जा रहे थे। बस गाजीपुर जनपद के शहर कोतवाली थाना अंतर्गत मिरनापुर महाराजगंज के पास अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में एक व्यक्ति की मृत्यु भी हो गई है और 12 लोग घायल हो गए हैं,जिनमें से दो की हालत गंभीर बनी हुई है। सभी लोगों का इलाज कराया जा रहा है।

# एटीएम धोखाधड़ी में शामिल रैकेट का भंडाफोड़ किया, दो गिरफ्तार

**जालंधर।** पंजाब में जालंधर कमिश्नरेट पुलिस ने एटीएम धोखाधड़ी और धोखाधड़ी से निकासी में शामिल दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस आयुक्त स्वपन शर्मा ने कहा कि पांच फरवरी, 2025 को सेवानिवृत्त सीआरपीएफ सब-इंस्पेक्टर अविनाश कुमार की शिकायत के आधार पर एफआईआर दर्ज की गयी थी। उन्होंने बताया कि तीन जनवरी, 2025 को शाम 6:15 बजे, तीन व्यक्तियों ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के एटीएम, गुलाब देवी रोड, विंडसर पार्क, जालंधर में उनका एटीएम कार्ड बदलकर उनके बैंक खाते से 17,000 रुपये निकाल लिये। शर्मा ने कहा कि त्वरित जांच के बाद, पुलिस ने बिहार निवासी कमलय आलम और शिवम कुमार को गिरफ्तार किया, जो वर्तमान में जालंधर में रह रहे हैं। संदिग्धों के पास विभिन्न बैंकों के नौ एटीएम कार्ड और उनके अपराधों में इस्तेमाल की गयी एक सफेद रंग की अपाचे मोटरसाइकिल पायी गयी। एक अतिरिक्त संदिग्ध फरार है, और उसे ढूंढने के प्रयास जारी हैं। जांच के दौरान आरोपियों के खिलाफ विभिन्न मामलों में शामिल होने का पता चला है। पुलिस आयुक्त ने बताया कि आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया तथा आगे की पूछताछ के लिये पुलिस हिरासत में भेज दिया गया।

# राष्ट्रीय खेल :उत्तराखंड के पदक विजेताओं को मिलेगा महाभोज,मंत्री ने दिए निर्देश

एजेंसी ◀ देहरादून
www.dailypioneer.com

उत्तराखंड के सात जिलों और 12 शहरों में अलग–अलग इवेंट्स में चैंपियन बने उत्तराखंड के 103 सितारे जल्द ही एक महा भोज में एकजुट होंगे। खेल मंत्री रेखा आर्या के निर्देश पर खेल विभाग यह आयोजन करने जा रहा है। इसके अलावा, अधिकारियों को पदक विजेताओं के लिए मिलने वाली नगद धनराशि व अन्य सरकारी घोषणाओं को भी जल्द से जल्द अमली जामा पहनाने के निर्देश दिए गए हैं। आर्या ने बताया कि राष्ट्रीय खेलों का आयोजन विकेंद्रित रूप में कुल 12 स्थान पर किया गया था। इन खेलों में औपचारिक रूप से कोई खेल गांव नहीं बनाया गया था। यही वजह है कि अलग–अलग इवेंट में चैंपियन बने युवा अभी आपस में भी एक दूजे से परिचित नहीं हुए हैं।

उन्होंने बताया कि जल्द ही सभी पदक विजेताओं के सम्मान में एक विशेष भोज खेल विभाग द्वारा आयोजित किया जाएगा। जिसमें विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित भी किया जाएगा। आर्या ने कहा कि सरकार ने पदक विजेताओं के लिए जो भी घोषणाएं की थी, उनके क्रियान्वयन में बिल्कुल देरी नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि बताया कि पूर्व में उनके द्वारा अधिकारियों को निर्देशित किया है कि खिलाड़ियों को मिलने वाली नगद इनाम राशि और गोल्ड मेडल विजेताओं को आउट ऑफ़टर्न सरकारी नौकरी देने की जो घोषणा की थी, उन पर अमल करने की प्रक्रिया जल्द से जल्द पूरी कर ली जाए।

# मेघालय गलत सूचना फैलाने के आरोप में एक व्यक्ति को हिरासत में लिया

**शिलांग।** मेघालय पुलिस ने कैबिनेट मंत्री मार्कुइस मराक के बारे में गलत सूचना फैलाने वाले एक सोशल मीडिया उपयोगकर्ता को हिरासत में लिया। उसने यह गलत सूचना फैलाई थी कि कैबिनेट मंत्री मार्कुइस मराक की उग्रवादी संगठन गारो नेशनल लिबरेशन आर्मी (जीएनएलए) ने हत्या कर दी है। पुलिस ने व्यक्ति को पश्चिम गारो हिल्स जिले के तुरा से हिरासत में लिया है। उसे विलियमनगर (ईस्ट गारो हिल्स का जिला मुख्यालय) लाया गया है जब मंत्री ने फेसबुक पर एक सोशल मीडिया पेज 'द गारो हिल्स टाइम्स' के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करवाई। मंत्री ने शिकायत में कहा, ''इस तरह की झूठी खबरें घबराहट पैदा कर सकती हैं, अशांति भड़का सकती हैं और सार्वजनिक व्यवस्था एवं सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बन सकती हैं।' पूर्वी गारो हिल्स के जिला पुलिस प्रमुख स्टीफ न रिन्जा ने कहा, ''हमने उसे गिरफ्तार नहीं किया है बल्कि इस मामले में पूछताछ कर रहे हैं।

# उच्च शिक्षा के मामले में पिछड़ा हरियाणा : हुड्डा

एजेंसी ◀ चंडीगढ़
www.dailypioneer.com



पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने आरोप लगाया कि उच्च शिक्षा के मामले में हरियाणा काफी पिछड़ गया है। उन्होंने यहां जारी बयान में नीति आयोग की रिपोर्ट के हवाले से कहा कि उच्च शिक्षा के मामले में हरियाणा अन्य राज्यों से कहीं ज्यादा पीछे है, यहां तक कि अपने निकटतम पड़ोसी राज्यों से भी पिछड़ गया है। हुड्डा ने कहा कि रिपोर्ट के लिये शिक्षा के लिये वित्त पोषण, रैंकिंग और गुणवत्ता को आधार बनाया गया है। नीति आयोग की रिपोर्ट में पता चलता है कि विश्वविद्यालय रैंकिंग के मामले में भी हरियाणा के अन्य राज्यों की तुलना में खराब प्रदर्शन कर रहा है। कांग्रेस नेता ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सरकार पड़ोसी राज्यों की तुलना में शिक्षा क्षेत्र के लिये कम बजटीय आवंटन कर रही है। यहां तक कि दो साल पहले हरियाणा सरकार ने राज्य के सार्वजनिक विश्वविद्यालयों को अनुदान सहायता के स्थान पर ऋण देने का प्रस्ताव रखा था। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार के शिक्षा के प्रति उदासीन रवैये के कारण उच्च शिक्षा में ड्रॉपआउट रेट लगातार बढ़ रहा है और कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के कोर्स में बड़ी संख्या में सीटें खाली रह रही हैं। हुड्डा ने कहा कि नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार हरियाणा में पड़ोसी राज्यों की तुलना में उच्च शिक्षा का घनत्व भी कम है, लेकिन उच्च शिक्षा की गुणवत्ता बड़ी संख्या में नियमित शिक्षकों की कमी भी चिंता का विषय बनी हुई है। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों ही खबर आई थी कि सिरसा के कालांवली के स्कूल में 96 छात्राओं के लिये सिर्फ एक गेस्ट टीचर की नियुक्ति की गयी है। उसी टीचर पर सभी क्लास की छात्राओं को पढ़ाने, स्कूल का रिकॉर्ड मेंटेन करने, बैठक में जाने और मिड डे मील तक की जिम्मेदारी है। यह खबर बताती है कि भाजपा सरकार ने प्रदेश के शिक्षा तंत्र की क्या हालत बना दी है, क्योंकि सिर्फ कालांवली में ही नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश के सरकारी स्कूलों का यही हाल है। हुड्डा ने कहा कि प्रदेश के 28 प्राइमरी स्कूल ऐसे हैं, जहां एक भी विद्यार्थी नहीं है। 262 ऐसे स्कूल हैं, जहां सिर्फ एक से लेकर 10 तक ही विद्यार्थी हैं। 520 ऐसे स्कूल हैं, जहां 11 से लेकर 20 तक ही विद्यार्थी हैं। आठ मिडिल स्कूल ऐसे हैं, जहां विद्यार्थियों की संख्या शून्य है। बारह स्कूल ऐसे हैं, जहां विद्यार्थियों की संख्या एक से 10 है और 73 ऐसे हैं।

# कांग्रेस, माकपा ने मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगाने के लिए केंद्र की आलोचना की

एजेंसी ◀ इंफाल
www.dailypioneer.com



मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगाने के लिए कांग्रेस और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने केंद्र सरकार की कड़ी आलोचना की। विधानसभा में कांग्रेस के नेता और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री ओकराम इबोबी सिंह ने कहा कि लोकतांत्रिक देश में किसी ने भी मई 2023 से मणिपुर में चल रहे संकट को पहले कभी नहीं देखा। इबोबी ने मीडियाकर्मियों से कहा कि मणिपुर के लोग और कांग्रेस राष्ट्रपति शासन नहीं चाहते हैं। उन्होंने केंद्र सरकार की ओर से इसे 'गलत कदम' करार दिया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति शासन के तहत प्रदेश के लोगों को और अधिक परेशानी होगी। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई सरकार के साथ केंद्र जिस तरह से पेश आ रहा है, वह 'निंदनीय' है। मणिपुर में कोई भी सरकार चाहे वह भाजपा की हो या कांग्रेस की लोगों का जनादेश मिलने के बाद ही सत्ता संभालती है। अगर केंद्र लोगों के जनादेश का सम्मान नहीं करता है और इस तरह की कार्रवाई करता है तो यह स्वीकार्य नहीं है। इबोबी ने सवाल किया कि केंद्र सरकार ने मुख्यमंत्री से सभी संवैधानिक शक्तियां क्यों छीन लीं। अगर राज्य में कांग्रेस की सरकार के समय ऐसी चीजें होतीं तो स्थिति अलग होती। उन्होंने कहा कि कानून और व्यवस्था राज्य का विषय है और राज्य सरकार को राज्य बलों का उपयोग करके स्थिति को नियंत्रित करना चाहिए। मणिपुर राज्य समिति के माकपा सचिव क्षेत्रीमयुम सांता ने कहा कि प्रदेश में राष्ट्रपति शासन लागू करना भाजपा की 'डबल इंजन सरकार' के 'पूर्ण दिवालियापन' को रेखांकित करता है जिसके शासन में राज्य दो साल से हिंसक उथल-पुथल में है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति शासन मणिपुर के हित में नहीं बल्कि सत्तारूढ़ गठबंधन खासकर भाजपा के भीतर आंतरिक संघर्षों को सुलझाने के लिए समय खरीदने के लिए लगाया गया है। माकपा नेता ने मुख्यमंत्री को भाजपा-आरएसएस द्वारा समर्थित 'मुख्य अपराधी' बताते हुए कहा कि एन बीरेन को इस्तीफा देने के लिए मजबूर होना पड़ा क्योंकि उनकी पक्षपातपूर्ण भूमिका की जांच एक अदालत द्वारा की जा रही थी जहां उनकी सांप्रदायिक पक्षपातपूर्ण भूमिका के सबूत पेश किए गए थे जिसके कारण उनके पास पद छोड़ने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा था। उन्होंने कहा कि इन घटनाक्रमों के दौरान सत्तारूढ़ पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व और केंद्र सरकार ने मणिपुर के लोगों को दी गई गहरी पीड़ा को कम करने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने से इनकार कर दिया जिसका प्रतीक प्रधानमंत्री का इस संकटग्रस्त राज्य का दौरा करने से 'निष्ठुर इनकार' है। सांता ने कहा कि यह सत्तारूढ़ पार्टी और उसके नेतृत्व वाली राज्य और केंद्र सरकार के सांप्रदायिक दृष्टिकोण को उजागर करता है जो अपने स्वयं के राजनीतिक हितों को राज्य और उसके लोगों से ऊपर रखता है।

# भारत–नेपाल सीमा पर दो चरस तस्कर गिरफ्तार

एजेंसी ◀ बहराइच
www.dailypioneer.com



उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले में भारत-नेपाल की सीमा रुपईडीहा में पुलिस ने दो तस्करों को गिरफ्तार किया, जिनके पास से चरस बरामद हुई। पुलिस ने दोनों तस्करों के पास से 04 किलो 50 ग्राम चरस जब्त की, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 20 लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह के निर्देशन में रूपईडीहा थाने की पुलिस भारत-नेपाल सीमा पर आने-जाने वाले लोगों की जांच कर रही थी। रूपईडीहा के प्रभारी निरीक्षक दद्दन सिंह ने बताया कि उप निरीक्षक यतींद्र सिंह, हेड कांस्टेबल देवेंद्र यादव, अभिषेक धर द्विवेदी, आलोक शुक्ला के साथ वह रूपईडीहा नगर पंचायत के रेलवे स्टेशन और आईसीपी मार्ग पर गश्त कर रहे थे। गश्त के दौरान आज सुबह 04 बजे उन्हें दो संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिए। तलाशी लेने पर उनके पास से 04 किलो 50 ग्राम चरस बरामद हुई, जिसके बाद दोनों को थाने लाया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि चरस को जब्त कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि बहराइच के कोतवाली देहात अंतर्गत शाहपुर जोत हठीला निवासी मोहम्मद हनीफ पुत्र महमूद हसन और रूपईडीहा थाना क्षेत्र के करीम गांव निवासी हवलदार खान पुत्र अमीन खान के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया कि बरामद चरस की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 20 लाख रुपये है।

# पुजारीकांकेर में स्थापित किया नवीन सुरक्षा एवं जन सुविधा कैम्प

पायनियर संवाददाता ‹ बीजापुर
www.dailypioneer.com




जिला बीजापुर के अंदरूनी क्षेत्रों में नक्सल उन्मूलन एवं विकास कार्यो को गति प्रदान करने के उद्देश्य से सुन्दरराज पी. पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज, जगदलपुर (छ.ग.), राकेश अग्रवाल पुलिस महानिरीक्षक केरिपु छत्तीसगढ़ सेक्टर रायपुर, कमलोचन कश्यप पुलिस उप महानिरीक्षक, रेंज दंतेवाड़ा, देवेन्द्र सिंह नेगी पुलिस उप महानिरीक्षक (परि.) सीआरपीएफ रेंज बीजापुर के मार्ग-दर्शन एवं डॉ. जितेन्द्र कुमार यादव पुलिस अधीक्षक बीजापुर, कुमार मनीष कमांडेंट 196 वी बटालियन केरिपु, चन्दम बॉबी सिंह कमांडेंट 229वी बटालियन केरिपु, नरेश पवार कमांडेंट कोबरा 205, अशोक कुमार कमांडेंट कोबरा 210 के निर्देशन में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित नियद नेल्ला नार योजना के तहत थाना उसूर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम पुजारीकांकेर में दिनांक 13 फरवरी 2025 को नवीन सुरक्षा एवं जनसुविधा कैम्प स्थापित किया गया। नवीन सुरक्षा एवं जनसुविधा कैम्प स्थापित करने का उद्देश्य क्षेत्र में माओवादियों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करना और आम लोगो तक विकासात्मक कार्यो और मूलभूत सुविधाओं का लाभ पहुंचाना है। नक्सली गतिविधियों को नियंत्रित करने के लिए नवीन सुरक्षा कैम्पों की स्थापना की जा रही है। क्षेत्र में नक्सल गतिविधियो व चुनौती से निपटने के लिए शासन के मंशानुसार क्षेत्र में लगातार सघन नक्सल विरोधी अभियान संचालित किया जा रहा है, साथ ही सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने लिए नये सुरक्षा कैम्पों की स्थापना, सुरक्षा बलो की तैनाती और स्थानीय आबादी के साथ संवाद में सुधार शामिल किया गया है। इन प्रयासो का उद्देश्य प्रतिबंधित संगठन की गतिविधियों को रोकना और स्थानीय आबादी की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। इस नवीन सुरक्षा कैम्प की स्थापना के साथ सुरक्षा बलों को नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में अपनी पहुंच और निगरानी, स्थानीय लोगों को नक्सल हिंसा से निजात दिलाने में मदद मिलेगी। यह कदम नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई को मजबूत करने के लिए कारगर रहेगा। नवीन कैम्प स्थापित होने से क्षेत्र के ग्रामीणों में काफी उत्साह एवं सुरक्षा का माहौल बना हुआ है। पुजारीकांकेर में नवीन सुरक्षा कैम्प स्थापित होने से आसपास क्षेत्र में सड़क, पुल-पुलिया, शिक्षा, चिकित्सा, मोबाईल नेटवर्क कनेक्टिविटी एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का तेजी से विस्तार होगा एवं शासन के मंशानुरूप नक्सल उन्मूलन अभियान के साथ-साथ विकास कार्यो में तेजी आयेगी। ग्राम पुजारीकांकेर में नवीन कैम्प स्थापित होने से सरकार की ''नियद नेल्ला नार'' योजना के अन्तर्गत केन्द्र एवं राज्य सरकार की सभी योजनाओं को प्राथमिकता से आस-पास के पांच गांव तक पहुंचाया जाएगा एवं क्षेत्र में जन समस्या निवारण शिविर आयोजित कर ग्रामीणों की समस्याओं का यथासंभव निराकरण किया जायेगा। क्षेत्र के ग्रामीणों में नक्सली भय से आजादी की आशा जगी है। 15 अगस्त 2024 के बाद से अब तक दक्षिण बस्तर क्षेत्र में 07 एवं पश्चिम बस्तर क्षेत्र में 01 कुल 08 नवीन सुरक्षा कैम्प की स्थापना माओवादियों के कोर एरिया में किया गया है। कमलोचन कश्यप पुलिस उप महानिरीक्षक रेंज दंतेवाड़ा, देवेन्द्र सिंह नेगी, उप पुलिस महानिरीक्षक (परि.) सीआरपीएफ रेंज बीजापुर के मार्ग-दर्शन एवं डॉ. जितेन्द्र कुमार यादव, पुलिस अधीक्षक बीजापुर, कुमार मनीष कमांडेंट 196 वी बटालियन केरिपु, चन्दम बॉबी सिंह कमांडेंट 229वी बटालियन केरिपु, नरेश पवार कमांडेंट कोबरा 205, अशोक कुमार कमांडेंट कोबरा 210, अति. पुलिस अधीक्षक बीजापुर मयंक गुर्जर, अति. पुलिस अधीक्षक ऑप्स बासागुड़ा संजय ध्रुव, डिप्टी कमांडेंट कुलदीप सिंह केरिपु रेंज ऑफिस बीजापुर, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस आवापल्ली तिलेश्वर कुमार यादव, उप पुलिस अधीक्षक डीआरजी विनीत साहू के साथ जिला बल, एसटीएफ एवं केरिपु बल अधिकारीगण द्वारा मौके पर उपस्थित रहकर नवीन सुरक्षा कैम्प खोला गया है। नवीन सुरक्षा कैम्प स्थापना में जिला बीजापुर डीआरजी, बस्तर फॉईटर, एसटीएफ, कोबरा 205, 210 एवं केरिपु 196, 229 वीं. वाहिनी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

# गुण्डाधुर महाविद्यालय में आयोजित हुआ राष्ट्रीय सेवा योजना बी प्रमाण पत्र परीक्षा





पायनियर संवाददाता ‹ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शासकीय गुण्डाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोंडागांव द्वारा प्राचार्य डॉ. सी आर पटेल, जिला संगठक शशिभूषण कन्नौजे, कार्यक्रम अधिकारी समलेश पोटाई एवं रासेयो विशेष सलाहकार हनी चोपड़ा के मार्गदर्शन में 15 फरवरी को महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के बी प्रमाण पत्र परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा में 20 स्वयंसेवक शामिल हुए। जिसमें बाह्य परीक्षक के रूप में जिला संगठन शशिभूषण कन्नौजे का आगमन हुआ। उनके द्वारा स्वयंसेवकों से रासेयो से संबंधित विभिन्न प्रश्न पूछा गया। साथ ही साथ विभिन्न जानकारियां भी दी गईं।

**वार्षिक परीक्षा के लिए दिया मार्गदर्शन** - जिला संगठन एवं कार्यक्रम अधिकारी ने स्वयंसेवकों को अग्रिम वार्षिक परीक्षा के लिए मार्गदर्शित किया गया। परीक्षा को सफल बनाने में वरिष्ठ स्वयंसेवक मनेश यादव, सूर्यप्रकाश, मनीषा, बरखा एवं अंजू पटेल का विशेष योगदान रहा।

# वार्षिक बोर्ड परीक्षा की तैयारी हेतु बैठक आयोजित

पायनियर संवाददाता ‹ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी भारती प्रधान की अध्यक्षता में स्वामी आत्मानंद विद्यालय, फरसगांव में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में वार्षिक बोर्ड परीक्षा 2023-24 के परिणामों की समीक्षा की गई, साथ ही प्री-बोर्ड परीक्षा 2024-25 के नतीजों का विश्लेषण कर आगे की रणनीति तय की गई। बैठक में सभी प्राचार्यों एवं संकुल समन्वयकों को आगामी दसवीं एवं बारहवीं की बोर्ड परीक्षा के साथ-साथ पांचवी एवं आठवीं बोर्ड परीक्षा में बेहतर परिणाम लाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने विद्यार्थियों की शैक्षिक प्रगति को मजबूत करने एवं परीक्षा की तैयारियों को प्रभावी बनाने के लिए विशेष रणनीति अपनाने पर जोर दिया। इस समीक्षा बैठक में परीक्षा प्रभारी अशोक कुमार साहू, विकासखंड फरसगांव के सहायक खंड शिक्षा अधिकारी हंसराज सिन्हा, खंड स्रोत समन्वयक अशोक मरकाम तथा विकासखंड के समस्त प्राचार्य एवं संकुल समन्वयक उपस्थित रहे। बैठक के दौरान परीक्षा की सुचारू रूप से तैयारी सुनिश्चित करने और छात्रों के प्रदर्शन को सुधारने के लिए व्यापक चर्चा की गई। जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी शिक्षकों एवं प्राचार्यों से अपील की कि वे छात्रों को बेहतर मार्गदर्शन प्रदान करें, ताकि जिले का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहे और छात्र भविष्य में सफलता हासिल कर सकें।

## त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के मद्देनजर 15 से 17 फरवरी तक शुष्क दिवस घोषित

**कोंडागांव।** त्रिस्तरीय पंचायत आम व उप निर्वाचन 2025 के तहत मतदान व मतगणना के मद्देनजर कोंडागांव जिले में 15 फरवरी को दोपहर 3 बजे से 17 फरवरी को मतगणना समाप्ति तक शुष्क दिवस घोषित किया गया है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी कुणाल दुदावत ने छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24(1) के तहत यह आदेश जारी किया है। आदेश के अनुसार, इस अवधि के दौरान एफ. एल. 7 सैनिक कैंटीन फुटकर अनुज्ञप्ति पूर्णतः बंद रहेगी। इसके साथ ही अवैध शराब की बिक्री, भंडारण और परिवहन पर भी कड़ी निगरानी रखी जाएगी।

# कब बुलबुल टीम मुरारीपारा व देवखरगांव ने मनाया पुलवामा शहीद दिवस और मातृ-पितृ दिवस








पायनियर संवाददाता ‹ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ कोंडागांव से संबंध शासकीय प्राथमिक शाला मुरारी पारा बड़ेबेंदरी में एडवांस कब मास्टर पवन कुमार साहू, शिक्षिका संतोषी पटेल एवं शासकीय प्राथमिक शाला देवखरगांव की शिक्षिका राधिका दीवान और सीमा मौर्य के नेतृत्व में 14 फरवरी को पुलवामा शहीद दिवस एवं मातृदृ पितृ दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पुलवामा हमले में शहीद नौजवानों की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। तत्पश्चात शासकीय प्राथमिक शाला मुरारीपारा एवं शासकीय प्राथमिक शाला देवखरगांव में कब बुलबुल टीम के छात्र छात्राओं द्वारा मातृ पितृ दिवस के पावन अवसर पर अपने-अपने माता एवं पिता को उच्च आसन पर बैठा कर कुमकुम, तिलक एवं अक्षत लगाकर, सर पर पुष्प अर्पित कर आरती उतारी व अपने-अपने माता-पिता का सात परिक्रमा लेकर जीवन भर माता-पिता की सेवा करने का संकल्प लिया।

# परीक्षा के तनाव को दूर करने ऑनलाइन कार्यशाला

पायनियर संवाददाता ‹ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com






जिला प्रशासन कोंडागांव और युवोदय कोण्डा नार चौंप्स के संयुक्त तत्वाधान में बोर्ड परीक्षार्थियों के लिए विशेष ऑनलाइन कार्यशाला हम होंगे कामयाब का आयोजन शुक्रवार को किया गया। जिसमें जिले के 164 उच्च एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के कक्षा 10वीं व 12वीं के विद्यार्थी शामिल हुए थे, जहाँ वक्ताओं के द्वारा विद्यार्थियों को परीक्षा के दौरान तनाव और डर को दूर करने के प्रभावी उपाय बताए गए। वक्ताओं ने छात्रों को परीक्षा के दौरान आत्मविश्वास बनाए रखने, अध्ययन की प्रभावी पद्धतियों को अपनाने और मानसिक शांति व एकाग्रता से पढ़ाई करने के महत्व पर जोर दिया।

**बोर्ड परीक्षा में तनाव न लें, मानसिक स्वास्थ्य रखें प्राथमिकता** - कार्यशाला में बताया गया कि परीक्षा में असफलता को जीवन की असफलता न समझें। परीक्षा में सफलता-जीवन में सफलता जैसी अवधारणाओं को त्यागकर, बिना दबाव के पढ़ाई करते हुए मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने की सलाह दी गई। साथ ही, छात्रों को तनाव महसूस होने पर मदद के लिए हेल्पलाइन नंबर का उपयोग करने की जानकारी दी गई। कार्यशाला में शामिल सभी वक्ताओं ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें आगामी परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएं दीं और बेहतर तैयारी के साथ सफलता प्राप्त करने की प्रेरणा दी।

## सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यमों के व्यापार विस्तार के लिए बीटूबी पोर्टल

**कोंडागांव।** केंद्र सरकार के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड द्वारा सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों के व्यापार विस्तार को बढ़ावा देने के लिए बीटूबी पोर्टल विकसित किया गया है। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक से प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह पोर्टल उद्यमियों को अपने उत्पादों और सेवाओं को राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शित करने और बिक्री बढ़ाने का अवसर प्रदान करता है। पोर्टल पर पंजीकृत इकाइयों को कीवर्ड आधारित असीमित निविदा अलर्ट, वैश्विक अनुबंध निविदाएं, सरकारी योजनाओं से संबंधित लिंक, कच्चे माल एवं खरीद-बिक्री की जानकारी जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती है। इस पोर्टल के माध्यम से जिले के शिल्पकारों और अन्य विनिर्माण इकाइयों को अपने उत्पादों के लिए नया बाजार मिलेगा और विस्तार करने में भी सहायता मिलेगी।

# किसानों ने नेचुरल ग्रीनहाउस और जैविक खेती को अपनाने का लिया संकल्प

पायनियर संवाददाता ‹ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



जिला प्रशासन कोंडागांव के कृषि विभाग के मार्गदर्शन में 15 से अधिक गांवों के 50 से अधिक शिक्षित और प्रगतिशील किसानों का दल 'मां दंतेश्वरी हर्बल फार्म एवं रिसर्च सेंटर' का भ्रमण करने पहुंचा। इस दौरान किसानों ने जैविक खेती की अत्याधुनिक तकनीकों, प्राकृतिक संसाधनों के कुशल उपयोग और कम लागत में अधिक उत्पादन देने वाले नवाचारों को करीब से समझा। पेड़ों पर लहलहाती काली मिर्च और स्टीविया की मिठास ने चौंकाया किसानों ने ऑस्ट्रेलियाई टीक, साल, महुआ, आम, इमली और नारियल के पेड़ों पर उगाई गई काली मिर्च की खेती का निरीक्षण किया। उन्होंने इस पद्धति को देखकर यह महसूस किया कि पारंपरिक खेती से कहीं अधिक उत्पादकता और लाभ जैविक व मिश्रित खेती में है। खेतों के बीच में उगाई गई हल्दी की फसल और औषधीय पौधों में शामिल स्टीविया ने किसानों को सबसे अधिक चौंकाया। जब उन्होंने इसकी पत्तियों का स्वाद चखा, तो वे यह जानकर हैरान रह गए कि, यह चीनी से 25 गुना अधिक मीठी होने के बावजूद शुगर फ्री है और मधुमेह रोगियों के लिए वरदान साबित हो सकती है। नेचुरल ग्रीनहाउसरू पॉलीहाउस का सस्ता और टिकाऊ विकल्प रू डॉ. राजाराम त्रिपाठी ने किसानों को खेती में बढ़ती लागत, जलवायु परिवर्तन, जहरीले केमिकल और जीएम बीजों से होने वाले खतरों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि, आने वाला समय जहर मुक्त जैविक खेती का है, और यही खेती किसानों के आर्थिक व पर्यावरणीय स्थायित्व का आधार बनेगी। उन्होंने अपने नवाचार 'नेचुरल ग्रीनहाउस' के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि, यह पारंपरिक पॉलीहाउस से 20 गुना सस्ता और अधिक टिकाऊ है। इसकी लागत मात्र दो लाख प्रति एकड़ हैं, जबकि पॉलीहाउस में यह खर्च 40 लाख प्रति एकड़ तक होता है। इस मॉडल से किसानों को न सिर्फ अधिक उत्पादन मिलेगा, बल्कि जलवायु परिवर्तन के प्रभाव से भी उनकी फसलें सुरक्षित रहेंगी। किसानों ने अपनाई जैविक खेती की राह इस कार्यक्रम में निदेशक अनुराग त्रिपाठी, मिशन ब्लैक गोल्ड लीडर जसमती नेताम, मिशन लीडर बलई चक्रवर्ती और मिशन लीडर शंकर नाग ने भी भाग लिया। भ्रमण के दौरान किसानों ने मौके पर खड़े होकर जैविक खेती की आर्थिक संभावनाओं का आकलन किया और यह निश्चय किया कि वे अपने-अपने गांवों में जाकर इसी वर्ष बरसात से जैविक खेती की शुरुआत करेंगे।

**नगर पंचायत फरसगांव से प्रशांत पात्र व केशकाल से बिहारीलाल शोरी अध्यक्ष पद हेतु निर्वाचित**

# कोंडागांव नगर पालिका के अध्यक्ष पद हेतु नरपति पटेल हुए विजयी

पायनियर संवाददाता ‹ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



नगरीय निकाय आम निर्वाचन-2025 अंतर्गत जिले के नगर पालिका परिषद कोंडागांव, नगर पंचायत फरसगांव और केशकाल के अध्यक्ष पद और पार्षद पद के लिए मतों की गणना की गई। सुबह बजे से कोंडागांव नगर पालिका परिषद के लिए शासकीय पॉलिटेक्निक, कोंडागांव में नगर पंचायत फरसगांव के लिए शासकीय चौतू गायता (आलोर) महाविद्यालय, फरसगांव में व नगर पंचायत केशकाल के लिए शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय केशकाल में मतगणना प्रारंभ हुई। मतों की गणना के पश्चात नगर पालिका परिषद कोंडागांव के अध्यक्ष पद के लिए रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा जारी परिणाम के अनुसार नरपति पटेल को 10 हजार 754, नरेन्द्र देवांगन को 6 हजार 226 और नीलकंठ शार्दुल को 1 हजार 444 एवं नोटा को 198 मत प्राप्त हुए, जिसमें अभ्यर्थी नरपति पटेल को निर्वाचित घोषित किया गया। नगर पंचायत फरसगांव के अध्यक्ष पद हेतु अभ्यर्थी प्रशांत पात्र को 2095, उग्रेश चंद मरकाम को 1910 व नोटा को 46 मत प्राप्त हुए, जिसमें अभ्यर्थी प्रशांत पात्र को निर्वाचित घोषित किया गया। इसी प्रकार नगर पंचायत केशकाल के अध्यक्ष पद हेतु अभ्यर्थी बिहारी लाल शोरी को 2967, लाला उर्फ गोपाल बघेल को 2092, पिताम्बर नाग को 1127, रमेश कुमार नेताम को 235, अंजू बेलसरिया को 54 एवं नोटा में 63 मत पड़े। परिणाम घोषित होने के पश्चात् सभी विजयी प्रत्याशियों को संबंधित रिटर्निंग अधिकारियों द्वारा प्रमाण पत्र दिया गया।

## प्राकृतिक आपदा पीड़ितों के वारिसों को आर्थिक सहायता राशि

**कोंडागांव।** कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के अंतर्गत प्राकृतिक आपदा पीड़ितों के 3 प्रकरणों में वारिसों को 12 लाख रुपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। कलेक्टर द्वारा फरसगांव तहसील के ग्राम बड़ेडोंगर निवासी मदन पद्दा की तालाब के पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनके पिता रामदेव पद्दा एवं माता कमिता पद्दा को एवं ग्राम झाकरी निवासी मितांशु के अतिवृष्टि होने के फलस्वरूप मकान गिरने से मृत्यु होने पर उनकी माता माहरीबाई और पिता दसमुराम को आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार कोंडागांव तहसील के ग्राम डोंगरीपारा निवासी रोहन देवांगन की मृत्यु नारंगी नदी में डूबने से होने पर उनके पिता शिवलाल देवांगन और माता शीला देवांगन को आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गयी है।

**निविदा**

पत्र क्रमांकः RTISWTM/2025/108 दिनांकः 16/02/2025

विकास आयुक्त (हस्तशिल्प), वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा **NHDP** योजना के अंतर्गत क्रियान्वयन एजेंसी आर. टी. इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल वर्क ट्रेनिंग एंड मैनेजमेंट के माध्यम से लौह शिल्प के लिए 50 सेट टूल किट की आपूर्ति हेतु मुहरबंद लिफाफे में निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

निविदा जमा करने की तिथि : 16/02/2025 से 22/02/2025 (दोपहर 3 बजे तक)
निविदा खोलने की तिथि : 25/02/2025

**आवश्यक टूल किट (50 सेट) में शामिल उपकरण :-**

- हैंड ग्राइंडर (मध्यम) – **Hand Grinder (Medium)**
- हैमर बॉल पीन हैंडल सहित – **Hammer Ball Peen with Handle**
- हैमर स्ट्रेट पीन (छोटा) हैंडल होल्ड फेस सहित – **Hammer Straight Peen Small with Handle Hold Face**
- शीट मेटल कैंची (मैनुअल) – **Sheet Metal Scissor (Manual)**
- ड्रिल मशीन – **Drill Machine**
- काटने की छेनी (5 छेनी का सेट) – **Carving Chisels Set of z Chisels**
- पियर्सिंग पंच – **Piercing Punch**
- लीवर सहित मेटल कटिंग कैंची – **Metal Cutting Scissor with Lever**

**शर्तें :-**

- टूल किट **"Bosch"** या समकक्ष ब्रांड की होनी चाहिए।
- **ISI** मार्क प्रमाणित होना आवश्यक है।
- प्रत्येक टूल किट पर 1 वर्ष की वारंटी आवश्यक है।

**निविदा जमा करने का पता :**
605, अविनाश वुड, ग्रीन सिटी, जगदलपुर
बस्तर, छत्तीसगढ़-494001

**सचिव**
**(आर. टी. इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल वर्क ट्रेनिंग एंड मैनेजमेंट)**

# भाटापारा में खिला कमल, अध्यक्ष सहित 24 पार्षद निर्वाचित हुए

## नगपा अध्यक्ष प्रत्याशी अश्विनी शर्मा विजयी होने पर भाटापारा के मातृभूमि को दंडवत प्रणाम किया

पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com





नगरीय निकाय चुनाव के गिनती के बाद प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला हो गया। प्रदेश कि सबसे बड़ी नगपा भाटापारा में भाजपा के अध्यक्ष प्रत्याशी अश्विनी शर्मा ने 7448 मतों से विजयी हासिल कि भाजपा को कुल 20235 वोट मिले वही कांग्रेस के निकटतम प्रतिद्वंदी सतीश अग्रवाल को 12787 वोट प्राप्त हुये। गौरतलब है कि अश्विनी शर्मा मतगणना के शुरुआत से ही अपने निकटतम प्रतिद्वंदी से आगे चल रहा था जो अंत में 7448 वोटों के जीत के मुहावयने पर आकर खत्म हुई वही भाजपा के अध्यक्ष प्रत्याशी अश्विनी शर्मा को प्रायः अधिकतर वार्डो से जीत हासिल हुई है।

**जीत हासिल करते ही भाटापारा के मात्रभूमि को दंडवत प्रणाम किया** – नगपा अध्यक्ष प्रत्याशी अश्विनी शर्मा ने भारी मतों से जीत हासिल कर मतगणना स्थल से ही निकलते ही भाटापारा मातृभूमि के पावन धरा को दंडवत नमन करते हुये प्रणाम किया एवं नगपा अध्यक्ष के रुप में सुनहरा अवसर देने पर नगरवासियों का हृदय से आभार जताया एवं अपनी इस जीत को नगरवासियों व भाजपा कार्यकर्ताओं कि जीत बताया।

**कुल 31 पार्षदों में 24 बीजेपी पार्षद चुनकर आये है** – गौरतलब है कि नगपा में भाजपा का सत्ताशासन अध्यक्ष के साथ साथ 24 भाजपा पार्षदों के प्रचंड बहुमत के साथ साथ नगपा में काबिज हुई है जिसमें कांग्रेस से 6 पार्षद व 1 निर्दलीय जीतकर आये है।

**शहर के चहुंमुखी विकास कि संभावना बढ़ी** – लगभग 20 वर्षो के अधीक समय के बाद प्रदेश के सबसे बडी नगपा में सामान्य सीट से सत्तापक्ष का सीधे तौर पर प्रत्यक्ष प्रणाली के जरिये नगपा अध्यक्ष अश्विनी शर्मा के रुप नगर पालिका के सत्ता में काबिज हुये है व पूर्ण बहुमत से पार्षद भी चुनकर आये है जिसके अब आने भाटापारा के चहुंमुखी विकास कि संभावनाएं प्रबल हो गई है, जो कि बीते 5 आपसी राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता के कारण शहर का विकास थम सा गया था, परंतु अब वह विकास भाजपा के सामूहिक नेतृत्व से तीव्र गति से विकास होने कि संभावनाऐ बढ़ गई है। वही रविवार 16 फरवरी को भाजपा के नगपा में ऐतिहासिक जीत पर सुबह 10 बजे भाजपा कार्यालय से आभार रैली निकाली जाएगी।

**भाजापा प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा** – भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने कहा कि प्रदेश कि सबसे बड़ी नगरपालिका में नगरवासियों ने अध्यक्ष व पार्षदों को पूर्ण बहुमत के साथ भाजपा के नेतृत्व को नगपा के सत्ता में काबिज कराया, उसके लिये नगरवासियों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं को हार्दिक आभार है।

# निगम, नगर पंचायत में भाजपा का कब्जा, एक पर कांग्रेस विजयी



पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com

नगरीय निकाय चुनाव को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के रोड शो एवं पूर्व केबिनेट मंत्री, विधायक अजय चंद्राकर की कुशल रणनीति एवं पूर्व विधायक रंजना साहू, इंदर चोपड़ा के सघन जनसंपर्क अभियान के तहत जिले के कुरूद, आमदी, नगरी, भखारा में भाजपा समर्थित अध्यक्ष पद के उम्मीदवारों ने विजय दर्ज की है वहीं मगरलोड नगर पंचायत में कांग्रेस के अध्यक्ष प्रत्याशी विजयी घोषित किये गये हैं। आमदी नगर पंचायत में निवासरत विधायक ओंकार साहू के क्षेत्र में भी कांग्रेस को भारी शिकस्त का सामना करना पड़ा है। नगर निगम धमतरी में महापौर पद के प्रत्याशी जगदीश रामू रोहरा जीत की ओर अग्रसर हैं वहीं निगम क्षेत्र में इन पंक्तियों के लिखे जाने तक 40 वार्डों में से 27 पर भाजपा, 8 पर कांग्रेस और 5 पर निर्दलियों ने बढ़त बनाये हुए हैं। इस चुनाव में कांग्रेस महापौर पद के प्रत्याशी का नामांकन निरस्त कर दिया गया था। चुनाव आयोग द्वारा नगरीय निकाय चुनाव की तिथी घोषित करने के बाद इस चुनाव में भाग लेने वाले अनेक प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया था। दोनों प्रमुख पार्टियों में बगावत के सुर भी रहे। कुछ वार्डों में कांग्रेस, भाजपा के कार्यकर्ताओं ने निर्दलीय प्रत्याशियों के रूप में नामांकन दाखिल किया था जिसमें महापौर पद के लिये बसपा सहित अनेक निर्दलियों ने भी नामांकन दाखिल किया था। लेकिन बसपा एवं एक निर्दलीय को छोड़कर किसी ने भी अभी तक 4 अंक का आंकड़ा पार नहीं किया है। भाजपा की जीत का श्रेय निश्चित रूप से मुख्यमंत्री के रोड शो एवं कुशल नेतृत्वकर्ता अजय चंद्राकर, रंजना साहू, इंदर चोपड़ा जैसे अनेक नेताओं के प्रचार के कारण ही यह संभव हो सका है। अनेक वार्डों में भाजपा से जीते प्रत्याशियों के समर्थकों ने फटाके फोड़कर अपनी खुशी का इजहार किया जा रहा है। नगर निगम में पहली बार निर्दलीय पांच प्रत्याशियों का जीत की ओर आगे बढ़ना इस बात का सबूत है कि वहां के कार्यकर्ता भाजपा, कांग्रेस के प्रत्याशियों से नाराज चल रहे थे।

# कसडोल, लवन, बलौदाबाजार, भाटापारा, टुण्ड्रा में भाजपा प्रत्याशी पलारी रोहांसी में कांग्रेस प्रत्याशी ने जीत का परचम लहराया

पायनियर संवाददाता < लवन
www.dailypioneer.com



नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 अंतर्गत जिले के 8 नगरीय निकायों में मतगणना पूर्ण होने के बाद विजयी घोषित हुए अभ्यर्थियों क़ो रिटर्निंग ऑफिसर ने निर्वाचन प्रणाम पत्र सौपा। इसके साथ ही जिले में शांतिपूर्ण निर्वाचन सम्पन्न हो गया। जिला मुख्यालय बलौदाबाजार में नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार के अध्यक्ष व पार्षद पद पर निर्वाचित हुए अभ्यर्थियों क़ो रिटर्निंग ऑफिसर दीप्ति गोते नें निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान किया। उन्होने नगर पालिका अध्यक्ष पद के भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी अशोक जैन को विजयी होने पर उन्हें निर्वाचन प्रमाण पत्र दिया। इसी तरह नगर पालिका परिषद भाटापारा में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी अश्वनी शर्मा, नगर पालिका परिषद सिमगा में निर्दलीय प्रत्याशी हरदीप सिंह भाटिया, नगर पंचायत पलारी में इण्डियन नेशनल कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी गोपी साहु, नगर पंचायत लवन में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी शिव मंगल चौहान, नगर पंचायत कसडोल में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी नागेश्वर साहू, नगर पंचायत टुंडरा में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी छतराम साहु एवं रोहांसी नगर पंचायत में इंडियन नेशनल कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी नंदेश्वर कुमार साहू विजयी घोषित होने पर निर्वाचन प्रमाण पत्र दिया गया। नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार में पार्षद पद हेतु वार्ड क्रमांक 1 से अंजनी गोविन्द पात्रे, वार्ड क्रमांक 2 से अमितेश नेताम, वार्ड क्रमांक 3 से रेखा पटेल, वार्ड क्रमांक 4 से श्रद्धा मनीष वर्मा, वार्ड क्रमांक 5 से रोहित साहु, वार्ड क्रमांक 6 से हरजीत सिंह सलूजा, वार्ड क्रमांक 7 से लोकेश कुमार,वार्ड क्रमांक 8 से सतीश पटेल वार्ड क्रमांक 9 से जीतेन्द्र कुमार डडसेना, वार्ड क्रमांक 10 से मनोज कांत पुरेना, वार्ड क्रमांक 11 से सुरेश कुमार घृतलहरे, वार्ड क्रमांक 12 से गौतम सिंह चौहान,वार्ड क्रमांक 13 से चंद्रशेखर गुप्ता, वार्ड क्रमांक 14 से आदित्य गुप्ता, वार्ड क्रमांक 15 से डिगेश्वरी नामदेव, वार्ड क्रमांक 16 से मंजू होरेलाल फेकर, वार्ड क्रमांक 17 से शेख सलमान, वार्ड क्रमांक 18 से कन्हैया सेन, वार्ड क्रमांक 19 से प्रिया शशिभूषण शुक्ला, वार्ड क्रमांक 20 से ममता सुभाष राव वार्ड क्रमांक 21 से जितेंद्र महोले निर्वाचित हुए।

# नगर मतदाताओं के जनविश्वास ने लोकतंत्र की खूबसूरती का दिखाया सुखद नजारा : विजय मोटवानी

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com



नगर निगम के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के महापौर प्रत्याशी रामू रोहरा सहित 28 पार्षदों के जीत के पश्चात आमापारा वार्ड से लगातार दूसरी बार ऐतिहासिक मतों से जीत दर्ज करने वाले युवा नेता विजय मोटवानी ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि 138 साल के गौरवशाली इतिहास को सजाने व संवारने वाले भाजपा के सभी पूर्व जनप्रतिनिधियों के त्यागए तपस्या व बलिदान पर कुठाराघात करते हुए दुर्घटनावश झूठ, छल, प्रलोभन, दबाव की राजनीति से निगम में घुसने वाले कांग्रेस के महापौर एवं उनके पार्षद होने सिर्फ कमीशन खोरी, भ्रष्टाचार, तानाशाही के कारण शहर की जनता, नगर निगम तथा जनप्रतिनिधियों के हित की बलि चढ़ा दी, जिसका जवाब बैलेट यूनिट के माध्यम से मतदाताओं ने दिया है। अब आगे शहर के अवरुद्ध विकास को महापौर रामू रोहरा के नेतृत्व में हम सब मिलकर आगे बढ़ाएंगे। मोटवानी ने आगे आमापारा वार्ड के मतदाताओं सहित पूरे नगर की जनता जिनका स्नेह, आशीर्वाद तथा अमूल्य मत भारतीय जनता पार्टी को प्राप्त हुआ है उन सभी का धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया है।

# माध्य. शाला जालमपुर में आत्मरक्षा प्रशिक्षण सिखाए जा रहे



**धमतरी।** शासकीय माध्यमिक शाला जालमपुर में राज्य शासन, शिक्षा अधिकारी और समग्र शिक्षा के आदेश पर 30 दिनों के लिए रानी लक्ष्मी बाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण, स्कूली छात्राओं के लिए आरंभ किया गया है। यह प्रशिक्षण 7 जनवरी से शाम में 4.30 बजे तक शाला में चलाया जाता है। समग्र शिक्षा द्वारा कुशल प्रशिक्षक कुमारी संतोषी मत्स्यपाल तथा शाला की आत्मरक्षा प्रशिक्षण प्रभारी शिक्षिका खिलेश्वरी कामडे के मार्गदर्शन में छात्राओं के प्रशिक्षण जारी है। प्रशिक्षण आगामी सप्ताह तक जारी रहेंगे। माध्यमिक शाला के संस्था प्रमुख और कर्मचारी अधिकारी महासंघ एवं संयुक्त मोर्चा के जिला संयोजक दीपक शर्मा 25 दिन से चल रहे विद्यार्थियों के अभ्यास का निरीक्षण किया तथा कुछ छात्राओं को जो पंच और किक करना नहीं सीख पाए थे उन्हें सरलता से पंच और किक करने के स्टेप्स सिखाये। ज्ञात हो कि संस्था प्रमुख स्वयं कराटे के ग्रीन बेल्ट पास आउट है।

# अवैध वसूली करने वाले आरोपी भुलाऊराम खुलेआम घूम रहा है, गिरफ्तार करने में पुलिस थाना लवन के पसीना छूट रहा है

पायनियर संवाददाता < लखन
www.dailypioneer.com



पुलिस थाना लवन अन्तर्गत ग्राम पंचायत तिल्दा में एक अजीबोगरीब मामला इन दिनों सुर्खियों में छाया हुआ है। दअरसल गॉव में पीड़िता के पिता से दबाव बनाकर वर्तमान थाना प्रभारी लवन, वर्तमान महिला प्रधान आरक्षक के नाम से उसी गॉव तिल्दा का आदतन अपराधी भुलाऊराम डहरिया ने वर्तमान थाना प्रभारी लवन केसर पराग बंजारा एवं महिला प्रधान आरक्षक सुमित्रा जाटवर को खर्चा पानी के लिए 20 हजार देना है जिसमें से आरोपी ने 10 हजार रुपए पीड़िता की पिता कम्पनी कैवर्त से वसूली करने का मामला विगत कुछ महीनों से बना हुआ है। जिसकी शिकायत पीड़िता के पिता कंपनी कैवर्त ने जिला के पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार, पुलिस महानिरीक्षक रायपुर के नाम शिकायत कर कार्रवाई की मांग किये गए थे, जिस पर वर्तमान थाना प्रभारी लवन केसर पराग ने अपराध दर्ज करने में कोई रुचि नहीं दिखाया था, पीड़ित के बार बार एस पी में शिकायत करने पर पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार ने जांच की जिम्मेदारी संवेदनशील एसडीओपी कौशल किशोर वासनिक को दिये जिस पर एसडीओपी संज्ञान लेते हुए अपराध दर्ज करने का निर्देश लवन थाना प्रभारी को दिये, जिस पर प्रधान आरक्षक रामकृष्ण पटेल ने संवेदनशीलता दिखाते हुए अपराध दर्ज किये। लेकिन अब जब 14 जनवरी को आरोपी भुलाऊराम डहरिया के खिलाफअपराध दर्ज हो गया फिर भी आरोपी की गिरफ्तारी में वर्तमान थाना प्रभारी केसर पराग फिर उदासीन है। जिसके चलते आरोपी भुलाऊराम डहरिया के हौसले बुलंद हैं। आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होना पुलिस थाना लवन की कार्यप्रणाली को फिर एक बार कटघरे में खड़ा कर दिया है। आपको बताते चलें कि भुलाऊराम डहरिया आदतन अपराधी है उनके खिलाफ सत्र 2016 में 2 अपराध, 2017 -18 में 3-4 अपराध, सत्र2021 में 1 अपराध, 2024 में 1 अपराध, 2025 में 1 अपराध सहित अनगिनत अपराध दर्ज है।

# राजिम कुंभ में पंचकोशी यात्रा की झांकी श्रद्धालुओं को कर रही आकर्षित




पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

राजिम कुंभ कल्प मेला में इस बार पहले से अधिक भव्य और आकर्षक रूप में आयोजित किया जा रहा है। श्रद्धालुओं की आस्था, भक्ति और संस्कृति का संगम इस मेले में देखने को मिल रहा है। मेले में दिनभर भजन-कीर्तन की गूंज के साथ देशभर के प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी जा रही हैं। इस बार पंचकोशी यात्रा की थीम पर बनी झांकी मेलार्थियों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बनी हुई है, जो आस्था और संस्कृति की झलक प्रस्तुत कर रही है। चौबेबांधा के नए मेला मैदान में पंचकोशी यात्रा की झांकी बनाई गई है, जो मेलार्थियों को विशेष रूप से आकर्षित कर रही है। श्रद्धालु इस झांकी के समक्ष श्रद्धाभाव से शीश झुकाकर पुण्य लाभ ले रहे हैं। इस झांकी के माध्यम से पंचकोशी यात्रा के पांचों महादेव मंदिरों, यात्रा मार्ग और उनकी दूरी की जानकारी दी जा रही है। छत्तीसगढ़ में राजिम मेला से एक माह पूर्व पंचकोशी यात्रा निकाली जाती है, जिसमें हजारों श्रद्धालु क्षेत्र के प्रमुख शिव मंदिरों की पदयात्रा कर भगवान शिव की पूजा-अर्चना करते हैं। यह यात्रा राजिम त्रिवेणी संगम में स्थित श्री कुलेश्वर महादेव मंदिर से आरंभ होती है और वहीं समाप्त होती है। श्रद्धालु पाँच प्रमुख शिवलिंगों के दर्शन करते हुए यह यात्रा पूर्ण करते हैं। यात्रा के मुख्य पड़ाव इस प्रकार हैं। पटेश्वर महादेव मंदिर (पटेवा), राजिम से 5 किमी दूर, यहाँ भगवान शिव अन्नब्रह्मा के रूप में पूजे जाते हैं। चंपेश्वर महादेव (चंपारण) मंदिर राजिम से 14 किमी उत्तर स्थित है, जहाँ स्वयंभू शिवलिंग विराजमान है। ब्रम्हनेश्वर महादेव (बम्हनी, महासमुंद) चंपेश्वर से 9 किमी दूर, यहाँ भगवान शिव का अघोर रूप उकेरा गया है। फणीकेश्वर महादेव (फिंगेश्वर, गरियाबंद) यहाँ शिवलिंग की ईशान रूप में पूजा की जाती है, और माता अंबिका इनकी अर्धांगिनी हैं। कोपेश्वर महादेव (कोपरा, गरियाबंद) यहाँ भगवान शिव वामदेव रूप में पूजे जाते हैं, और माता भवानी आनंद का प्रतीक मानी जाती हैं। यात्रा के समापन पर श्रद्धालु त्रिवेणी संगम स्थित श्री कुलेश्वर महादेव के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित करते हैं। श्रद्धालु अपने सिर पर रोजमर्रा के सामान लादकर 'महादेव' और 'राम सिया राम' का जाप करते हुए यात्रा करते हैं। यह यात्रा अध्यात्मिक शांति, पुण्य अर्जन और काम, क्रोध, मोह, लोभ और मद जैसे विकारों से मुक्ति दिलाने में सहायक मानी जाती है। हथखोज स्थित शक्ति लहरी माता के दरबार में श्रद्धालु परसा पान, नारियल, अगरबत्ती और धूप समर्पित करते हैं। मकर संक्रांति के दिन श्रद्धालु नदी में सूखा लहर लेते हैं। इससे पहले रेत से शिवलिंग बनाकर उनकी पूजा-अर्चना की जाती है। राजिम कुंभ केवल धार्मिक आयोजन ही नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और सामाजिक समरसता का भी प्रतीक है। यहाँ श्रद्धालुओं को पंचकोशी यात्रा का आध्यात्मिक लाभ एक ही स्थान पर मिल रहा है। इस मेले में मनोरंजन, आध्यात्म और श्रद्धा का अद्भुत समन्वय देखने को मिल रहा है।

# रेडक्रास सोसाइटी के माध्यम से जिला अस्पताल में मनाया जन्मदिन



**धमतरी।** श्रेयांश वाशानी के 10वे जन्मदिन के उपलक्ष्य में रेडक्रास सोसाइटी के माध्यम से चेयरमैन रेडक्रॉस सोसाइटी प्राप्ति वाशानी एवं सतराम वाशानी ने जिला अस्पताल में पैथोलॉजी विभाग में दो सेट पोर्टेबल काउच चेयर डोनेट किया, जिससे ब्लड डोनेशन के लिए रक्तदाताओं द्वारा काम में लाया जाएगा एवं पोर्टेबल होने के कारण बाहर भी ले जाया जा सकता है। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ ए के टोंडर, डॉ आदित्य सिंहा, डॉ राजेश सूर्यवंशी, डॉ संजय वानखेड़े, गिरीश कश्यप, लोकेश साहू, नेत्र विभाग एवं रेडक्रॉस प्रबंध समिति से गुरुसरण साहू एवं आकाश गिरी गोस्वामी और शिवा प्रधान तथा नर्सिंग स्टाफ एवं गणमान्य उपस्थित थे।

# राजिम कुंभ में प्रतिदिन हो रही महानदी की महाआरती शामिल हो रहे हजारों श्रद्धालु





पायनियर संवाददाता < गरियाबंद
www.dailypioneer.com

राजिम कुंभ कल्प मेला के नदी क्षेत्र पुराने मेला मैदान में प्रतिदिन साध्वी प्रज्ञा भारती के सानिध्य में महानदी की महाआरती की जा रही है। आचार्य-पुरोहित द्वारा मां गंगा का आह्वान कर पूरी श्रद्धा के साथ वैदिक रीति से आरती उतारी जाती है। आचार्य तट पर बने 11 मंचों से बैठकर-खड़े होकर फिर चारों दिशाओं में घूमकर मां गंगा के स्वरूप की आरती की जाती है। आरती में शामिल होने के लिए श्रद्धालु शाम से ही अपना स्थान सुरक्षित कर लेते हैं। महाआरती में 11 पंड़ितों द्वारा लयबद्ध तरीके से क्रमवार मां गंगा की आराधना करते हुए आरती करते हैं। तत्पश्चात शिव स्त्रोत और शिव तांडव का सस्वर पाठ पूरे वातावरण में ऊर्जा का संचार करते हुए धर्म, आस्था और श्रद्धा की खुशबू से क्षेत्र का कण-कण आतुर हो राममय हो जाता है। महाआरती में प्रतिदिन साधु-संतों के अलावा स्थानीय जनप्रतिनिधि और मेला में पहुंचने वाले हजारों श्रद्धालु शामिल होते हैं। इंदौर से पधारे धार्मिक प्रभाग के जोनल को-ऑर्डिनेटर ब्रह्माकुमार नारायण भाई ने महाआरती में शामिल होने के बाद कहा कि प्रकृति के पांच तत्व प्रदूषित हो गए है। उन्हें राजयोग के माध्यम से पुनः पवित्र सत्तो प्रधान बनाने का पावन कर्तव्य करना है। प्रकृति के ही हम स्वामी हैं। मालिक का फर्ज होता है अपने साथियों की सेवा करना। जल प्रदूषण से ज्यादा मन प्रदूषित हो गया है। इसे ही सारे तत्व प्रदूषित हो गए हैं। उन्होंने बताया कि राजयोग मेडिटेशन में इतनी शक्ति है कि संपूर्ण प्रकृति को सतो प्रधान बना सकते हैं इसलिए परमात्मा को सर्वशक्तिमान कहा जाता है।

# कसडोल नगर में नागेश्वर ने लहराया जीत का परचम, कांग्रेस हुई चित्त



**कसडोल।** कांग्रेस पार्टी का गढ़ कहे जाने वाले कसडोल नगर अध्यक्ष के चुनाव में भाजपा के नागेश्वर साहू ने बड़ी जीत दर्ज करते हुए 3855 मतों से जीत का परचम लहराया। नगर पंचायत में बीजेपी ने कब्जा जमा लिया है,चुनाव परिणाम शनिवार सुबह 11 बजे घोषित हुए,कुल 15 वार्डों में हुए चुनाव में बीजेपी ने 12 सीटों पर जीत दर्ज की. जबकि कांग्रेस को एक भी सीट नहीं मिली,वहीं 3 निर्दलीय प्रत्याशियों ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की है जिसमें कसडोल के वार्ड क्रमांक 1 से संतोष देवार भारती वार्ड क्रमांक 2 से जानू यादव तथा वार्ड क्रमांक 8 से संजय साहू शामिल हैं। निर्दलीय प्रत्याशी भावेश यादव रहे दूसरे नंबर पर,15 में से 12 वार्डों में बीजेपी प्रत्याशियों की हुई जीत। कांग्रेस पार्टी से टिकट न मिलने पर निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ने वाले भावेश यादव निकटतम प्रतिद्वंदी रहे,उन्हें 2384 मत प्राप्त हुए।नगर के कुल 15 में से 12 वार्डों में बीजेपी प्रत्याशियों की ने जीत दर्ज की।

# रिटर्निंग अधिकारी ने सभी विजयी उम्मीदवारों को प्रमाण पत्र प्रदान किया

पायनियर संवाददाता < कुरूद
www.dailypioneer.com

नगर पंचायत कुरूद के सभी 15 वार्ड व अध्यक्ष के अन्तिम परिणाम में ज्योति भानू चन्द्राकर 4594, तपन चन्द्राकर कुल मत 4333, विनोद सचदेवा कुल मत 74, योगेश गुरूजी कुल मत 163, नोटा में 71 वोट पड़े। इस तरह जीत का अन्तर 261 रहा। इसी प्रकार पार्षदों के रिजल्ट में वार्ड क्रमांक 01मोहन अग्रवाल बीजेपी 197 मत, उत्तम साहू, कांग्रेस 201, नोटा 08 मत, जीत का अन्तर 4, वार्ड क्रमांक 2 डुमेश साहू कांग्रेस 438, मत, लकेश जांगडे बीजेपी 147, कोई नहीं 3 जीत का अन्तर 291, वार्ड क्रमांक 3 नटीन कुमार यादव बीजेपी 255 मत, रजत चन्द्राकर कांग्रेस 265 मत, कोई नही 12, जीत का अन्तर 10, वार्ड क्रमांक 4 महेन्द्र गायकवाड बीजेपी 317 मत, रोशन जागडि कांग्रेस 171 मत, कोई नहीं 9, जीत का अन्तर 146, वार्ड क्रमांक 5 दिवाकर चन्द्राकर कांग्रेस 213 मत, मिथलेश बैस बीजेपी 392 मत, भारती गोपाल बैस निर्दलीय 18, कोई नहीं 3, जीत का अन्तर 179, वार्ड क्रमांक 6 राधेन्द्र रघ्यू सोनी कांग्रेस 212 मत, सीतेश सिन्हा बीजेपी 312 मत, समारू राक्ष सिन्हा निर्दलीय 14 मत, धनेश्वर प्रसाद सिन्हा निर्दलीय 162, कोई नहीं 5, जीत का अन्तर 100, वार्ड क्रमांक सुरेखा रवि चन्द्राकर बीजेपी 282 मत, उर्वशी रजत चन्द्राकर कांग्रेस 319 मत, कोई नहीं, जीत का अन्तर 37, वार्ड क्रमांक 8 मुकेश साहू कांग्रेस 238 मत रविकुमार मानिकपुरी बीजेपी 306 मत, योगेश गुरुजी निर्दलीय 27 मत कोई नहीं 9, जीत का अन्तर 68, वार्ड क्रमांक 9 कविता चन्द्राकर बीजेपी 313, खोमिन बसंत साहू, कांग्रेस 211 मत, कोई नहीं 7, जीत का अन्तर 102, वार्ड क्रमांक 10 अर्जुन ध्रुव कांग्रेस 375 मत, कमलेश ध्रुव बीजेपी 341 मत, कोई नहीं 23 मत, जीत का अन्तर 34, वार्ड क्रमांक 11 राजकुमार अलख ध्रुव बीजेपी 519 मत, रामकुमार चुम्मन दीवान कांग्रेस 416 मत, कोई नहीं 24 मत, जीत का अन्तर 103, वार्ड क्रमांक 12 भारतीय पंचायन बीजेपी 151 मत, राखी तपन कांग्रेस 301 मत, कोई नहीं 3, जीत का अन्तर 150, वार्ड क्रमांक 13 देवव्रत चन्द्रहास साहू 199 मत, उत्तम साहू बीजेपी 68 ज्ञानचंद सालिक राम सिन्हा 38, राजा बारे निर्दलीय 9, नोटा 1, जीत का अन्तर 131, वार्ड क्रमांक 14 मनीष साहू कांग्रेस 472 मत, विनोद चन्द्राकर बीजेपी 462 मत, मणिकांत साहू 21 नोटा 10, जीत का अन्तर 10, वार्ड क्रमांक 15 अनुराधा चुरामणी साहू 313, मंजु प्रमोद साहू 327, नोटा 22, जीत का अन्तर 14 रहा।

# क्षेत्र क्रमांक10 के मतदाताओं का जवाब 23 फरवरी को मिलेगा रेत माफियाओं को : नवीन मिश्रा





पायनियर संवाददाता ◄ लवन
www.dailypioneer.com

भाजपा के दिग्गज नेताओं में शुमार नवीन मिश्रा इन दिनों चुनावी मैदान में है। वह इस बार कसडोल विधानसभा के जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक10 से भाजपा अधिकृत प्रत्याशी घोषित किए गए हैं। जिनका चुनावी दौरा जोर शोर से जारी है। मतदाताओं से घर घर जा जाकर आशीर्वाद प्राप्त करते हुए लगातार दिखाई दे रहे हैं। नवीन मिश्रा के चुनावी प्रचार प्रसार सुनामी के सामने कोई अन्य प्रत्याशी नहीं टिक पा रहा है। नवीन मिश्रा सबसे आगे चल रहे हैं उनके सामने दूर दूर तक कोई भी प्रत्याशी नहीं है।है तो केवल जनता जनार्दन का आशीर्वाद और स्नेह दुलार, नवीन मिश्रा जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक10 के सबसे चर्चित पसंदीदा और सबके हितैषी प्रत्याशी के रूप में स्थापित हो चुके हैं। नवीन मिश्रा के चुनावी काफिला की बात करें तो महिलाओं, पुरुषों, युवाओं, युवतियों सहित ग्रामीण बड़े बुजुर्गों की भीड़ उमड़ पड़ी है। नवीन मिश्रा पूरे जिला में जनहितैषी भाजपा युवा नेता के साथ भाजपा सरकार के सभी उच्च मंत्रियों सहित पूर्व विधानसभा गौरीशंकर अग्रवाल के राइट हैंड माने जाते हैं। भाजपा संगठन में नवीन मिश्रा की अच्छी पकड़ उन्हें जनता के करीब ला दिया है।महज कुछ ही दिनों में नवीन मिश्रा जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक10 के तिल्दा लाटा, पैंजनी, चिचिरदा, अहिल्दा, सरखोर, बगबुड़ा, कारी, कोहरौद, लाहोद सहित सभी34 गॉवों के मतदाताओं की पहली और आखिरी पसंद बन गए हैं ।नवीन मिश्रा की जीत की गारंटी क्षेत्र की जनता जनार्दन अपनी जुबानी मीडिया के सामने आकर साझा करते हुए लगातार दिखाई दे रहे हैं। नवीन मिश्रा ने पत्रकारों को बताया कि क्षेत्र की जनता यहां के बड़े बड़े रेत माफिया, जो सड़कों को गड्ढे में बदला है ऐसे लोगों को जनता 23 फरवरी के मतदान के दिन जरूर सबक सिखाएगा, जो जिला पंचायत सदस्य निर्वाचित होकर जनता को 5साल भूल गया था उन्हें भी जनता ही जवाब 23 फरवरी मतदान को बताएगा।जनता जनार्दन ही लोकतंत्र की असली ताकत है उनके बिना कोई भी कुर्सी का सफर तय नहीं कर सकता। आज जो भी हूँ सब जनता के आशीर्वाद और स्नेह के बदौलत हूँ। श्री मिश्रा ने आगे कहा कि वह आश्वस्त है कि जनता उन्हें दुलार आशीर्वाद देकर जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक10 में भारी मतों से विजय बनाकर सबकी सेवा का सौभाग्य देगा ।

# जिले के सभी 8 नगरीय निकायों में शांतिपूर्ण निर्वाचन संपन्न

## विजयी अभ्यर्थियों क़ो दिया गया निर्वाचन प्रमाण पत्र

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com





नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 अंतर्गत जिले के 8 नगरीय निकायों में शनिवार क़ो मतगणना पूर्ण होने के बाद विजयी घोषित हुए अभ्यर्थियों क़ो रिटर्निंग ऑफिसर ने निर्वाचन प्रणाम पत्र सौपा।इसके साथ ही जिले में शांतिपूर्ण निर्वाचन सम्पन्न हो गया। जिला मुख्यालय बलौदाबाजार में नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार के अध्यक्ष व पार्षद पद पर निर्वाचित हुए अभ्यर्थियों क़ो रिटर्निंग ऑफिसर सुश्री दीप्ति गोते नें निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान किया। उन्होने नगर पालिका अध्यक्ष पद के भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी अशोक जैन को विजयी होने पर उन्हें निर्वाचन प्रमाण पत्र दिया। इसीतरह नगर पालिका परिषद भाटापारा में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी अश्वनी शर्मा, नगर पालिका परिषद सिमगा में निर्दलीय प्रत्याशी हरदीप सिंह भाटिया, नगर पंचायत पलारी में इण्डियन नेशनल कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी गोपी साहु, नगर पंचायत लवन में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी शिव मंगल चौहान, नगर पंचायत कसडोल में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी नागेश्वर साहू, नगर पंचायत टुंडरा में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी छतराम साहु एवं रोहांसी नगर पंचायत में इंडियन नेशनल कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी नंदेश्वर कुमार साहु विजयी घोषित होने पर निर्वाचन प्रमाण पत्र दिया गया। नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार में पार्षद पद हेतु वार्ड क्रमांक 1 से अंजनी गोविन्द पात्रे, वार्ड क्रमांक 2 से अमितेश नेताम, वार्ड क्रमांक 3 से रेखा पटेल,वार्ड क्रमांक 4 से श्रद्धा मनीष वर्मा, वार्ड क्रमांक 5 से रोहित साहु, वार्ड क्रमांक 6 से हरजीत सिंह सलूजा,वार्ड क्रमांक 7 से लोकेश कुमार,वार्ड क्रमांक 8 से सतीश पटेल वार्ड क्रमांक 9 से जीतेन्द्र कुमार डडसेना, वार्ड क्रमांक 10 से मनोज कांत पुरेना, वार्ड क्रमांक 11 से सुरेश कुमार घृतलहरे, वार्ड क्रमांक 12 से गौतम सिंह चौहान,वार्ड क्रमांक 13 से चंद्रशेखर गुप्ता, वार्ड क्रमांक 14 से आदित्य गुप्ता, वार्ड क्रमांक 15 से डिगेश्वरी नामदेव, वार्ड क्रमांक 16 से मंजू होरेलाल फेकर, वार्ड क्रमांक 17 से शेख सलमान, वार्ड क्रमांक 18 से कन्हैया सेन, वार्ड क्रमांक 19 से प्रिया शशिभूषण शुक्ला, वार्ड क्रमांक 20 से ममता सुभाष राव वार्ड क्रमांक 21 से से जितेंद्र महोले निर्वाचित हुए।

# नवनिर्वाचित पालिका अध्यक्ष दयानंद सोनकर ने कहा नहीं खुलेगी नगर में शराब दुकान

## आशीर्वाद देने के लिए जनता का हृदय से धन्यवाद

पायनियर संवाददाता ◄ अम्लेश्वर
www.dailypioneer.com



दुर्ग जिला अंतर्गत नगर पालिका परिषद अमलेश्वर में नगरी निकाय चुनाव को लेकर भारी उत्साह नगर वासियों में देखा गया लगभग 79त्न मतदान हुआ। मिली जानकारी के अनुसार नगर पालिका अमलेश्वर में भाजपा और कांग्रेस के अलावा निर्दलीयों ने भी अपना भाग्य आजमाया था। जिसमें चार अध्यक्ष पद के प्रत्याशी सहित 62 पार्षद पद के प्रत्याशी मैदान में खड़े रहे। जिसका 11 फरवरी को मतदान हुआ और 15 फरवरी को रिजल्ट घोषित किया गया। जिसमें प्रथम नगर पालिका अध्यक्ष के रूप में दयानंद सोनकर निर्वाचित हुए। वही 10 पार्षद कांग्रेस के झोली में गया और दो पार्षद निर्दलीय चुन के आए। सभी को रिटर्निंग ऑफिसर के द्वारा प्रमाण पत्र देकर विजय का बधाई दिया गया। दयानंद सोनकर ने मीडिया को जानकारी शेयर करते हुए कहा कि नगर पालिका परिषद अमलेश्वर का यह प्रथम चुनाव है। मुझे जनता ने आशीर्वाद दिया है। निश्चित जनता के हित में कार्य करूंगा। मूलभूत सुविधाओं से सुसज्जित होगा नगरपालिका अमलेश्वर। मीडिया के एक सवाल पर सोनकर ने कहा कि नगर में शराब की दुकान नहीं खुलने दिया जाएगा।नगर के सम्मान में शराब दुकान खोलने के लिए अनुमति नहीं दी जाएगी। साथ ही सोनकर ने नगर पालिका के कर्मचारियों को भी दो टूक कहा भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए एवं जनप्रतिनिधियों के लिए अपना व्यवहार सम्मानजनक रखें।

# गौरव विद्या मंदिर में विदाई समारोह का हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com



शंकर बाल उन्नयन सेवा समिति द्वारा संचालित गौरव विद्या मंदिर सरायपाली में विदाई समारोह किया गया इस अवसर पर उपस्थित हमारे विद्यालय के संचालक तेज कुमार पंडा प्राचार्य दिनेश कुमार सतपथी प्रधानाचार्य रामचंद्र बॉईल सर विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाए उपस्थित रहे।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हमारे विद्यालय के प्राचार्य दिनेश कुमार सतपथी का स्वागत किशोर भारती अध्यक्ष नवराज निषाद के द्वारा किया गया अध्यक्षता कर रहे आप प्रधानाचार्य रामचंद्र बॉईल के स्वागत कन्या भारती अध्यक्ष मेघा साहू के द्वारा किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती की पूजा अर्चना से की गई बच्चों के द्वारा स्वागत गीत किया गया इस कार्यक्रम का मंच संचालन देवेश साहू सौरभ साहू, प्रणय, गोपी, समायरा, सौम्या, सुहाना, सिम्मी, रोशनी, हिमांशी नायक के द्वारा किया गया हमारे विद्यालय के संचालक तेज कुमार पंडा ने 12वीं के छात्र-छात्राओं को आशीर्वचन के रूप में कहा लक्ष्य बनाकर तैयारी कीजिए सफलता के लिए लक्ष्य जरूरी है आदर्श छात्र बनिए हमारे विद्यालय के प्राचार्य दिनेश कुमार सतपथी प्रधानाचार्य रामचंद्र बॉईल ने 12वीं के छात्र-छात्राओं को आशीर्वचन के रूप में उन्हें उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी पूरे कार्यक्रम का सफल संचालन प्रफुल्ल बारीक द्वारा किया गया कार्यक्रम के अंत में आभार व्यक्त उपाध्यक्ष नवराज निषाद द्वारा किया गया उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी सरवरी निशा माधुरी पटेल द्वारा दिया गया।

# प्रशिक्षण के बाद युवाओं क़ो रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के निर्देश

## कलेक्टर ने लाइव्हलीहुड कॉलेज का किया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



कलेक्टर दीपक सोनी ने गुरुवार क़ो ग्राम सकरी स्थित लाइव्हलीहुड कॉलेज का निरीक्षण किया। उन्होंने विभिन्न व्यावसायिक पाठ्यक्रम में प्रशिक्षण ले रहे युवाओ से पूछ- ताछ की और प्रतिदिन उपस्थित होकर बेहतर प्रशिक्षण लेने कहा। उन्होंने प्रशिक्षण के बाद युवाओ के लिए रोजगार व स्वरोजगार उपलब्ध कराने आवश्यक़ तैयारी के निर्देश प्रभारी अधिकारी कौशल विकास एवं एवं कैरियर काउन्सलर क़ो दिये। कलेक्टर ने कहा कि जिले में कई औद्योगिक सयंत्र हैं जिनमे यहां से प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद युवाओं क़ो रोजगार उपलब्ध कराने समन्वय करें। जल जीवन मिशन अंतर्गत गांव में नल जल संचालन के लिए पंप ऑपरेटर के लिए भी युवाओ क़ो नियोजित किया जा सक़ता है। उन्होंने स्वरोजगार स्थापित करने हेतु रिवाल्विंग फण्ड से शून्य प्रतिशत व्याज पर ऋण दिलाने की भी बात कही। कॉलेज परिसर मे निर्मित पुरुष एवं महिला हॉस्टल में प्रशिक्षण ले रहे युवाओ के लिए ठहरने एवं भोजन की व्यवस्था करने तथा हॉस्टल वार्डन की भर्ती शुरू करने के भी निर्देश दिये। बताया गया कि वर्तमान में लाइव्हलीहुड कॉलेज में असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन, नर्सिंग असिस्टेंट, मोटर मैकेनिक, प्लंबर, कुरियर डिलीवरी कोर्स के एक - एक बैच क़ो प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

# गरियाबंद जिले के 06 नगरीय निकायों में सफलतापूर्वक मतगणना संपन्न

## रिटर्निंग अधिकारियों द्वारा निर्वाचित अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

नगरीय निकाय आम निर्वाचन के अंतर्गत गरियाबंद जिले के 06 नगरीय निकायों में निर्विघ्न, शांतिपूर्ण ढंग से एवं सफलतापूर्वक मतगणना कार्य संपन्न हुआ। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले के सभी नगरीय निकायों में मतगणना कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थी। मतगणना कार्य में लगे सभी अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा सुबह 08 बजे से मतगणना कक्ष में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित कराकर निर्धारित समयावधि सुबह 09 बजे से मतगणना का कार्य प्रारंभ कर दिया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक अग्रवाल ने नगर पालिका परिषद गरियाबंद के मतगणना कक्ष में पहुँचकर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। गरियाबंद जिले में आज संपन्न मतगणना के परिणामों के अंतर्गत नगर पालिका परिषद गरियाबंद में भारतीय जनता पार्टी के रिखी राम यादव, नगर पंचायत फिंगेश्वर से इंडियन नेशनल कांग्रेस के राजेन्द्र (धनराज) सूर्यवंशी, नगर पंचायत छुरा से भारतीय जनता पार्टी के मती लुकेश्वरी निषाद, नगर पंचायत राजिम से भारतीय जनता पार्टी के महेश यादव, नगर पंचायत कोपरा से भारतीय जनता पार्टी के रूपनारायण साहू और नगर पंचायत देवभोग से इंडियन नेशनल कांग्रेस के राजेश तिवारी ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी को पराजित कर अध्यक्ष पद की जीत हासिल की। मतगणना संपन्न होने के पश्चात् सभी रिटर्निंग अधिकारियों के द्वारा मतगणना कक्ष में अध्यक्ष एवं पार्षद पद हेतु निर्वाचित अभ्यर्थियों को प्ररूप 24 निर्वाचन का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस दौरान सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, मास्टर ट्रेनर्स एवं मतगणना कार्य में लगे अधिकारी-कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

# कुम्हारी नगर पालिका में 10 वर्षो के बाद पुनः खिला कमल

पायनियर संवाददाता ◄ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

नगर पालिका परिषद कुम्हारी के चुनाव 2025 का परिणाम दोपहर 12:00 तक स्पष्ट हो चुका था विजई प्रत्याशियों को बधाई देने का सिलसिला भी जोर-शोर से प्रारंभ हो गया ज्ञात हो इस चुनाव में भाजपा एवं कांग्रेस पार्टी के सीधी टक्कर हुई भाजपा से टिकट न मिलने पर भाग प्रत्याशियों ने निर्दलीय चुनाव लड़ा जिसमें दो प्रत्याशी ने जीत हासिल कर अपना परचम लहराया । जैसा कि विदित है कि इस बार निकाय चुनाव के लिए अत्यंत अल्प अवधि में प्रत्याशियों को पूरे दम खम के साथ चुनाव प्रचार करना था और अपनी तैयारी को भी मजबूत बनाना था लेकिन इस बीच बहुत सारे उतार-चढ़ाव भी आए जिसका सामना भी उन्हें करना पड़ा और अंतत उन्होंने इस चुनाव में अपने आप को स्थापित करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जिस का परिणाम यह हुआ कि आज उन्हें विजय श्री मिली। भाजपा की मीना वर्मा ने कांग्रेस प्रत्याशी रामप्यारी पटेल को 4660 मतों से शिकस्त देकर कुम्हारी पालिका में अध्यक्ष पद पर कब्जा कर लिया है। पिछले दो सत्रों में कांग्रेस का अध्यक्ष रहा है। शनिवार को स्वामी आत्मानंद परिसर में हुए मतगणना में चुनाव आयोग पालिका प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन की मुस्तैदी के बीच मतगणना का कार्य किया गया। मतगणना स्थल के बाहर दिन भर भाजपा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं सहित वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति बनी रही। परिणाम आने के बाद अपने-अपने जीत के जयकारे के साथ जश्न मनाते हुए जुलूस निकाला गया। 24 वार्डों के 37 बूथों में हुए मतदान में कांग्रेस के 11 पार्षद एवं भाजपा के 11 पार्षदों ने जीत दर्ज की है वहीं 2 स्वतंत्र उम्मीदवारों ने जीत का परचम लहराया। दोनों ही उम्मीदवार भाजपा से टिकिट नही मिलने पर निर्दलीय चुनाव लड़ा था। हालांकि जीत के बाद भाजपा उम्मीदवार मीना वर्मा ने जनता का आभार जताते हुए कहा कि देश प्रदेश के बाद नगर में भी भाजपा को जनता का आशीर्वाद मिला है भाजपा विकासशील पार्टी है उनकी विचारधारा सिर्फ लोगों का विकास करना है। नगर में मूलभूत सुविधाओं के अतिरिक्त नगर का सौदर्यीकरण, स्वस्थ्य, शिक्षा एवं सफाई पर विशेष ध्यान देकर नगर को एक विकसित शहर का दर्जा दिलाना पहली प्राथमिकता होगी अंतिम व्यक्ति तक केंद्र व राज्य की लाभकारी योजनाओं को पहुंचना ही लक्ष्य होगा।

**पार्षद चुनाव में बड़े-बड़े दिग्गज हारे, भाजपा के लोकेश साहू सबसे बड़े अंतर से जीते**-कांग्रेस के वार्ड क्रमांक 4 से दो बार के पार्षद मनहरण यादव बार चुनाव हार गए है। उन्हें भाजपा प्रत्याशी उमाकांत साहू ने हराया । वहीं वार्ड 2 से भी कांग्रेस के कद्दावर नेता महेश सोनकर को हार का सामना करना पड़ा है वार्ड 5 से भाजपा के पूर्व पार्षद नारायण सोनकर को विकास सोनकर ने हराया। विकास सोनकर भाजपा से टिकिट नही मिलने पर कांग्रेस के टिकिट से चुनाव लड़ा और चुनाव जीत लिया । भाजपा का गढ़ माने जाने वाले वार्ड 15 से भी भाजपा को हार का सामना करना पड़ा । ज्ञात हो कि यहां से भाजपा से बागी होकर चुनाव लड़ने वाले अनुराग गुप्ता को जीत मिली है। इस वार्ड से भाजपा के रामाधार शर्मा, कांग्रेस से प्रकाश गज्जर को तीसरा व चौथा स्थान मिला। वार्ड क्रमांक 22 से भी भाजपा-कांग्रेस की करारी हार के बाद भाजपा से बागी प्रत्याशी ओंकार मारकंडे की जीत हुई है।

# दुर्गा विद्यालय में मातृ पितृ पूजन का हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com




लंबर दुर्गा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मातृ द्बपितृ पूजन कार्यक्रम एवं विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. एन .के. भोई प्राचार्य रामचंडी महाविद्यालय, अध्यक्षता आर. आर.पटेल दुर्गा शिक्षण व सेवा समिति, विशिष्ट अतिथि प्रदीप गुप्ता समाजसेवी ,श्याम सुंदर चौधरी, अंगद साहू सदस्य दुर्गा शिक्षण व सेवा समिति, नवीन पटेल प्राचार्य शास. हाई स्कूल लंबर, एस. एल.चौहान प्रधान पाठक M/S लंबर, गौरीशंकर साव, सहनी यादव, प्रमोद कुमार भोई उपस्थित थे। सर्वप्रथम विद्या की देवी मां सरस्वती एवं प्रथम पूज्य गणेश की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण एवं पूजा अर्चना कर कार्यक्रम को शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात, विद्यालय परिसर में स्थापित स्वामी विवेकानंद, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण किया गया। मनीषा साहू, रितु पटेल, विद्या साहू ,तन्नू पटेल ने विदाई समारोह की उपलक्ष्य में गीत, कविता, भाषण एवं नृत्य प्रस्तुत किया। इसके बाद कक्षा 9वी, 10वीं,11वीं के छात्र/छात्राओं ने मिलकर कक्षा 12वीं के छात्र/ छात्राओं को तिलक वंदन कर लेखनी से सम्मानित किया। आर. आर .पटेल ने मातृ -पितृ पूजन की महत्व को बताया। प्रदीप गुप्ता ने कहा - हमारा देश श्रवण कुमार का देश हैं इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजन होने से बच्चे संस्कारवान, चरित्रवान एवं गुणवान बनते हैं ।मुख्य अतिथि के आसंदी से डॉ. एन.के . भोई ने कहा इस विद्यालय में मातृ द्बपितृ पूजन दिवस मनाना निश्चित ही पाश्चात्य को छोड़कर भारतीय संस्कृति को अपनाना है, विद्यालय के विद्यार्थी बहुत ही अनुशासन से मातृ -पितृ सम्मान समारोह का आयोजन किया हैं। मैं प्रबंधन समिति को साधुवाद देता हूं। मातृ पितृ पूजन में अतिथियों द्वारा पालकों को शाल, श्रीफल, फूल माला लेखनी से सम्मानित किया गया ।वे इस प्रकार हैद्व गिरधारी साहू, पूर्णिमा साहू किस्मत लाल बरिहा, लक्ष्मी बरिहा, गणेश राम भास्कर, दिव्या भास्कर, गोरखनाथ साहू, गीता देवी साहू, शारदा चरण जायसवाल, डीलेश्वरी जायसवाल, नीलकंठ साहू, उर्मिला साहू, कौशल साहू, मालती साहू, तोषराम साहू, कुमारी साहू, नरसिंह तांडी प्रेमबाई तांडी,धरम सिंह सिदार नोनी बाई सिदार, हीरीतराम सिदार, यशोदा सिदार, लक्ष्मी प्रसाद चौहान, गजमोती चौहान, हेतराम जायसवाल, केंवरा जायसवाल, हेमंत कुमार साहू, भानुमति साहू, समारू निषाद, अनीता निषाद।

## जिले से लगभग 1600 छात्र पंजीकृत

# आठवीं के बच्चे होंगे शामिल 9वीं से 12वीं तक हर महीने छात्रवृत्ति

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग के द्वारा आयोजित राष्ट्रीय साधन सह प्राविण्य छात्रवृत्ति योजना की परीक्षा आज 16 फरवरी को संपन्न होगा। कलेक्टर दीपक अग्रवाल के निर्देशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी ए.के. सारस्वत, जिला नोडल अधिकारी श्याम चंद्राकर, मनोज केला के द्वारा राष्ट्रीय साधन सह प्रविण्य छात्रवृत्ति योजना की परीक्षा की व्यापक तैयारी पूर्ण किया जा चुका है। जिला शिक्षा अधिकारी ए के सारस्वत ने बताया कि केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत स्कूल शिक्षा एवं और साक्षरता विभाग द्वारा राष्ट्रीय साधन सह प्रवीण छात्रवृत्ति योजना के तहत 16 फरवरी को परीक्षा आयोजित की जाएगी। इसमें चयनित कक्षा आठवीं में अध्यनरत आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को कक्षा 9वीं से 12वीं तक के पढ़ाई के लिए हर माह एक हजार रूपये छात्रवृत्ति केंद्र सरकार की ओर से प्रदान की जाएगी। छात्रवृत्ति योजना के तहत इस परीक्षा पर माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित की जाएगी। पूर्व वर्षों में यहां परीक्षा राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के द्वारा आयोजित की जाती रही है।

**केंद्राध्यक्ष को दिए गए आवश्यक दिशा निर्देश**-राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा है और यह योजना भारत सरकार शिक्षा मंत्रालय की योजना है। परीक्षा निर्बाध तथा सुचारू ढंग से संपन्न हो इसके लिए जिला प्रशासन के द्वारा सभी जिला के अंतर्गत तीन परीक्षा गरियाबंद, छुरा, फिंगेष्वर को केंद्र बनाए गए हैं। जिसमें जिले से कुल 1 हजार 600 परीक्षार्थी शामिल होंगे। केंद्राध्यक्ष को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया है। जिसमें बिजली, पानी एवं परीक्षार्थी की सुविधाओं को विशेष ध्यान देने कहा गया है। परीक्षा दो पाली में आयोजित होगी।

**शाला में नियमित कोचिंग व मॉक टेस्ट**-जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि जिले की सभी विद्यालयों में दक्ष शिक्षकों के द्वारा एक कालखंड राष्ट्रीय साधन सह प्रवीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा के लिए कोचिंग दिया जा चुका है। तथा बच्चों के मन में जो समस्या है, छोटे-छोटे बिंदुओं पर विस्तार से समझाया जा रहा है। ताकि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो। इसके साथ-साथ प्रत्येक सप्ताह राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा के लिए शाला एवं संकुल स्तर पर मॉक टेस्ट लिया गया है।

# हार का जनादेश स्वीकार, अम्लेश्वर नगर के समस्त नागरिकों का आभार : मोनू साहू

पायनियर संवाददाता ◄ अम्लेश्वर
www.dailypioneer.com



दुर्ग जिला अंतर्गत नगर पालिका परिषद अमलेश्वर के कांग्रेस प्रत्याशी मोनू साहू ने जनादेश को स्वीकार करते हुए। अध्यक्ष दयानंद सोनकर सहित सभी निर्वाचित 18 पार्षदों को बधाई एवं शुभकामनाएं सोशल मीडिया के माध्यम से दी है। उन्होंने कांग्रेस के 10 निर्वाचित प्रत्याशियों को बधाई देते हुए नगर के जनता का आभार प्रकट किया है। उन्होंने कांग्रेस पार्टी को टिकट देने के लिए आभार व्यक्त किया है। साथ ही चुनाव में प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से समर्थन देने वाले सभी नागरिकों का भी आभार व्यक्त किया है साथ ही शिव महापुराण में सहयोग प्रदान करने वाले सभी शिव भक्तों का भी हृदय से आभार प्रकट किया है। श्री साहू ने नगर पालिका अमलेश्वर के समस्त नागरिकों के लिए सुख समृद्धि की कामना की है। एवं अध्यक्ष सहित सभी पार्षद जनता के हित में काम करें और अमलेश्वर नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाने की दिशा में कार्य करें यही शुभकामनाओं के साथ पुनः बधाई एवं आभार। साथ ही सभी प्रिंट मीडिया और सोसल मीडिया के पत्रकार साथियों का भी आभार।

## संपादकीय

### आयकर विधेयक करदाता-हितैषी कदम

**संसद** में निर्मला सीतारमण द्वारा लाए आयकर विधेयक, 2025 का उद्देश्य 1961 कानून के स्थान पर ज्यादा करदाता-हितैषी ढांचा बनाना है। वित्त मंत्री सुश्री निर्मला सीतारमण ने संसद में गुरुवार को आयकर विधेयक, 2025 पेश किया। यह विधेयक आयकर कानून, 1961 का स्थान लेगा जो पिछले छः दशकों में अनेक संशोधनों के कारण जटिल हो गया है। यह विधेयक सरलीकरण, स्पष्टता तथा करदाताओं के लिए क्रियान्वयन में सुगमता सुनिश्चित करने के साथ कर व्यवस्था का मूल ढांचा बनाए रखता है। 622 पेज में फैले इस विधेयक में 536 धारायें, 23 अध्याय तथा 16 अनुसूचियां हैं जिससे यह 880 पेज में फैले 1961 के कानून की तुलना में काफी संक्षिप्त है। इनमें एक प्रमुख परिवर्तन 'पिछले वर्ष' को हटाना तथा 'आंकलन वर्ष' के स्थान पर 'कर वर्ष' रखना है जिससे कर फाइलिंग के संबंध में भ्रम दूर हुआ है। स्पष्टता और बढ़ाने के लिए 'नाटविधस्टैंडिंग' जैसे भ्रामक शब्दों के स्थान पर 'इररिस्पेक्टिव' शब्द रखे गए हैं। नए विधेयक में प्रमुख गणनाओं, जैसे टीडीएस, अनुमानित कराधान, वेतन कराधान एवं खराब कर्जों के लिए छूट जैसी प्रमुख गणनाओं के लिए फार्मूले व सारणियां दी गई हैं। जटिल व्याख्याओं और प्राविधानों को हटा कर कानून को ज्यादा समग्र तथा प्रयोगकर्ता-हितैषी बनाया गया है। एक औपचारिक 'करदाता चार्टर' शामिल कर कर प्रशासन में पारदर्शिता व न्याय को प्रोत्साहित करने के लिए अधिकार और



दायित्व रेखांकित किए गए हैं। टीडीएस संबंधी सभी प्राविधानों को एक अकेली धारा में समाहित कर सरल सारिणीय फार्मेट दिए गए हैं जिससे जटिलता कम होती है तथा क्रियान्वयन बेहतर होता है। इसके साथ ही विधेयक में पिछले 60 साल में प्रमुख अदालती फैसलों को समाहित कर विवादों को कम कर विधिक निश्चितता प्रदान की गई है। कर्मचारियों के स्टाक विकल्पों के लिए कर व्यवहार विकल्पों में सुधार कर ज्यादा पारदर्शी कराधान ढांचा पेश किया गया है जो स्टाक विकल्प चुनने वाले कर्मचारियों से न्यायोचित व अनुमान योग्य टैक्स व्यवहार करता है। कर छूटों को स्पष्ट करते हुए कुल आय से अधिक वाली आमदनी को अब पूरे कानून में फैलाने के बजाय खास अनुसूचियों में रखा गया है। इन परिवर्तनों से अनेक लाभों की उम्मीद है जिनमें सरल क्रियान्वयन, सरल कराधान ढांचा, कम मुकदमेबाजी, सरल टीडीएस ढांचा तथा स्टाक विकल्पों वाले कर्मचारियों के लिए बेहतर अनुमान शामिल हैं। लेकिन इन लाभों के बावजूद विधेयक के समक्ष अनेक चुनौतियां हैं।

करदाताओं और बिजनेसों को नई परिभाषाओं और प्राविधानों को लागू करने के लिए ज्यादा समय चाहिए। 'पिछले वर्ष' को हटाने और 'आंकलन वर्ष' रखने से परिवर्तन के दौरान अस्थाई भ्रम पैदा हो सकता है। इसके साथ ही सारिणियों व सरल टीडीएस धाराओं को आयकर रिटर्न फार्मों, साफ्टवेयरों और रिपोर्टिंग व्यवस्थाओं में शामिल करना होगा। आयकर विधेयक, 2025 ज्यादा पारदर्शी, सक्षम तथा करदाता-हितैषी व्यवस्था की ओर एक कदम है। जहां यह नए टैक्स नहीं शुरू करता है, वहीं भाषा के सरलीकरण, भ्रम दूर करने तथा न्यायिक पूर्व उदाहरणों को समाहित करने से क्रियान्वयन का खर्च तथा कर विवाद घटेंगे। यदि कानून का सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए तो यह विधायक कर प्रशासन की क्षमता में वृद्धि करेगा तथा करदाताओं में बेहतर स्वैच्छिक क्रियान्वयन को प्रोत्साहित करेगा। वित्त विभाग की संसदीय स्थाई समिति में चर्चा के बाद संसद में पेश किया जाएगा। संसद द्वारा पास होने के बाद इस विधेयक को संभवत: 1 अप्रैल, 2026 से लागू किया जाएगा। उसी समय यह स्पष्ट होगा कि वास्तव में यह नया कानून पुराने कानून की तुलना में कैसा काम करता है।

# नियामकीय बाधाओं में कमी

नियामकीय बाधायें घटाने के लिए लाई 'जन विश्वास 2.0' जैसी पहलों के साथ ही लाल फीताशाही व रिश्वत जैसी विभीषिकायें समाप्त करने के लिए व्यापक सुधारों की आवश्यकता है।



**ए एस मित्तल**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)



भ्रष्टाचार से मुकाबले के निरंतर प्रयासों के बावजूद लाल-फीताशाही व रिश्वत भारत में बिजनेसों की प्रगति में बड़ी बाधायें बनी हुई हैं। हालिया 'इंडिया बिजनेस करप्शन सर्वे 2024' में एक परेशान करने वाली तस्वीर पेश की गई है। 66 प्रतिशत बिजनेस उद्यमों ने रिश्वत देने की बात स्वीकार की है, जबकि 54 प्रतिशत ने कहा कि उनको सरकारी प्रक्रियायें तेज करने, परमिट लेने, क्रियान्वयन सुनिश्चित करने या डुप्लीकेट लाइसेंस लेने के लिए मजबूर किया गया। यह समस्या श्रम विभाग, जीएसटी, आयकर, प्रदूषण, प्रावीडेंट फंड, संपत्ति पंजीकरण, औषधि एवं स्वास्थ्य विभागों में ज्यादा गंभीर है। इसके आर्थिक प्रभावों से इनकार नहीं किया जा सकता है।

ईवाई-फिक्की के सर्वेक्षण से स्पष्ट होता है कि पांच में से चार उत्तरदाताओं का विश्वास है कि प्रत्यक्ष विदेशी निवेश-एफडीआई में भ्रष्टाचार बड़ी बाधा है। इससे भारत के क्रियान्वयन ढांचे में तत्काल सुधार की आवश्यकता उजागर होती है ताकि पारदर्शी, न्यायोचित और अनुमान योग्य नियामक परिवेश बनाया जा सके। हालांकि, सरकार ने दो साल पहले नियामक सुधार शुरू किए थे, पर इनकी प्रगति धीमी है। जन विश्वास कानून, 2023 इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम है जिसने जेल जाने संबंधी 180 प्राविधानों को अपराध के दायरे से हटा कर बिजनेसों और उद्यमियों की अनेक क्रियान्वयन बाधायें दूर की हैं।

इसके साथ ही वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के 2025 बजट में 'जन विश्वास 2.0' की घोषणा से 100 और प्राविधानों को अपराध के दायरे से बाहर किया गया है। हालांकि, यह कदम स्वागत योग्य है, पर यह केवल सतही कदम है क्योंकि अभी भी जेल की सजा वाले 20,000 से अधिक प्राविधान वैसे ही बने हुए हैं। भारतीय बिजनेसों के लिए क्रियान्वयन एक जटिल चुनौती है, लेकिन भ्रष्टाचार से मिल कर यह अलंघ्य बाधा बन जाती है। नियामक अधिकारी अक्सर क्रियान्वयन प्राविधानों का प्रयोग कर रिश्वत वसूल करते हैं। अनेक बिजनेसों का मानना है कि नियामक संस्तुतियां प्राप्त करने के लिए अब भी अनाधिकारिक भुगतान करने पड़ते हैं, भले ही सभी आवश्यक नियम पूरे किए गए हों। व्यवस्था की बड़ी गड़बड़ी इंस्पेक्टरों को मिले विवेकाधीन अधिकार हैं जो बिना किसी जवाबदेही के जेल भेजने या फैक्ट्री बंद कराने की धमकी देते हैं।

एक और बड़ा मुद्दा बार-बार क्रियान्वयन अपडेट देना है जो अक्षमता और भ्रष्टाचार को जन्म देती है। केवल पिछले वर्ष 9,420 क्रियान्वयन अपडेट आईं, यानी औसतन रोज 36 परिवर्तन किए गए। असाधारण रूप से अधिक इन परिवर्तनों का अथ या तो नियामकीय अक्षमता है अथवा यह जानबूझ कर व्यवस्था को भ्रष्टाचार के दलदल में धकेलने का प्रयास है। असाधारण गति से नियमों को अपडेट करने की आवश्यकता वाली नौकरशाही या तो दूरगामी सोच में अक्षम है या ऐसा परिवेश बनाने का प्रयास करती है जहां रिश्वत देना अपरिहार्य हो जाए। हालांकि, भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिकरण-एफएसएसएआई का हालिया निर्देश इस अव्यवस्था को समाप्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इस जनवरी से प्रभावी खाद्य लेबिल परिवर्तन नियमों की घोषणा साल में केवल एक बार की जाएगी। इस प्रकार यह अनुमान योग्य नियामकीय परिवर्तनों का माडल है। ऐसे ही परिवर्तन सभी नियामकीय संस्थाओं में किए जाने चाहिए। क्रियान्वयन संबंधी जेल भेजने की धाराओं का जन्म श्रम कानूनों से होता है जो संविधान की समवर्ती सूची में शामिल हैं। हालांकि, भारत ने 29 उपनिवेश कालीन श्रम कानूनों के स्थान पर चार आधुनिक श्रम संहितायें तैयार की हैं, पर अभी क्रियान्वयन की प्रतीक्षा करते हुए वे अधर में लटकी हैं। इस महत्वपूर्ण कदम को लंबे समय से 'स्वतंत्र भारत में सबसे बड़े श्रम सुधार' कहा जा रहा है, पर वे अब भी अनिश्चित हैं। राज्य सरकारों को तेजी से काम करते हुए इन सुधारों का क्रियान्वयन करना चाहिए। भारत में एक फैक्ट्री लगाने के लिए 40 से अधिक सरकारी विभागों को सैकड़ों स्व-प्रमाणित व नोटरी दस्तावेज देने होते हैं। यह आदिमकालीन व्यवस्था भ्रष्टाचार और अक्षमता को जन्म देती है।

इस प्रक्रिया के स्थान पर डिजिटल-फर्स्ट दृष्टिकोण लागू किया जाना चाहिए। आदर्श रूप से उद्यमियों को फैक्ट्री लगाने की अनुमति के लिए एक 'बिजनेस आईडेंटीफायर' की जरूरत होनी चाहिए जिससे उसे 'डिजी लाकर' के माध्यम से पुष्ट दस्तावेज पेश कर नियामकों तक पहुंच का अवसर मिले। ऐसी व्यवस्था से महीनों लगने वाला समय कुछ दिनों में बदल जाएगा तथा यह हवाईअड्डा सुरक्षा में भारत की 'डिजी यात्रा' का समरूप बनेगा। भारत के डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर-डीपीआई ने प्रशासन में क्रान्तिकारी परिवर्तन किए हैं, पर बिजनेस संबंधी नियम अभी बिखरे हुए हैं। उद्यमियों को अभी विभिन्न केन्द्र व राज्य अधिकारियों द्वारा जारी कम से कम 23 पहचान नंबरों से गुजरना पड़ता है जिनमें पैन, जीएसटिन और सिन के साथ ही पेशेवर टैक्स नंबर व फैक्ट्री लाइसेंस नंबर शामिल हैं।

प्रत्येक पहचान की अपनी समयसीमा होती है जिसे समय-समय पर नवीनीकरण के साथ भुगतान करना होता है। इससे अक्षमता और भ्रष्टाचार जन्म लेता है। इससे निपटने के लिए एकीकृत 'एक राष्ट्र, एक बिजनेस पहचान' व्यवस्था से क्रियान्वयन में नाटकीय परिवर्तन आएंगे, नौकरशाही टकराव कम होगा तथा भ्रष्ट व्यवहारों के अवसर घटेंगे। इस पहल की दिशा में एक छोटा बजटीय आबंटन नियामक आदान-प्रदान को सहज बना कर बिजनेस स्थल के रूप में भारत का आकर्षण बढ़ा सकता है।

निवेश और प्रतिभा की वैश्विक प्रतियोगिता तेज हो रही है। अमेरिका में प्रशासनिक सुधार हो रहे हैं तथा प्रस्तावित डिपार्टमेंट आफ गवर्नमेंट इफीसियेंसी-डाज बिजनेस कार्यवाहियों को सुगम बना सकता है। यदि दुनिया में 27 ट्रिलियन डालर की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था ज्यादा बिजनेस-हितैषी बन सकती है तो निवेशक 4 ट्रिलियन डालर वाली भारतीय अर्थव्यवस्था को क्यों चुनेंगे जहां लाल फीताशाही और भ्रष्टाचार का बोलबाला हो? अमेरिका की बढ़ी क्षमता वैश्विक पूंजी को आकर्षित करेगी और भारत को निवेश तथा उद्यमी प्रतिभा की कमी का सामना करना पड़ सकता है जो 'ज्ञानवान अर्थव्यवस्था' बनने के लिए बहुत जरूरी है। सुस्ती का समय अब बीत गया है क्योंकि कल जो अवसर था, आज वह आवश्यकता बन गया है।

आर्थिक गतिशीलता बनाने के लिए भारत को नौकरशाही बाधायें दूर करनी चाहिए, अनुमान योग्य क्रियान्वयन परिवेश बनाना चाहिए तथा भ्रष्टाचार दूर करना चाहिए। हालांकि, इसके लिए 'जन विश्वास 2.0' के माध्यम से सुगठित ढांचागत व्यवस्था का प्रयास किया गया है, पर केवल यही कदम भारत में बिजनेस सुगमता बढ़ाने तथा भारत का आर्थिक भविष्य सुनिश्चित करने के लिए काफी नहीं है। सरकार को वैश्विक कंपनियों को आकर्षित करने तथा भारतीय उद्यमियों को अनावश्यक रूप से नियामकीय टकराव से डर के बिना खोज, विस्तार व रोजगार सृजन करने के अवसर देने चाहिए। भारत इस समय महत्वपूर्ण मोड़ पर है।

देखना होगा कि नियामकीय सुधारों के लिए गठित उच्चाधिकार समिति साहसी क्रियान्वयन सुधार करती है या सुस्ती प्रदर्शित करती है। इस समय आधुनिक होने या विश्व आर्थिक दौड़ में पीछे रह जाने के बीच कोई और विकल्प नहीं है।

# भारत की कृत्रिम बुद्धि राजनीति

> दिल्ली में चौथे वैश्विक एआई शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने की भारत की योजना एआई नवाचार में नेतृत्व के लिए इसके रणनीतिक प्रयास को रेखांकित करती है।

**कुमारदीप बनर्जी**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पेरिस और वाशिंगटन की हालिया यात्राएं, जहां उन्होंने विकसित दुनिया के दो सबसे प्रभावशाली नेताओं के साथ मुलाकात की, बदलती भू-राजनीतिक गतिशीलता के एक महत्वपूर्ण मोड़ पर हुई है। इन उच्च स्तरीय द्विपक्षीय चर्चाओं का केंद्रीय विषय तेजी से खंडित हो रहे विश्व में उन्नत प्रौद्योगिकी सहयोग के इर्द-गिर्द घूमता रहा। भारत ने मेजबान देश फ्रांस के साथ पेरिस में एआई एक्शन समिट के सह-अध्यक्ष के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह कृत्रिम बुद्धिमत्ता को समर्पित तीसरा वैश्विक आयोजन था, जिसकी तुलना प्रौद्योगिकी के कुंभ मेले से की जा रही है—जिसमें नीति निर्माता, कॉर्पोरेट नेता, विशेषज्ञ और विश्व के नेता एक साथ आते हैं।

शिखर सम्मेलन का प्राथमिक फोकस एआई की परिवर्तनकारी क्षमता का लाभ उठाने पर था, एक ऐसी तकनीक जिसकी तुलना पहिये के आविष्कार और आग पर महारत जैसी अभूतपूर्व मानवीय प्रगति से की गई है। इस बीच, चीन ने एक तेजतर्रार जनरेटिव एआई टूल डीपसीक पेश किया, जो एआई शोध और विकास में अरबों डॉलर का निवेश करने वाली अमेरिकी तकनीकी दिग्गजों के लगभग एकाधिकारवादी प्रभुत्व के लिए एक गंभीर चुनौती है।

वैश्विक एआई शासन की जटिलताओं को और बढ़ाते हुए, पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन ने अपने कार्यकाल के अंतिम सप्ताह में, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस डिफ्यूजन के फ्रेमवर्क पर अंतरिम अंतिम नियम के रूप में जाना जाने वाला एक कार्यकारी आदेश पारित किया। इस आदेश ने एआई विकास के लिए आवश्यक महत्वपूर्ण सॉफ़्टवेयर और हार्डवेयर पर निर्यात




प्रतिबंध लगा दिए, जो अमेरिकी हितों के प्रतिकूल माने जाने वाले देशों - मुख्य रूप से चीन - को लक्षित करते हैं, लेकिन भारत जैसे करीबी सहयोगियों को भी प्रभावित करते हैं। वैश्विक प्रौद्योगिकी हितधारकों ने तब से नए अमेरिकी प्रशासन से पहले से स्थापित विनियामक फ्रीज़ ऑर्डर के साथ स्थिरता बनाए रखने का आग्रह किया है। उन्होंने एआई डिफ्यूजन नियम को तब तक के लिए निलंबित करने का आह्वान किया है जब तक कि आगे की समीक्षा और हितधारक परामर्श यह सुनिश्चित न कर लें कि विनियम राष्ट्रीय सुरक्षा और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार हितों दोनों के साथ संरेखित हैं। उद्योग की अपील के बावजूद, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अभी तक अपने पूर्ववर्ती द्वारा हस्ताक्षरित कार्यकारी आदेश को पलट नहीं दिया है। हालांकि, उनके प्रशासन ने 23 जनवरी को एक नया कार्यकारी आदेश जारी किया, जो दृष्टिकोण में संभावित बदलाव का संकेत देता है।

पदभार ग्रहण करने के कुछ ही दिनों के भीतर, राष्ट्रपति ट्रम्प ने एआई नेतृत्व के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका की प्रतिबद्धता की पुष्टि की, जिसमें कहा गया कि देश ऐतिहासिक रूप से अपनी मजबूत मुक्त बाजार अर्थव्यवस्था, विश्व स्तरीय अनुसंधान संस्थानों और उद्यमशीलता की प्रेरणा के कारण एआई नवाचार के मामले में सबसे आगे रहा है।

उनके निर्देश में उन बाधाओं को दूर करने पर जोर दिया गया जो अमेरिकी एआई प्रगति में बाधा डाल सकती थीं, कुछ मौजूदा एआई नीतियों को रद्द कर दिया और एआई में अमेरिका के वैश्विक नेतृत्व को मजबूत किया। उन्होंने आगे जोर देकर कहा कि एआई प्रभुत्व को बनाए रखना मानव उन्नति, आर्थिक प्रतिस्पर्धा और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण था। वैश्विक एआई शासन, नवाचार और विकास में एक प्रमुख भूमिका का लक्ष्य रखते हुए भारत ने अपना एक महत्वाकांक्षी एआई मिशन निर्धारित किया है। हालांकि, यह विजन उच्च-स्तरीय सेमीकंडक्टर चिप्स और ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट्स (जीपीयू) पर बहुत अधिक निर्भर है, जो वर्तमान में अमेरिकी प्रौद्योगिकी फर्मों द्वारा नियंत्रित हैं पेरिस में मोदी की भागीदारी, दिल्ली में चौथे वैश्विक एआई शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने की भारत की घोषणा, और राष्ट्रपति ट्रम्प और अन्य विश्व नेताओं के साथ उनकी चर्चा वैश्विक एआई प्रगति के मामले में भारत को सबसे आगे रखने की दिशा में एक रणनीतिक कदम का संकेत देती है।

ये कूटनीतिक प्रयास तेजी से विकसित हो रहे एआई परिदृश्य को नेविगेट करने और इस परिवर्तनकारी तकनीक के भविष्य को आकार देने में भारत की हिस्सेदारी सुनिश्चित करने में एक आवश्यक कदम है।

## आप की बात

### भारत-फ्रांस रिश्ते

**भारत** और फ्रांस दोनों ही जितने पुराने मित्र है उतनें ही संबंध भी मजबूत और बहुआयामी हैं। हाल ही की प्रधानमंत्री की यात्रा ने इन संबंधों को और मजबूती प्रदान की है।दोनों देशों ने रक्षा, अंतरिक्ष, परमाणु ऊर्जा और कृत्रिम मेधा जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाया है जो रणनीतिक साझेदारी कि हिस्सा है।फ्रांस शुरू से ही भारत की सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता का पक्षधर रहा है और समय-समय पर वह वैश्विक मंच पर भारत का समर्थन करता आया है। फ्रांस का भारत को वैश्विक शक्ति बनने की क्षमता को समर्थन संबंधों की प्रगाढ़ता का उदाहरण है। 2022-23 में द्विपक्षीय व्यापार का 19 अरब डॉलर तक पहुंचना और फ्रांस से 2000-24 के बीच 10 अरब डॉलर से अधिक का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का आना? व्यापारिक सुझबुझ का परिचय है। जलवायु संकट से निपटने के लिए दोनों देशों का इंटरनेशनल सोलर अलायंस बनाने की साझेदारी विश्व हितार्थ है। परमाणु संयंत्रों के संयुक्त विकास और सुरक्षित कृत्रिम मेधा के लिए हुए समझौते बहुआयामी हैं। दोनों देशों के बीच सहयोग न केवल आर्थिक और तकनीकी क्षेत्र में लाभदायक है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय मंचों पर शक्ति संतुलन में भी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। भारत-फ्रांस की बढ़ती नजदीकी वैश्विक राजनीति में एक सशक्त संदेश है।

– **अमृतलाल मारू**, इंदौर

### पीएम मोदी का अमेरिका दौरा

**प्रधानमंत्री** मोदी के अमेरिकी दौरे से ट्रंप की भारत नीति को लेकर जो आशंका थी वह काफी हद तक दूर हुई है। जैसी कि आशा की जा रही थी वैसी ही मजबूत केमिस्ट्री इन दोनो नेताओ के बीच देखने को मिली। इस दो दिवसीय दौरे के दौरान उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ उच्च स्तरीय द्विपक्षीय वार्ता की, जिसमें व्यापार, रक्षा, सुरक्षा, ऊर्जा और प्रौद्योगिकी सहित कई अहम मुद्दों पर चर्चा की। दोनों नेताओं ने भारत-अमेरिका संबंधों को और मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण फैसले लिए। इस यात्रा के दौरान हुई बैठकों में रणनीतिक साझेदरी को और मजबूत करने के उपायों पर चर्चा हुई भारत और अमेरिका ने रक्षा, ऊर्जा और अत्याधुनिक तकनीक के क्षेत्रों में अपने सहयोग को व्यापक करने का निर्णय लिया। इसके अलावा, दोनों देशों ने वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। दोनों नेताओं ने व्यापार घाटा कम करने, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सेमीकंडक्टर और ऊर्जा आपूर्ति बढ़ाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सहमति जताई। क्वाड सुरक्षा साझेदारी को फिर से सक्रिय किया, जिसमें भारत, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान शामिल हैं। यह सहयोग इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में शांति बनाए रखने के लिए बहुत जरूरी है।

– **विमलेश पगारिया**, बदनावर, मप्र

### ट्रंप की मान गए...

**हालांकि** ट्रम्प के चीन-सीमा विवाद के सुझाव को भारत ने ठुकरा दिया. लेकिन व्यापार समझौते पर ट्रम्प-मोदी वार्ता काफी सफल रही. करीब 43 लाख करोड़ के व्यापारिक समझौतों पर हस्ताक्षर हुए. ट्रम्प ने मोदी की तारीफ़ की और कहा कि मोदी वाक् पटुता में मुझसे भी अधिक जानकार हैं. वैसे ट्रम्प-मोदी के बीच जो भी वार्ता हुई उसमें दोनों देशों के विवादित मामलों से दूर ही रही और सकारात्मक मुद्दों पर ही उनके बीच बातचीत सफल रही. इससे साफ जाहिर होता है कि दोनों ही देश किसी विवाद में न पड़कर विकास और शान्ति को अधिक महत्त्व देना चाहते हैं साथ ही दोनों की दोस्ती को बेहतर बनाये रखना चाहते हैं. अवैध प्रवासियों और टेरिफ पर वे तटस्थ रहे. अडानी मामले पर उसे निजी मामला करार देते हुए उससे ही दूरी बनाये ही रखी मोदीजी ने. उनकी 2 घंटे की बातचीत काफी सकारात्मक और अपने-अपने राष्ट्रहितों के मद्देनजर रही. ये एक बेहतर कूटनीति ही कही जा सकती है दोनों देशों के राष्ट्राध्यक्षों के बीच. इससे अमेरिका और भारत के बीच सम्बन्ध मजबूत होंगे और भविष्य में भी एक-दूसरे के बीच सहयोगात्मक रुख बना रहेगा. क्योंकि दोनों का उद्देश्य युद्ध नहीं शान्ति से समाधान के रास्ते अपनाना है. जैसा कि दोनों बारम्बार कह चुके हैं।

– **शकुंतला महेश नेनावा**, इंदौर

### बंद हो रेवड़ी संस्कृति

**राजनीतिक** दलों को रेवड़ी बांटने वाली संस्कृति पर फटकार लगाते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने अपनी टिप्पणी के अंतर्गत उचित ही कहा है कि रेवड़ियां लोगों को अकर्मण्यता की ओर धकेल रही हैं। चुनाव में अपने प्रत्याशियों की जीत के लिए राजनीतिक दल रेवड़ियां बांट कर वोट हासिल करने का भरपूर प्रयास करते हैं। रेवड़ी संस्कृति बंद होनी ही चाहिए। रेवड़ियां व्यक्ति को आलसी और अकर्मण्य बना देती हैं। देश में लोग काम करने और काम ढूंढने के लिए तैयार नहीं हैं, क्योंकि उन्हें मुफ्त में पैसा और राशन मिल रहा है। आज के दौर में राजनीतिक दल वोट हासिल करने के लिए मतदाताओं को लालच देकर मुफ्त का ऑफर दे रहे हैं। कई राज्यों में बिजली बिलों में 200 यूनिट तक बिजली मुफ्त हैं। दिल्ली में अरविन्द केजरीवाल की नई रेवड़ी पद्धति के बाद अन्य दल की भी रेवड़ियां बांटने की जरूरत आ पड़ी थी। समझने की आवश्यकता है कि मुफ्त की घोषणाओं से सरकारी खजाने पर बोझ पड़ता है। बदले में उसकी भरपाई टैक्स बढ़ा कर टैक्सपेयर से वसूला जाता है।

– **अंकित सोनी**, मनावर, मप्र

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# बालोद व दल्लीराजहरा नगरपालिका समेत 7 नगर पंचायत में भाजपा का अध्यक्ष और एक नगर पंचायत में निर्दलीय का कब्जा

## 137 वार्डो में 76 में बीजेपी, 41 में कांग्रेस और 20 वार्ड में निर्दलीय पार्षद जीते चुनाव चुनाव





पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com

नगरी निकाय के आए परिणामों ने कांग्रेस का सुपड़ा ही साफ कर दिया। अप्रत्यक्ष प्रणाली से हुए चुनाव में जिले के 2 नगर पालिका बालोद व दल्लीराजहरा सहित 6 नगर पंचायत गुरुर, गुंडरदेही, डौंडी, डौंडीलोहारा एवं चिखलाकसा कुल 7 निकाय में अध्यक्ष पद पर भाजपा का कब्जा हुआ है, और नगर पंचायत में अर्जुन्दा में भाजपा से बागी होकर चुनाव लड़े निर्दलीय ने अध्यक्ष चुनाव जीता है। इतना ही नही बालोद जिले के 8 नगरीय निकायो के कुल 137 वार्डो में 76 वार्ड में बीजेपी पार्षद, 41 वार्ड में कांग्रेस पार्षद और 20 वार्ड में निर्दलीय पार्षद चुनाव जीतकर आये है। जिले के नगरीय निकायों में भाजपा को ऐतेहासिक जीत मिली हैं। कांग्रेस एक भी निकाय में अपना अध्यक्ष नही बना पाई हैं। तीनों विधानसभा संजारी बालोद, गुंडरदेही और डौंडीलोहारा के कांग्रेस विधायक नगरीय निकाय चुनाव में धराशाही हुए है, वे एक भी निकाय में कांग्रेस का अध्यक्ष बनाने में नाकाम रहें है। जिले की सबसे हॉट सीट बालोद नगरपालिका में अध्यक्ष पद से भाजपा प्रत्याशी प्रतिभा चौधरी 3 हजार 474 और दल्लीराजहरा नगर पालिका में अध्यक्ष पद से भाजपा प्रत्याशी तोरण साहू 3 हजार 554 मतों से विजयी हुए है। जिले के निकाय चुनाव के इतिहास में अब तक सबसे इतने बड़े अंतर से जीत मानी जा रही हैं। बालोद नगर पालिका में 10 साल बाद और दल्लीराजहरा नगर पालिका परिषद में 24 साल बड़ा भाजपा का अध्यक्ष काबिज हुआ है। भाजपा की ऐतेहासिक जीत के बाद कार्यकर्ताओ में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। इस नगरीय निकाय चुनाव में सबसे बड़ी बात यह रही कि चेमन देशमुख के जिलाध्यक्ष बनने के बाद यह सबसे बड़ी जीत हुई है, जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में 8 में 7 में भाजपा अपना अध्यक्ष बनाने में सफल हुई है। वही जिलाध्यक्ष चेमन देशमुख ने इस ऐतेहासिक जीत को मोदी की गारंटी, साय का सुशासन और जनता की जीत बताया है। उन्होंने जिले की जनता और भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं को इस शानदार जीत की बधाई दी।

### गृहनगर तक नही जीत पाए विधायक

इस नगरी निकाय चुनाव में परिणाम काफी हैरत व चौकाने वाले रहे। जहां 10 साल बाद बालोद और 24 साल बाद दल्लीराजहरा में भाजपा का अध्यक्ष परिषद में काबिज हुआ हैं। जिले की तीनों विधानसभा जहां कांग्रेस के विधायक काबिज हैं, वहां विधायक अपने गृह नगर में कांग्रेस का अध्यक्ष बनाने में नाकाम रहे हैं। सबसे बड़ी बात डौंडीलोहारा नगर पंचायत में रही यहां पूर्व मंत्री एवं विधायक अनिला भेड़िया के गरीबी कहे जाने वाले अनिल लोढ़ा तीसरे नंबर पर रहे, जबकि दूसरे नंबर पर निर्दलीय चुनाव लड़ रहे प्रेमचंद भंसाली रहे। वही कुंवर सिंह निषाद अपने गृह नगर अर्जुंदा में भी कांग्रेस को जीत नहीं दिला पाए, यहां जनता ने भाजपा और कांग्रेस दोनों को ही नकार निर्दलीय को अध्यक्ष चुना है। भाजपा से बागी होकर चुनाव लड़े प्रणेश जैन ने यहां पर ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। वहीं चुनाव जीतने के बाद प्रणेश जैन की भाजपा में वापसी के अटकलें शुरू हो गई हैं। वही संजारी बालोद विधायक संगीता सिन्हा भी अपने गृह नगर गुरुर नगर पंचायत में भी अध्यक्ष बनाने में असफल नहीं है। बालोद नगरपालिका में तो एकतरफा कांग्रेस को जनता शहर की मतदाता ने नकारा है।

### भाजपा ने दिखाई एकता कांग्रेस में रही गुटबाजी

इस नगरीय निकाय चुनाव में जहां परिणाम हैरत और चौंकाने वाले रहे हैं तो वहीं इस परिणाम को लाने भाजपा पूरी एकता के साथ लड़ी और चुनाव जीता। हालांकि शुरुआत में जहां अध्यक्ष प्रत्याशी को लेकर नाराजगी का दौर चला था, वह आने वाले कुछ दिनों के बाद धीरे-धीरे शांत होता गया और भाजपा के सभी वरिष्ठ दिग्गज नेता चुनावी मैदान में उतरकर चुनाव जीतने एड़ी चोटी एक कर दिए। सभी भाजपा नेता एकजुटता के साथ चुनाव लड़े, जो कि निर्णय परिणाम स्वरुप सामने आया। वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस में गुटबाजी देखने मिली। बालोद और दल्ली राजहरा में कांग्रेस में गुटबाजी देखने मिला जहां दल्लीराजहरा में कांग्रेस प्रत्याशी रवि जायसवाल का नाम ऐलान होने के बाद कई बड़े कांग्रेसी नेता इस्तीफा देने तैयार रहे, तो वही बालोद नगर पालिका में जहां एक और विधायक संगीता सिन्हा एवं पूर्व विधायक भैयाराम सिन्हा ने जमकर पसीना बहाया, तो वही कई कांग्रेसी नेता इस चुनाव से खुद को दूर रखते नजर आए।

### अध्यक्ष पद पर पड़े मत–

बालोद नगरपालिका
प्रतिभा चौधरी (भाजपा)- 9285
पद्मिनी साहू (कांग्रेस)- 5811

दल्लीराजहरा नगरपालिका
तोरण साहू (भाजपा)- 11492
रवि जायसवाल (कांग्रेस)- 7938

गुंडरदेही नगर पंचायत
प्रमोद जैन (भाजपा)- 3170
केके राजू चंद्राकर (कांग्रेस)- 2979

डौंडी नगर पंचायत-
मोहांतींन चौरका (भाजपा)- 1831
कमलेश्वरी कोरटिया (निर्दलीय)- 1384

चिखलाकसा नगर पंचायत
कुंती देवांगन (भाजपा)- 1902
रत्ना वेंकट राव (कांग्रेस)- 1255

अर्जुन्दा नगर पंचायत
प्रणेश जैन (निर्दलीय)- 1239
ओभास प्रिंस यादव (भाजपा)- 690

गुरुर नगर पंचायत
प्रदीप कुमार साहू (भाजपा)- 1209
टिकेश्वर साहू (कांग्रेस)- 1085

डौंडीलोहारा नगर पंचायत
लाल निवेन्द्र सिंह टेकाम (भाजपा)- 2731
प्रेम चंद भंसाली (निर्दलीय)- 653

### बालोद नगर पालिका के सभी मतदान केंद्रों में बीजेपी को मिली बढ़त

| | पद्मिनी साहू | प्रतिभा साहू |
|---|---|---|
| मतदान केंद्र क्रमांक- 1 | 267 | 409 |
| मतदान केंद्र क्रमांक- 2 | 161 | 353 |
| मतदान केंद्र क्रमांक- 3 | 179 | 384 |
| मतदान केंद्र क्रमांक- 4 | 319 | 502 |
| मतदान केंद्र क्रमांक- 5 | 194 | 490 |
| मतदान केंद्र क्रमांक- 6 | 271 | 563 |
| मतदान केंद्र क्रमांक- 7 | 223 | 410 |
| मतदान केंद्र क्रमांक- 8 | 291 | 429 |
| मतदान केंद्र क्रमांक- 9 | 275 | 385 |
| मतदान केंद्र क्रमांक- 10 | 352 | 395 |
| मतदान केंद्र क्रमांक- 11 | 128 | 431 |
| मतदान केंद्र क्रमांक- 12 | 142 | 285 |
| मतदान केंद्र क्रमांक- 13 | 162 | 224 |
| मतदान केंद्र क्रमांक- 14 | 213 | 210 |
| मतदान केंद्र क्रमांक- 15 | 217 | 240 |
| मतदान केंद्र क्रमांक- 16 | 336 | 434 |
| मतदान केंद्र क्रमांक- 17 | 158 | 310 |
| मतदान केंद्र क्रमांक- 18 | 261 | 370 |
| मतदान केंद्र क्रमांक- 19 | 125 | 188 |
| मतदान केंद्र क्रमांक- 20 | 220 | 218 |
| मतदान केंद्र क्रमांक- 21 | 96 | 255 |
| मतदान केंद्र क्रमांक-22 | 138 | 240 |
| मतदान केंद्र क्रमांक- 23 | 126 | 296 |
| मतदान केंद्र क्रमांक- 24 | 169 | 321 |
| मतदान केंद्र क्रमांक- 25 | 209 | 185 |
| मतदान केंद्र क्रमांक- 26 | 127 | 252 |
| मतदान केंद्र क्रमांक- 27 | 452 | 506 |

### हर केंद्र में भाजपा को मिली बढ़त

बालोद नगरपालिका के टाउन हॉल में मतगणना के दौरान शुरुआती रुझानों से ही भाजपा की अध्यक्ष प्रत्याशी प्रतिभा चौधरी को बढ़त मिलती रही, 27 मतदान केंद्रों में सिर्फएक मतदान केंद्र क्रमांक 25 में कांग्रेस प्रत्याशी पद्मिनी साहू 24 मतों से आगे रही, बाकि 26 मतदान केंद्रों में प्रतिभा आगे रही। 2 राउंड की गिनती के बाद कांग्रेस प्रत्याशी पद्मिनी साहू मायूस चेहरा लिए मतगणना स्थल से बाहर चली गई।

# भाजपा कार्यकर्ताओं का भव्य सम्मान समारोह आयोजित

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com




भारतीय जनता पार्टी निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक-14, बेरला कला के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं, शक्ति केंद्र प्रभारियों एवं बूथ अध्यक्षों का सम्मान समारोह मुख्य चुनाव कार्यालय, पिरदा के सुखमयी भवन में आयोजित किया गया। इस भव्य आयोजन का नेतृत्व भाजपा अधिकृत जिला पंचायत प्रत्याशी कल्पना योगेश तिवारी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष अजय साहू रहे, जबकि अध्यक्षता पूर्व विधायक अवधेश चंदेल ने की। विशेष अतिथि के रूप में भाजपा जिला महामंत्री एवं चुनाव प्रभारी (क्षेत्र-14) नरेंद्र वर्मा, भिंभौरी मंडल अध्यक्ष सूर्यकांत नायक एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष यशवंत वर्मा उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि अजय साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि भाजपा के निष्ठावान एवं समर्पित कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत का ही परिणाम है कि आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी के रूप में स्थापित हो चुकी है। पार्टी कार्यकर्ताओं ने जनता के बीच भाजपा की योजनाओं को सफलतापूर्वक पहुंचाया है। पूर्व विधायक अवधेश चंदेल ने अपने संबोधन में कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में 15 वर्षों तक विकास की गंगा बही, जिसमें गरीबों को निःशुल्क चावल योजना जैसी कई जनहितकारी योजनाएं आज भी जारी हैं। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक योगेश तिवारी ने सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं ने पार्टी को एक छोटे से पौधे से विशाल वटवृक्ष बनाने का कार्य किया है। उनके अथक परिश्रम का ही यह परिणाम है कि देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार लगातार तीसरी बार जनसेवा कर रही है। उन्होंने हर घर स्वच्छ जल, गरीबों को आवास, महिला सशक्तिकरण हेतु निःशुल्क गैस कनेक्शन जैसी कई महत्वपूर्ण योजनाओं का उल्लेख किया।

# माता–पिता स्वयं दुख सहकर अपने बच्चों को हर खुशी देने का प्रयास करते हैं: हिम कल्याणी

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



माता-पिता पूजन दिवस के दिन शासकीय प्राथमिक शाला अकोला विकासखंड साजा में बच्चों के माता पिता को शाला में आंमत्रित किए। प्रधान पाठिका हिम कल्याणी सिन्हा और सहायक शिक्षक हेमलता ठाकुर सभी का स्वागत किए। बच्चें अपने माता और पिता का आरती की थाल सजाकर गुलाल का टीका लगाकर फूलमाला पहनाकर पूजन किए। उनके चरणों का वंदन किए। प्रधान पाठिका हिम कल्याणी सिन्हा ने कहा कि माता पिता इस धरती के साक्षात भगवान है। उनका हमेशा सम्मान और आदर करना चाहिए। तो वैसे साल के हर दिन, हर घड़ी, हर पल माता पिता आदरणीय है। लेकिन साल में क़ोई एक दिन ऐसा होना चाहिए जो सिर्फ उनको समर्पित हो इसलिए मातृ पितृ पूजन दिवस मनाया जाता है। बच्चों को अपने माता पिता का सदैव ध्यान रखना चाहिए। माता पिता अपने बच्चों के लिए दिन रात मेहनत करते है स्वयं दुःख सहकर बच्चों को खुशी देने का प्रयास करते है। उनके त्याग और समर्पण के लिए धन्यवाद देना चाहिए। कोई दूसरा हमारा छोटा सा काम कर देता है तो उसे हम धन्यवाद देते थकते नहीं है, लेकिन हमारे अपने मातापिता सुबह से शाम तक हमारे लिए कितना काम करते है। हमें नहलाते है, भोजन बनाते व खिलाते है, हमारे कपड़े धोते है, हमें सजाते, संवारते है। लेकिन कभी भी हमने उन्हें धन्यवाद तक नहीं कहा। आज से आप लोग हर दिन अपने मातापिता को धन्यवाद कहना। साथ ही शाला में उपस्थित माता पिता को अपने बच्चों को शिक्षा और संस्कार देने की बात कही। सभी बच्चें अपने माता पिता का आशीर्वाद लिए। इस अवसर पर सहायक शिक्षक हिरेश टंडन, पंचराम निषाद, मुन्नी यादव, मीना यादव, सतरूपा ध्रुव, साधना यादव, पुष्पा साहू, बहल साहू, रुखमणी यादव, दूरपत विश्वकर्मा सभी उपस्थित होकर शाला में हर्षोउल्लास के साथ मातृ पितृ पूजन दिवस मनाए।

## मतदान एवं मतगणना स्थल में कव्हरेज हेतु मीडिया प्रतिनिधियों के लिए दिशा–निर्देश जारी

**दल्लीराजहरा।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 अंतर्गत मतदान एवं मतगणना स्थल में कव्हरेज हेतु मीडिया प्रतिनिधियों के लिए दिशा-निर्देश जारी की गई है। जारी आदेश के अनुसार मतदान केन्द्र एवं मतगणना स्थल में कव्हरेज हेतु मीडिया के प्रतिनिधियों को मतदान केन्द्र एव मतगणना स्थल पर सीमित प्रवेश की अनुमति होगी। मतदान केन्द्र के समक्ष बाहर लाईन में मतदान के लिए प्रतीक्षारत खड़े मतदाताओं की फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी की जा सकेगी। किसी भी स्थिति में मतदान केन्द्र में मतदान प्रकोष्ठ के भीतर किसी भी प्रकार की फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी प्रतिबंधित है। किसी भी स्थिति में लगातार वीडियोग्रॉफी नहीं की जा सकेगी। मतदान केन्द्र एवं मतगणना कक्ष में प्रवेश हेतु रिटर्निंग ऑफिसर, पीठासीन अधिकारी किसी भी मीडियाकर्मी को प्रवेश करने से रोक सकेंगे। मतगणना स्थल पर वीडियोग्राफी, फोटोग्राफी रिटर्निंग ऑफिसर के देखरेख में पर्याप्त दूरी से की जा सकेगी। किसी भी स्थिति में मतपत्रों की वीडियोग्राफी, फोटोग्राफी नहीं की जा सकेगी।

## 25 साल बाद इस बार भाजपा के प्रत्याशी तोरण लाल साहू अध्यक्ष पद पर विजयी




**दल्लीराजहरा।** नगरीय निकाय का चुनाव इस बार बहुत ही चौंकाने वाला रहा। सबसे बड़ी बात यह रही की दल्लीराजहरा नगर पालिका में 25 साल बाद इस बार भाजपा के प्रत्याशी तोरण लाल साहू अध्यक्ष पद पर विजयी हुए। जबकि कांग्रेस के प्रत्याशी तथा नगर पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष रवि जायसवाल को पराजय का सामना करना पड़ा। एक प्रकार से देखा जाए तो पूरे प्रदेश में इस बार के नगरीय निकाय चुनाव में परिवर्तन की लहर चल रही है, इसलिए लगभग हर जगह बीजेपी ने विजयी पताका फहरायी। दल्लीराजहरा नगर पालिका चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए चार प्रत्याशी मैदान में थे इसमें भाजपा के तोरण लाल साहू को 11792 मत तथा कांग्रेस के रवि जायसवाल को 7938 मत प्राप्त हुए जबकि निर्दलीय प्रत्याशी संतोष देवांगन को 3249 तथा टकेश्वर सिंह को मात्र 126 वोट से संतुष्ट होना पड़ा। इसी के साथ पार्षदों में भी भाजपा का बहुमत दिखा। वार्ड क्रमांक 1 से भाजपा की शिवांगी ध्रुव, वार्ड क्रमांक 2 से पूनम मोनू जायसवाल भाजपा, वार्ड 3 से भाजपा के मनोज दुबे, वार्ड 4 से भाजपा के संजीव सिंह, वार्ड 5 से कांग्रेस की पुसई बाई साहू, वार्ड 6 से कांग्रेस की सुमरित उर्वशा, वार्ड 7 से भाजपा के वीरेंद्र साहू, वार्ड 8 से कांग्रेस की कालिंदी प्रमोद तिवारी, वार्ड 9 से निर्दलीय मेवा पटेल, वार्ड 10 से भाजपा की मलती, वार्ड 11 से भाजपा के निर्मल प्रकाश पटेल, वार्ड 12 से भाजपा की मोनिका, वार्ड 13 से कांग्रेस की अनीता सोनवानी, वार्ड 14 से कांग्रेस की प्राची चंद्र प्रकाश, वार्ड 15 से तरुण साहू भाजपा, वार्ड 16 से कांग्रेस के पवेन्द्र कुमार, वार्ड 17 से भाजपा की रेखा सहारे विजयी हुए।

# माता–पिता ही इस धरती के साक्षात भगवान है: धनेश रजक

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला खपरी धोबी विकासखण्ड साजा में विद्यालय में माता पिता पूजन दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शाला में पहुंचे पालक गण मां सरस्वती की तैल चित्र पर पूजा अर्चना कर मातृ पितृ दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बालक बालिका अपनें मम्मी पापा का पूजा अर्चना कर फूल माला पहनाकर सुन्दर सा आशीर्वाद लिया, माता पिता के रूप में उपस्थित पालक गण अपने बच्चों सहित सभी बच्चे को आर्शीवाद दिया। बच्चे व आये माता-पिता को शिक्षक चंद्रशेखर कश्यप से मातृ पितृ दिवस के बारे में विस्तार से बताया। इसी कड़ी में शिक्षिका रूखमणी सेन ने अपने मम्मी पापा को याद करते हुए बच्चे व पालक गण को संबोधित किया। संस्था प्रमुख प्रधान पाठक धनेश रजक ने अपने संबोधन में कहा कि इस दुनियाँ में सबसे बड़ा भगवान अगर कोई है तो वह है माता-पिता। जिसके बदौलत हम इस दुनियाँ में आये हैं। माता पिता का हम हमेशा सम्मान करे, भगवान शंकरजी माता पार्वती कार्तिकेय गणेश जी का कहानी बच्चों को बताया। सहायक शिक्षिका विजय लक्ष्मी रावत ने अपने संबोधन में कहा कि बच्चों को हमेशा हर एक दिन अपने मम्मी पापा का प्रणाम कर विद्यालय आना चाहिए। हमेशा उनका आशीर्वाद लेना चाहिए।

# बेमेतरा नगर पालिका सहित 7 नगरीय निकाय में भाजपा 2 में निर्दलीय 1 में कांग्रेस अध्यक्ष बने

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



बेमेतरा जिले के 10 नगरीय निकायों के लिए हुए मतगणना परिणाम में बेमेतरा नगरपालिका सहित 7 नगरीय निकाय में भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष निर्वाचित हुए। वहीं दो नगरीय निकाय में निर्दलीय अध्यक्ष बने जबकि मात्र एक नगरीय निकाय में कांग्रेस के अध्यक्ष निर्वाचित हुए शनिवार को को सुबह नौ बजे से सभी दस नगरीय निकाय में बीते दिनों सम्पन्न हुएं मतदान की मतगणना का काम शुरू हुआ। उसके बाद परिणाम की घोषणा किया गया जिसमें बेमेतरा नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष विजय सिन्हा बीजेपी बने। यहां कुल 21 पार्षद का भी निर्वाचन किया गया। इसमें 13 वार्ड पर भाजपा के पार्षद निर्वाचित हुए कांग्रेस के 7 पार्षद और निर्दलीय 1 पार्षद बने इसी तरह नगर पंचायत नवागढ़ के मतदाताओं ने भाजपा कांग्रेस के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी को नकारते हुए सिद्धांत चौहान (निर्दलीय) को अध्यक्ष पद पर निर्वाचित किया गया। साथ ही पार्षद पद पर भाजपा के 12 और निर्दलीय 3 पार्षद निर्वाचित घोषित किया गया। यहां कांग्रेस को एक भी पार्षद पद नहीं मिला। बता दें कि नवागढ़ क्षेत्र के विधायक दयालदास बघेल जो प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री हैं उसके बाद भी यहां निर्दलीय प्रत्याशी अध्यक्ष बनने में सफलता हासिल किया नगर पंचायत दाढ़ी में भाजपा के अध्यक्ष पद पर भारती सूरज साहू विजयी हुए। इसके साथ ही भाजपा के 7 पार्षद कांग्रेस के 6 तथा निर्दलीय 2 पार्षद बने नगर पंचायत बेरला में भाजपा के अध्यक्ष पद पर विशाल राज देशलहरा निर्वाचित घोषित किया गया। यहां पार्षद कांग्रेस के 2 भाजपा के 11 और निर्दलीय 1 प्रत्याशी चुनाव जीते जिले के एक मात्र नगर पंचायत कुसमी में अध्यक्ष पद पर चंद्र प्रकाश साहू कांग्रेस से विजयी घोषित हुआ है लेकिन पार्षद पद पर भाजपा 5 कांग्रेस 5 और निर्दलीय 5 निर्वाचित हुए। नगर पंचायत भिभौरी में अध्यक्ष संदीप परगनिहा भाजपा के जीत हासिल किया। यहां पार्षद पद पर भाजपा के 7 कांग्रेस के 5 निर्दलीय में 3 पार्षद निर्वाचित हुए। नगर पंचायत थानखम्हरिया में अध्यक्ष पद पर अनिता चंदन अग्रवाल (भाजपा) जीत दर्ज कराया। पार्षद पद पर कांग्रेस के 5 भाजपा से 9 निर्दलीय 1 प्रत्याशी चुनाव में जीते। नगर पंचायत देवकर में अध्यक्ष पद पर सुरेश सीहोर निर्दलीय प्रत्याशी जीत दर्ज कराया।

# बेमेतरा नगर पालिका के विजय सिंहा बने अध्यक्ष, भाजपा के 13, कांग्रेस के 7, एक निर्दलीय बने पार्षद

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



बेमेतरा नगर पालिका अध्यक्ष पद पर विजय सिंहा विजयी हुए, वहीं भाजपा के 13 पार्षद एवं कांग्रेस के सात पार्षद और एक निर्दलीय पार्षद निर्वाचित घोषित किया गया। बेमेतरा जिला मुख्यालय में बीते 11 फरवरी को हुए मतदान की गणना कृषि उपज मंडी परिसर में करीब सुबह करीब 9:00 बजे प्रारंभ हुआ जहां पर मतगणना की गिनती दो राउंड होने के बाद परिणाम आया, जहां भाजपा के उम्मीदवार विजय सिंहा ने कांग्रेस के सुमन गोस्वामी को लगभग 11 30 वोटो से पराजित किया तीसरे स्थान पर निर्दलीय प्रत्याशी रहे, निर्दलीय प्रत्याशी घनश्याम देवांगन ने 4031 वोट प्राप्त किया भाजपा उम्मीदवार विजय सिंहा को कुल 7913 वोट मिला कांग्रेस उम्मीदवार सुमन गोस्वामी को 6783 वोट प्राप्त किया और प्रकाश नारायण साहु को 161वोट से संतोष करना पड़ा। जबकि 210 वोट नोटा को मिला। इस तरह कुल 19098 वोट पड़ा था। बेमेतरा नगर पालिका के छह वार्ड में एक राउंड में परिणाम आ गया था, जबकि बाकी 15 नगर पालिका के वार्ड में दो राउंड के बाद परिणाम घोषित किया गया। पहले राउंड के परिणाम और कुछ अंतराल के बाद का दूसरे राउंड का परिणाम घोषित किया गया। परिणाम घोषित होने के साथ ही जय श्री राम तथा भाजपा की जिंदाबाद के नारे लगने के साथ ही एक दूसरे को बधाई देने लगे एवं रंग गुलाल से एक दूसरे को सराबोर कर दिया गया। निर्वाचन अधिकारी के द्वारा विजयी प्रत्याशियों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया, इसके बाद वार्ड प्रत्याशी जहां अपने-अपने वार्ड में आभार प्रदर्शन करने के लिए चले गए, जबकि नव निर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिंहा विशेष रथ पर बैठकर बाजे गाजे के साथ के साथ लोगों का आभार व्यक्त करने के लिए नगर की विभिन्न मार्गो में देर शाम तक भ्रमण किया। नगर पालिका परिषद के परिणाम की घोषणा होने के बाद बेमेतरा विधायक दीपेश साहू सहित भाजपा के नेता कृषि उपज मंडी प्रांगण में पहुंचे और विजय प्रत्याशियों को बधाई दिया गया। बेमेतरा की 21 वार्ड में प्रत्याशियों को मिले हुए मत इस प्रकार है। वार्ड नंबर एक में राघवेंद्र मनु 241 यशवंत लहरे 192 राजकुमार खंडे 282 निर्दलीय राजकुमार कोसले 16 उपयुक्त में से कोई नहीं पांच को 5 वोट प्राप्त हुआ, यहां राजकुमार खांडे निर्दलीय विजयी हुए। वार्ड नंबर 2 में पुष्पा दुर्गा साहू 269 कांग्रेस के रीता पांडे 363 नेहा निक्की चौहान 268 रजनी दीदी 280 कोई नहीं भी नहीं में 20 वोट पड़ा। यहां कांग्रेस के रीता पांडे 83 वोट से विजय हुए वार्ड क्रमांक 3 में कांग्रेस के लिलेश साहू को 389 भाजपा के पंचू साहू को 555 कोई नहीं में 25 वोट पड़ा, यहां से भाजपा के पंचु साहु 176 वोट से विजयी हुए। वार्ड 4 में कांग्रेस के नारायण छाबड़ा को 173 वोट भाजपा के रवि कुमार मूलवानी को 221 और उपयुक्त में कोई नहीं में एक वोट पड़ा, इस तरह यहां से भाजपा से रवि मूलवानी 48 वोट से जीते। वार्ड नंबर 5 में कांग्रेस के राजू साहू को 593 आशुतोष पांडे को 27 दीपक तिवारी को 50 कोई नहीं में 10 भाजपा के दीनानाथ साहू को 268 वोट मिले, यहां कांग्रेस के राजू साहू 325 वोट से चुनाव जीते। वार्ड नंबर 6 कांग्रेस के चंपा मोहन वर्मा को 395 वोट भाजपा के खिलेश्वरी शिव पाटिल को 691 कोई नहीं में 33 वोट पड़ा, इस तरह भाजपा के खिलेश्वरी शिव पाटिल 296 वोट से विजय रहे। वार्ड क्रमांक 7 से हेमिन यादव को 462 वोट मिले भाजपा के सजनी यादव को 479 और कोई नहीं 19 प्राप्त हुए, यहां भाजपा के सजनी यादव को 17 से जीत दर्ज कराया। वार्ड क्रमांक 8 में चांदनी रोशन दत्ता को 420 वोट रोमन सिंह वर्मा 394 कोई नहीं में 14 वोट पड़े इस तरह 26 वोट से भाजपा के चांदनी रोशन दत्ता विजयी हुए कार्ड नंबर वार्ड नंबर 9 में नीलम टंडन कांग्रेस के 421 वोट शिल्पा बघेल 400 लक्ष्मी नेतराम कौशले को 383 वोट 35 कोई नहीं में वोट पड़ा, कुल 21 वोट से नीलम टंडन कांग्रेस से विजयी हुए। वार्ड नंबर 10 में अखिलेश मिंटा नामदेव 431 भाजपा संतोष वर्मा 280 चंदन सोनी 76 पड़े कोई नहीं में 33 वोट पड़ा, इसमें कांग्रेस के अखिलेश मिंटो नामदेव 121 वोट से विजय हुए। वार्ड नंबर 11 में रूप सिंह साहू रूपी 391 विकास कुमार तंबोली 570 उपयुक्त कोई नहीं मे 20 वोट पड़े इस तरह यहां भाजपा के विकास कुमार तंबोली 179 वोट से विजय हुए। वार्ड नंबर 12 में कांग्रेस के मनोज शर्मा को 241 भाजपा के निखिल साहू गोल्डी 493 वोट तिलक देवांगन 40 वोट कोई नहीं मैं 14 वोट पड़े इस तरह से 252 वोट से भाजपा के निखिल साहू गोल्डी विजय हुए।

## मंडल अध्यक्ष कुसुम शर्मा के नेतृत्व में डौंडीलोहारा में भाजपा अध्यक्ष प्रत्याशी की हुई बड़ी जीत, 8 पार्षद भी हुए जीतने में सफल





पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com

डौंडीलोहारा नगर पंचायत में भाजपा के समर्थित अध्यक्ष प्रत्याशी युवराज लाल निवेंद्र सिंह टेकाम की जीत हुई है। अपने निकटतम प्रतिद्वंदी प्रेमचंद भंसाली निर्दलीय प्रत्याशी व कांग्रेस के प्रत्याशी दिग्गज नेता अनिल लोढ़ा को उन्होंने शिकस्त देते हुए 2 हजार 100 वोटो की अंतर से बड़ी जीत दर्ज की है। ज्ञात हो कि चुनाव प्रचार का पूरा नेतृत्व डौंडीलोहारा भाजपा मंडल की नवनिर्वाचित महिला अध्यक्ष कुसुम शर्मा ने किया था। जिन्होंने अध्यक्ष सहित अपने समर्थित भाजपा पार्षदों के जीत के लिए काफी मेहनत की थी। इस जीत पर अध्यक्ष कुसुम शर्मा ने सभी समस्त मतदाताओं सहित भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता और नेताओं का आभार व्यक्त किया है। भाजपा नगर पंचायत में बड़ी जीत के साथ वापसी करते हुए 8 पार्षद भी जीते हैं। वहीं कांग्रेस से चार पार्षद और निर्दलीय से तीन पार्षद चुनाव जीतकर आए हैं। इस तरह देखा जाए तो उपाध्यक्ष बनाने की स्थिति भी भाजपा के पक्ष में दिख रही है। भाजपा मंडल अध्यक्ष कुसुम शर्मा के नेतृत्व में लड़े गए इस चुनाव में महत्वपूर्ण जीत हासिल करने पर भाजपा के दिग्गज नेताओं ने कुसुम शर्मा को भी बधाई दी। बता दें कि पहली बार भाजपा ने मंडल अध्यक्ष की कमान किसी महिला को सौंपी है। जिसके उपरांत लगातार कुसुम शर्मा सक्रियता से कार्य कर रही थी। पूरे नगर में चुनाव प्रचार के दौरान वह दिन-रात एड़ी चोटी एक करके अपने समर्थित प्रत्याशियों को जीताने के लिए मेहनत करती रही और इसी का नतीजा रहा कि युवा प्रत्याशी लाल निवेंद्र सिंह टेकाम दिग्गज प्रतिद्वंदियों को हराने में कामयाब रहे। आंकड़ों की बात करें तो डौंडीलोहारा में अध्यक्ष अध्यक्ष पद के भाजपा के प्रत्याशी लाल निवेंद्र को कुल 2 हजार 731 वोट मिले हैं। तो वही निकटतम प्रतिद्वंदी प्रेम भंसाली को 753, कांग्रेस के प्रत्याशी अनिल लोढ़ा (जैन) को 639 वोट मिले हैं। तो वहीं निर्दलीय चुनाव लड़ रहे भुजबल देशमुख को 14 और हुलसिया चौहान को 29 वोट मिले हैं। उपरोक्त में से कोई नहीं यानी नोटा में 20 लोगों ने मतदान किया है।

# स्वार्थी भाजपाइयों की नहीं चली चाल, तीसरी बार रमन अग्रवाल बने नगर पालिका अध्यक्ष, रामानुजगंज में ओबीसी का ट्रंप कार्ड फेल

पायनियर संवाददाता < रामानुजगंज
www.dailypioneer.com

नगर पालिका चुनाव में तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष प्रत्याशी रमन अग्रवाल को विजय श्री प्राप्त हुई है इनको नगर की जनता ने अपना मत प्रदान करते हुए 2865 वोटों से विजय दिलाई है वहीं कांग्रेस के अध्यक्ष पद प्रत्याशी मधु गुप्ता को 1926 वोट मिला है तो निर्दलीय प्रत्याशी राहुल जीत सिंह को 1460 वोट प्राप्त हुए हैं वही नगर की जनता ने सभी को दरकिनार करते हुए 56 वोट नोटा में भी दिया है। नगर पंचायत से नगर पालिका में तब्दील हुए रामानुजगंज का नगर पालिका परिषद का प्रथम अध्यक्ष के रूप में रमन अग्रवाल होंगे। कुल 15 वार्ड वाले इस नगर पालिका क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी के 12 पार्षद चुने गए हैं वहीं कांग्रेस के तीन पार्षद विजय हुए हैं। अब रामानुजगंज नगर पालिका परिषद में ट्रिपल इंजन की सरकार के मदद से विकास के बेहतर कार्य किए जाएंगे। वहीं पिछले दो पंचवर्षीय योजनाओं में पिछले 10 वर्षों से भारतीय जनता पार्टी के रमन अग्रवाल नगर पंचायत रामानुजगंज पद पर आसीन रहकर शहर के लिए बेहतर कार्य किय उसी का परिणाम है कि जनता ने अपनी पूरी मत फिर से इनको देकर प्रथम नगर पालिका अध्यक्षके रूप में और बेहतर कार्य करने के लिए दायित्व को सौप है।

### नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष ने जताया आभार

रामानुजगंज नगर पालिका परिषद के चुने गए नवनिर्वाचित अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने शहर की जनता के प्रति अपना आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे पिछले 10 वर्षों की बेहतर कार्य प्रणाली को सराहते हुए नगर की जनता ने पुनः तीसरी बार शहर का कमान हमे सौंपा है इससे हमारी जिम्मेदारी और भी बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि शहर में निवास रथ सभी शहर वासियों को उनके मंशा अनुरूप जाति धर्म से ऊपर उठकर बेहतर कार्य करने का भरपूर प्रयास करूंगा।




रायपुर, रविवार 09 फरवरी 2025
www.dailypioneer.com
पायनियर
भाजपा प्रत्याशी रमन अग्रवाल को हराने के लिए स्वार्थी भाजपाई हुए सक्रिय
बयोवृद्ध भाजपा नेता ने मुख्यमंत्री सहित प्रदेश अध्यक्ष को लिखा पत्र
राम विचार नेताम ने दी थी कड़ी चेतावनी

### हमारे विरोधियों को भगवान दे सद्बुद्धि

रामानुजगंज नगर पालिका परिषद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने अपने घोर विरोधियों को बेहतर संदेश देते हुए कहा कि हमारे बेहतर कार्य का ही अच्छा परिणाम है कि हमने तीसरी बार अध्यक्ष पद की कुर्सी संभाली है हमारे विरोधियों को भगवान सद्बुद्धि दें ताकि भविष्य में किसी के बेहतर किए गए कार्यों का आलोचना ना करें? उनको जितना झूठा लालछन लगाना था उतना उन्होंने लगाया इसके बाद भी उनको मुंह की खानी पड़ी जिसका जवाब शहर की जनता दे चुकी है अब हमें आगे कुछ भी नहीं कहना हैं।

### भाजपा ने 15 में से 12 पर जमाया कब्जा

नगर पालिका परिषद रामानुजगंज के 15 वार्डों में से 12 वार्डों में भारतीय जनता पार्टी ने कब्जा कर लिया है तो वही 03 वार्डों में कांग्रेस ने कब्जा जमाया है। वार्ड क्रमांक 01 में सुमित गुप्ता,वार्ड क्रमांक 02 में सुरेश पुरी, वार्ड क्रमांक 03 में अरुण नागवंशी,वार्ड क्रमांक 05 में विजय रावत,वार्ड क्रमांक 06 में विकास गुप्ता,वार्ड क्रमांक 07 में अर्जुन दास,वार्ड क्रमांक 09 में रमेश गुप्ता,वार्ड क्रमांक 10 में पवन गुप्ता,वार्ड क्रमांक 11 में मिनिसी गुप्ता,वार्ड क्रमांक 12 में शीला जायसवाल,वार्ड क्रमांक 14 में उषा गुप्ता, वार्ड क्रमांक 15 में सिद्धांत यादव ने भारतीय जनता पार्टी के पार्षद विजई हुए। वार्ड क्रमांक 04 से प्रतीक सिंह,वार्ड क्रमांक 08 से रूपवंती जायसवाल,वार्ड क्रमांक 13 से पुष्पा ठाकुर ने कांग्रेस की ओर से कब्जा जमाया। रमन अग्रवाल के नेतृत्व में संपन्न हुई नगरपालिका चुनाव में पिछले चुनाव का आकलन किया जाए तो इस बार पार्षदों की संख्या में भारतीय जनता पार्टी के चार पार्षद अधिक चुनकर आए हैं जिसे बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।

### कुसमी नगर पंचायत ने बचाई कांग्रेस की शाख

बलरामपुर रामानुजगंज जिले में दो नगर पालिका एवं तीन नगर पंचायत शामिल है जिसमें से चार जगहो पर नगर पालिका बलरामपुर,नगर पालिका रामानुजगंज,नगर पंचायत राजपुर और नगर पंचायत वाड्रफनगर में भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष विजयि हुए हैं तो नगर पंचायत कुसमी में कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष ने जीत हासिल कर पूरे जिले में कांग्रेस पार्टी की शाख बचाने का काम किया है यह कांग्रेस के लिए बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है क्योंकि यह क्षेत्र सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज का माना जाता है इसलिए भी यहां कांग्रेस का कब्जा होना पूरे जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है।

## नगर पालिका परिषद चुनाव में भारतीय, जनता पार्टी (भाजपा) ने शानदार प्रदर्शन

**बलौदाबाजार।** वार्ड नंबर 14 से आदित्य गुप्ता जीते हैं भाजपा के अशोक जैन को नगर पालिका का अध्यक्ष चुना गया है। वार्ड नंबर 13 और 14 से शेखर गुप्ता आदित्य गुप्ता



चुनाव जीते इस चुनाव में कुल 21 वार्डों के पार्षद चुने गए, जिनमें भाजपा ने सबसे अधिक सीटों पर जीत दर्ज की है। कांग्रेस और निर्दलीय प्रत्याशियों ने भी कुछ सीटों पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। भाजपा का दबदबा, कांग्रेस को झटका बलौदाबाजार नगर पालिका चुनाव में भाजपा के दमदार जीत दर्ज की। कुल 21 वार्डों में से भाजपा ने 12 सीटों पर कब्जा जमाया, जबकि कांग्रेस को 7 सीं मिलीं। इसके अलावा 2 निर्दलीय उम्मीदवारों ने भी जीतदर्ज की। इस चुनावी नतीजे से स्पष्टहो गया है कि जनता का रुझान भाजपा की ओर रहा। भाजपा कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखा गया।

# गोलू ने जेल में रहकर भी किया परिश्रम, 26483/- रुपए की राशि मिली पारिश्रमिक के रूप में

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com



सकती के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट और सहायक जेल अधीक्षक के प्रयासों से विचाराधीन बंदी को पारिश्रमिक राशि प्राप्त हुई है, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट शुभदा गोयल और सहायक जेल अधीक्षक सतीशचंद्र भार्गव के संयुक्त प्रयासों से उप जेल सक्ती में विचाराधीन बंदी हेमेंद्र उर्फ गोलू को 26,483 रुपये की पारिश्रमिक राशि प्राप्त हुई। यह राशि केंद्रीय जेल बिलासपुर में किए गए श्रम के बदले में दी गई है, जो बंदी अधिकारों और न्याय प्रणाली में सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। हेमेंद्र केंद्रीय जेल बिलासपुर में विभिन्न श्रम कार्यों में संलग्न था, लेकिन विचाराधीन होने के कारण उसे पारिश्रमिक मिलने में बाधाएं थीं। सीजीएम और सहायक जेल अधीक्षक ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक कानूनी प्रक्रियाओं को पूरा कराया, जिसके बाद हेमेंद्र को उसकी मेहनत का पूरा भुगतान किया गया,सहायक जेल अधीक्षक ने कहा, हमारे प्रयास का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि विचाराधीन बंदियों को भी उनके श्रम का उचित पारिश्रमिक मिले। हेमेंद्र को चेक के माध्यम से 26,483 रुपये की राशि मिलना इस दिशा में एक सकारात्मक संकेत है,इस पहल से अन्य विचाराधीन बंदियों को भी लाभ मिलने की उम्मीद है, जिससे वे अपने कानूनी मामलों में सहायता प्राप्त कर सकेंगे और अपने परिवार की आर्थिक स्थिति में सुधार कर पाएंगे। न्यायिक और प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा उठाए गए इस कदम की व्यापक रूप से सराहना की जा रही है।

# राजिम कुंभ मेला पहुंचने निशुल्क बस सेवा का लाभ ले रहे लोग






पायनियर संवाददाता < गरियाबंद
www.dailypioneer.com

माघ पूर्णिमा से राजिम कुंभ कल्प मेला का शुभारंभ हो गया है। राजिम मेला में पहुंचने वाले लोगों को किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो इसे लेकर प्रशासन ने चाक-चौबंद व्यवस्था रखी है। राजिम बस स्टैंड से मेला मैदान पहुंचने के लिए निशुल्क बस चलाया जा रहा है। इस बस सेवा का लाभ लेते हुए प्रतिदिन सैकड़ों लोग मेला मैदान पहुंच रहे हैं। साथ ही बस से ही वापिस लौट रहे हैं। बता दें कि इस बार राजिम कुंभ कल्प नवीन मेला मैदान में आयोजित किया जा रहा है, जहां मुख्य मंच में सांस्कृतिक कार्यक्रम, विभागीय स्टाल, फूड जोन, पंचकोशी धाम पर आधारित झांकी, मीना बाजार, मधेश्वर पहाड़ की झांकी आदि की भव्य प्रदर्शनी लगाई गई है। वहीं पुराने मेला मैदान में संत समागम, महानदी आरती, टेंट सिटी, मनोरंजन झांकी और विभागीय स्टॉल आदि देखने को मिलेगा। परिवहन विभाग के रविंद्र ठाकुर ने बताया कि राजिम बस स्टैण्ड में परिवहन विभाग द्वारा कंट्रोल रूम बनाया गया है, जहां किसी प्रकार की समस्या होने पर समाधान दिया जाएगा।

# शिवरीनारायण नगर पंचायत चुनाव में भाजपा के अध्यक्ष प्रत्याशी राहुल थवाईत 2165 मतों से शानदार विजयी हुए

## भाजपा से 10 पार्षद को भी मिली विजय

पायनियर संवाददाता < शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com



नगरीय निकाय चुनाव में नगर पंचायत शिवरीनारायण के अध्यक्ष एवं पार्षद पद हेतु नगर की जनता ने भाजपा के पक्ष में जनादेश देकर यह स्पस्ट कर दिया है कि वह राज्य सरकार के साथ है और वे नगर विकास की जिम्मा भाजपा के अध्यक्ष एवं पार्षदों को सौपा है ,इस चुनाव में भाजपा के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी राहुल थवाईत की शानदार जीत के साथ भाजपा के 10 पार्षद भी जीत कर आए हैं इस तरह परिषद में भाजपा को पूर्ण बहुमत प्राप्त हुआ है । इस चुनाव में कांग्रेस के 3 पार्षद और दो पार्षद निर्दलीय को भी जीत प्राप्त हुई है । शिवरीनारायण में अध्यक्ष के लिए कुल 6692 मत पड़े थे जिसमें भाजपा को 3875 मत मिले और कांग्रेस को 1710 मत प्राप्त हुआ और शेष मत अन्य निर्दलीय प्रत्याशियों को प्राप्त हुआ , इस तरह भाजपा प्रत्याशी राहुल थवाईत कांग्रेस प्रत्याशी शिवशंकर सोनी से 2165 मत से शानदार विजयी हुए । राहुल थवाईत ने अपने इस जीत को जनता की जीत व पूर्व कार्यकाल में संजय अग्रवाल के व्दारा नगर विकास में किए कार्यो की जीत बताया है ।

# ग्राम कुरदा में विकास की नई लहर नरसिंह साहू का चुनावी अभियान जोरों पर

पायनियर संवाददाता < चांपा
www.dailypioneer.com



ग्राम कुरदा (च)में सरपंच पद के प्रत्याशी नरसिंह साहू ने अपने चुनावी रैली में लगातार जनसंपर्क किया और ग्रामवासियों से समर्थन मांगा हैं। उनका मुख्य उद्देश्य गांव का विकास करना हैं नरसिंह साहू ने कहा, "यदि मुझे जनता का दोबारा आशीर्वाद मिलता है, तो गांव का चाहू मुखी विकास किया जाएगा।जिनमें गांव में विकास की नई लहर फिर से दौड़ेगी। मैं गांव के विकास के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हूं और ग्रामवासियों की समस्याओं का समाधान करने के लिए हर संभव प्रयास करूंगा।"उन्होंने आगे कहा, "पूर्व में सरपंच रहते हुए मैंने गांव के विकास के लिए कई कार्य किए हैं, लेकिन कोरोना काल के समय कई विकास कार्य अधूरे रह गए हैं। इनमें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, रोड, नाली जैसे कई काम शामिल हैं। यदि ग्राम कुरदा के लोग मुझे फिर से सरपंच बनाते हैं, तो मैं इन अधूरे कार्यों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हूं।" उनके समर्थन में युवाओं की भीड़ दिख रही है, जो उनके विकास कार्यों के प्रति उत्साहित हैं। ग्रामवासियों ने नरसिंह साहू के समर्थन में अपना समर्थन दिया है और उन्हें सरपंच पद के लिए अपना उम्मीद की है। नरसिंह साहू के चुनावी अभियान में ग्रामवासियों का भरपूर समर्थन मिल रहा है, जो उनके विकास कार्यों के प्रति आशावादी हैं। उनके समर्थन में ग्रामवासियों ने अपने घरों में उनके पोस्टर और बैनर लगाए हैं और उनके समर्थन में नारे लगा रहे हैं।

खासकर सरपंच प्रत्याशी नरसिंह साहू के प्रति युवाओं में भरपूर समर्थन मिल रहा है, जो उनके विकास कार्यों के प्रति उत्साहित हैं। घर-घर जाकर अपना समर्थन मांग रहे हैं और ग्रामवासियों को अपने विकास कार्यों के बारे में बता रहे हैं।

# कुनकुरी नगर पंचायत चुनावः कांग्रेस प्रत्याशी विनयशील की शानदार जीत, पूर्व विधायक यू. डी. मिंज ने दी बधाई






पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

कांग्रेस प्रत्याशी विनयशील गुप्ता ने नगर पंचायत अध्यक्ष पद का चुनाव जीतकर कांग्रेस पार्टी को एक महत्वपूर्ण सफलता दिलाई है। उनकी इस जीत पर पूर्व विधायक यू. डी. मिंज सहित कांग्रेस के तमाम नेताओं और कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया और जनता का आभार जताया। पूर्व विधायक यू. डी. मिंज ने इस ऐतिहासिक जीत पर कुनकुरी की सम्मानित जनता, माता-बहनों और मतदाताओं का धन्यवाद करते हुए कहा, यह जीत जनता के विश्वास और कांग्रेस पार्टी की नीतियों की जीत है। हमें जनता ने जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसे पूरी निष्ठा से निभाया जाएगा। विनयशील गुप्ता के नेतृत्व में कुनकुरी नगर पंचायत को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जाएगा। नगर पंचायत अध्यक्ष बने विनयशील गुप्ता ने भी जनता को धन्यवाद देते हुए कहा कि वे सभी नागरिकों की उम्मीदों पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि कुनकुरी के विकास, स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए हर संभव कार्य किया जाएगा। इस जीत से कांग्रेस कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह है। पार्टी समर्थकों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाई और जश्न मनाया। कांग्रेस पदाधिकारियों ने कहा कि यह जीत जनता की आशाओं और विश्वास की जीत है, जिसे हर हाल में निभाया जाएगा। कुनकुरी नगर पंचायत के इस चुनाव परिणाम से कांग्रेस पार्टी को स्थानीय स्तर पर मजबूती मिली है और कार्यकर्ताओं में नया जोश देखने को मिल रहा है।

# राजिम कुंभ में प्रतिदिन हो रही महानदी की महाआरती शामिल हो रहे हजारों श्रद्धालु





पायनियर संवाददाता < गरियाबंद
www.dailypioneer.com

राजिम कुंभ कल्प मेला के नदी क्षेत्र पुराने मेला मैदान में प्रतिदिन साध्वी प्रज्ञा भारती के सानिध्य में महानदी की महाआरती की जा रही है। आचार्य-पुरोहित द्वारा मां गंगा का आह्वान कर पूरी श्रद्धा के साथ वैदिक रीति से आरती उतारी जाती है। आचार्य तट पर बने 11 मंचों से बैठकर-खड़े होकर फिर चारों दिशाओं में घूमकर मां गंगा के स्वरूप की आरती की जाती है। आरती में शामिल होने के लिए श्रद्धालु शाम से ही अपना स्थान सुरक्षित कर लेते हैं। महाआरती में 11 पंड़ितों द्वारा लयबद्ध तरीके से क्रमवार मां गंगा की आराधना करते हुए आरती करते हैं। तत्पश्चात शिव स्त्रोत और शिव तांडव का सस्वर पाठ पूरे वातावरण में ऊर्जा का संचार करते हुए धर्म, आस्था और श्रद्धा की खुशबू से क्षेत्र का कण-कण आतुर हो राममय हो जाता है। महाआरती में प्रतिदिन साधु-संतों के अलावा स्थानीय जनप्रतिनिधि और मेला में पहुंचने वाले हजारों श्रद्धालु शामिल होते हैं। इंदौर से पधारे धार्मिक प्रभाग के जोनल कोऑर्डिनेटर ब्रह्माकुमार नारायण भाई ने महाआरती में शामिल होने के बाद कहा कि आज प्रकृति के पांच तत्व प्रदूषित हो गए है। उन्हें राजयोग के माध्यम से पुनः पवित्र सत्तो प्रधान बनाने का पावन कर्तव्य करना है। प्रकृति के ही हम स्वामी हैं। मालिक का फर्ज होता है अपने साथियों की सेवा करना। जल प्रदूषण से ज्यादा मन प्रदूषित हो गया है। इसे ही सारे तत्व प्रदूषित हो गए हैं। उन्होंने बताया कि राजयोग मेडिटेशन में इतनी शक्ति है कि संपूर्ण प्रकृति को सतो प्रधान बना सकते हैं इसलिए परमात्मा को सर्वशक्तिमान कहा जाता है।

## अभिभावकों ने भी गीत और प्रेरणादायक भाषण देकर मातृ-पितृ दिवस के महत्व को उजागर किया

# जेबीडीएवी स्कूल सक्ती में हर्षोल्लास से मनाया गया मातृ-पितृ दिवस

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com




जेबीडीए वी. स्कूल, सक्ती में मातृ-पितृ दिवस बड़े ही भावनात्मक और श्रद्धा से परिपूर्ण माहौल में मनाया गया। इस विशेष अवसर पर विद्यार्थियों ने अपने माता-पिता को पुष्प और नारियल अर्पित कर भावभीना सम्मान दिया, विद्यालय के निदेशक अनिल कुमार दरयानी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की और अभिभावकों का गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्होंने विद्यार्थियों को माता-पिता की सेवा और सम्मान का महत्व समझाते हुए कहा कि माता-पिता हमारे जीवन के प्रथम गुरु होते हैं और उनकी सेवा करना हमारा परम कर्तव्य है, विद्यालय के प्रधानाचार्य के. नागमणी राव और उप-प्रधानाचार्य आर. एन. धीवर ने भी इस अवसर पर विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि संस्कारों से भरा यह दिवस माता-पिता के प्रति श्रद्धा और कृतज्ञता व्यक्त करने का श्रेष्ठ अवसर है। विद्यालय प्रशासन और प्रबंधन टीम के सदस्यों अंकित दरयानी एवं छवि दरयानी ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों अनमोल गोंड और श्यामा शर्मा ने मातृ-पितृ प्रेम पर आधारित एक सुंदर गीत प्रस्तुत किया, जिसने सभी को भाव विभोर कर दिया। इसी क्रम में विद्यालय के शिक्षक राघवेंद्र धीवर ने भी माता-पिता को समर्पित एक भावुक गीत गाकर सभी का मन मोह लिया। उनकी मधुर प्रस्तुति से पूरा वातावरण संगीतमय और भावनात्मक हो गया, कार्यक्रम में केवल विद्यार्थी ही नहीं, बल्कि अभिभावकों ने भी गीत और प्रेरणादायक भाषण देकर मातृ-पितृ दिवस के महत्व को उजागर किया। रामचरण बरेठ, सुरेश पटेल, राजेंद्र गोंड, लक्ष्मीनारायण साहू सहित अन्य अभिभावकों ने मंच पर आकर माता-पिता की भूमिका और उनके प्रति कर्तव्यों पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने इस तरह के आयोजनों के लिए विद्यालय को धन्यवाद दिया और कहा कि इससे बच्चों में संस्कार और कृतज्ञता की भावना विकसित होती है। इस विशेष कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षकों ने अपनी अहम भूमिका निभाई। जिनमें प्रमुख रूप से कंचन कसेर, पूर्णिमा कसेर, कृष्णा, प्रेमपुरी गोस्वामी, राजश पटेल, पुनीराम पटेल, नजमा खान, गंगा कसेर, अंजली राज, भावना सोन, बबली कोमल, इंदु विश्वकर्मा, अंजली देवांगन, सजदा खान, मधु पटेल, सुमन पटेल, बाल्या दुबे, फुलेश्वरी पटेल, सूरज कुमार, कपिल देव, श्रेया, ज्योति, तुलेश चंद्रा, हिमांशु, मनीष राठौर, वतन अग्रवाल, आश्मा, किरण, राघवेंद्र, शिवम सोनी, चुन्या चौहान, प्रिया शामिल रहे एवम कार्यक्रम के अंत में अभिभावकों ने विद्यालय प्रशासन और शिक्षकों को धन्यवाद दिया और कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में संस्कारों की भावना जागृत होती है। उन्होंने विद्यालय के इस प्रयास की सराहना की और आगे भी ऐसे कार्यक्रमों की अपेक्षा व्यक्त की, इस आयोजन ने विद्यार्थियों को अपने माता-पिता के प्रति कृतज्ञता और सेवा भाव की सीख दी। सभी ने अपने माता-पिता के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया और इस पल को भावुकता के साथ संजोया। विद्यालय परिवार ने इस अवसर को यादगार बनाने के लिए अथक प्रयास किया और यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# किरन्दुल नगरीय निकाय में खिली कमल, लहराया केसरिया परचम



**किरंदुल।** नगरपालिका परिषद किरंदुल की अध्यक्ष पद के लिए हुए वर्चस्व की जंगी मतदान में केसरिया परचम लहराया हैं और रूबी शैलेन्द्र सिंह को जीत का ताज़ हासिल हुआ हैं। शनिवार दोपहर 12 बजे मतगणना सम्पन्न हुई जिसमें भाजपा,कांग्रेस और सीपीआई के 5-5 पार्षद प्रत्याशियों सहित 3 निर्दलीय उम्मीदवारों की विजय हुई है।रूबी शैलेन्द्र सिंह ने इस जीत को किरंदुल की जनता की जीत बताते हुए यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी,यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय,प्रदेश भाजपाध्यक्ष किरण सिंह देव,दंतेवाड़ा जिले के प्रभारी मंत्री केदार कश्यप, सांसद महेश कश्यप,विधायक चैतराम अटामी, जिलाध्यक्ष संतोष जैन, सत्यजीत चौहान, विजय सोढ़ी सहित समस्त बीजेपी परिवार एवं भारतीय खदान मजदूर संघ के समस्त देवतुल्य कार्यकर्ताओं को समर्पित किया है।इस प्रचण्ड जीत पर खदान मजदूर संघ शाखा किरंदुल के अध्यक्ष बी दिल्ली राव, महेन्द्र कुमार, राजेंद्र यादव, दानेश्वर जोशी, लिशांष सिँह ने बधाई एवं शुभकामनायें प्रेषित की हैं।



# तंडेल में नागा चैतन्य का अभिनय देख भावुक हुए नागार्जुन



नागा चैतन्य और साई पल्लवी अभिनीत बहुप्रतीक्षित तेलुगु फिल्म तंडेल आखिरकार 7 फरवरी को बड़े पर्दे पर आ गई, दर्शकों का प्यार भी मिला। चंदू मोंडेती द्वारा लिखित और निर्देशित और देवी श्री प्रसाद द्वारा एक भावपूर्ण साउंडट्रैक के साथ फिल्म ने पहले ही अपनी भावनात्मक रूप से भरी कहानी और मनोरंजक प्रदर्शनों से दर्शकों का दिल जीत लिया है।

### बेटे चैतन्य पर हुआ गर्व

फिल्म को मिल रही सकारात्मक प्रतिक्रिया के बीच अब नागा चैतन्य के पिता और सुपरस्टार नागार्जुन ने अपने बेटे पर बहुत गर्व महसूस किया और अपनी भावनाओं को सोशल मीडिया पर व्यक्त किया। एक्स पर एक भावपूर्ण नोट साझा करते हुए नागार्जुन ने तंडेल के आधिकारिक पोस्टर के साथ नागा चैतन्य को गले लगाते हुए अपनी एक मार्मिक तस्वीर पोस्ट की। हालांकि, उनके पोस्ट ने फैंस को भी भावुक कर दिया।

### नागार्जुन का पोस्ट

पोस्ट साझा करते हुए नागार्जुन ने लिखा, प्रिय नागा चैतन्य, मुझे तुम पर गर्व है बेटा। मैंने तुम्हें सीमाओं को लांघते, चुनौतियों का सामना करते और इस कला को अपना दिल देते देखा है। तंडेल सिर्फ एक और फिल्म नहीं है - यह तुम्हारे अथक जुनून, बड़े सपने देखने की हिम्मत और तुम्हारी कड़ी मेहनत का सबूत है।

### फैंस का भी जताया आभार

नागार्जुन ने चैतन्य के फैंस का भी आभार व्यक्त किया। उन्होंने आगे लिखा, आप हमारे साथ परिवार की तरह खड़े रहे हैं और तंडेल की सफलता उतनी ही आपकी है जितनी हमारी। आपके अंतहीन प्यार और समर्थन के लिए धन्यवाद। आभार।

### फिल्म की टीम की भी की तारीफ

नागार्जुन ने पूरी तंडेल टीम की भी सराहना की और कहा, अल्लू अरविंद गारू और बनी वासु को बहुत-बहुत धन्यवाद। अद्भुत प्रतिभाशाली साई पल्लवी को बधाई- आप हमेशा चौंका देती हैं। प्रतिभाशाली देवी श्री प्रसाद, आप कमाल हैं। उभरते हुए सितारे निर्देशक चंदू मोंडेती और शानदार तंडेल की टीम को इस पल को अविस्मरणीय बनाने के लिए धन्यवाद।



# 'भाग्य लक्ष्मी' में 'मलिष्का' की भूमिका निभाने के लिए उत्साहित हैं मेघा प्रसाद

जी टीवी पर प्रसारित शो 'भाग्य लक्ष्मी' में खलनायिका 'मलिष्का' की भूमिका निभाने वाली मायरा मिश्रा शो को अलविदा कह चुकी हैं। शो में अब अपने अभिनय से मेघा प्रसाद कहानी में नए-नए मोड़, रोमांच लाने के लिए तैयार हैं। शो में मलिष्का की भूमिका को लेकर अभिनेत्री काफी खुश और उत्साहित हैं। मेघा ने कहा, यह मेरे लिए एक सपना सच होने जैसा है। मैं कोलकाता में पली-बढ़ी हूं और मैंने बालाजी के शो देखे हैं। मैं हमेशा सोचती थी कि कभी ना कभी इसका हिस्सा बनूंगी। अब, उस सपने को सच होता देखना काफी खूबसूरत लग रहा है। एक लोकप्रिय शो में कदम रखना आपको बड़ी जिम्मेदारी देता है, लेकिन मैं इस चुनौती को स्वीकार करने और शो में काम करने के लिए रोमांचित हूं। उन्होंने मायरा मिश्रा की तारीफ करते हुए कहा, मायरा ने मलिष्का को आकार देने में शानदार काम किया है। यह किरदार भले ही मेरे लिए नया है, लेकिन मैं इसकी आत्मा को बरकरार रखते हुए अपने अंदाज में पेश करने का वादा करती हूं। शो के हर एक कलाकार ने गर्मजोशी के साथ काम किया है और टीम मुझे 'मलिष्का' की भूमिका को समझने में मदद कर रही है। उन्होंने कहा, एक टीम के रूप में हम दर्शकों के लिए एक नए चेहरे के साथ सहज बदलाव के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। बदलाव मुश्किल हो सकता है, लेकिन मुझे उम्मीद है कि दर्शक मेरा उसी प्यार और गर्मजोशी से स्वागत करेंगे, जैसा उन्होंने हमेशा शो और उसके किरदारों का किया है।

इससे पहले शो में मुख्य भूमिका लक्ष्मी का किरदार निभाने वाली अभिनेत्री ऐश्वर्या खरे ने शो में शामिल होने के लिए मेघा प्रसाद को बधाई दी थी।

ऐश्वर्या खरे ने शो में नए सदस्य के स्वागत के लिए इंस्टाग्राम के स्टोरीज सेक्शन पर मेघा प्रसाद की एक तस्वीर शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा था, भाग्य लक्ष्मी की मलिष्का आपका स्वागत है। मैं शो में आपको देखने के लिए उत्सुक हूं।

भाग्य लक्ष्मी का निर्माण एकता कपूर और शोभा कपूर की बालाजी टेलीफिल्म्स ने किया गया है। शो में ऐश्वर्या खरे और रोहित सुचांती मुख्य भूमिका में हैं। मेघा के करियर की बात करें तो वह 'तेरे इश्क में घायल' (2023), 'गंदी बात' (2018) और 'परिणीति' (2022) के साथ 'अशोका', 'उड़ान' और 'महाराज की जय हो' में भी काम कर चुकी हैं। उन्होंने एमटीवी के शो 'लव ऑन द रन', 'फियर फाइल्स' और 'ट्रोल' में नेगेटिव रोल प्ले किया था। अभिनेत्री शो 'इश्कबाज' के साथ ही म्यूजिक वीडियो 'रोना सिखा दे वे' और अध्ययन सुमन के साथ म्यूजिक वीडियो 'सोनियो 2.0' में भी काम कर चुकी हैं।

# सलमान खान और एटली की फिल्म ए6 का बजट होगा 500 करोड़, रजनीकांत और रश्मिका होंगे साथ!



सलमान खान जहां इन दिनों अपनी ईद रिलीज सिकंदर की तैयारियों में व्यस्त हैं, वहीं शाहरुख खान की जवान से बॉलीवुड डेब्यू करने वाले सुपरस्टार डायरेक्टर एटली भी ए6 को लेकर कमर कस चुके हैं। एटली अपनी अगली फिल्म में सलमान खान को डायरेक्ट करेंगे। खबर है कि इसकी शूटिंग अगले साल 2026 की गर्मियों में शुरू हो जाएगी। एटली ने बीते दिनों बेबी जॉन के प्रमोशन के दौरान कहा था कि यह एक ऐसी फिल्म होगी, जिस पर इंडस्ट्री और सलमान के फैंस को गर्व होगा। अब खबर है कि इस फिल्म को भारी-भरकम 500 करोड़ के महाबजट में तैयार किया जाएगा।

रिपोर्ट के मुताबिक, एटली ने अपनी छठी फिल्म के लिए 500 करोड़ रुपये का महाबजट बनाया है। सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि यह फिल्म पर्दे पर एक अलग और अनोखी दुनिया लेकर आएगी। ए6 एक पीरियड ड्रामा होगी, जिसकी कहानी में पुनर्जन्म वाला एलिमेंट भी होगा। एटली इसके लिए जि?स स्क्रिप्ट पर काम कर रहे हैं, वैसी कहानी भारतीय सिनेमा के पर्दे पर पहले कभी नहीं देखी गई है।

### पहली बार साथ दिखेंगे सलमान -रजनीकांत



रिपोर्ट में सूत्र के हवाले से यह भी कहा गया है कि एटली इस फिल्म के लिए रजनीकांत से बातचीत कर रहे हैं। यदि सब ठीक रहा तो यह पहली बार होगा जब पर्दे पर इस दौर के दो सबसे बड़े सुपरस्टार्स - सलमान खान और रजनीकांत एकसाथ नजर आएंगे। ऐसा होता है, तो यकीनन यह भारतीय सिनेमा की सबसे बड़ी फिल्म बन जाएगी।


### रश्मिका मंदाना को मिला है ऑफर



इससे पहले यह भी खबर आई थी कि एटली के ए6 में सलमान खान के अपोजिट फिर से रश्मिका मंदाना को कास्ट किया गया है। हालांकि, इसको लेकर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। यह चर्चा सच निकली तो सिकंदर के बाद रश्मिका और सलमान की यह दूसरी फिल्म होगी।

### एटली की ए6 के लिए वजन घटाएंगे सलमान

सलमान खान भी सिकंदर के बाद एटली की इस फिल्म की तैयारियों में जुट जाएंगे। इसके लिए वह अपना वजन कम करेंगे, क्योंकि ए6 के लिए उन्हें एक खास तरह की फिजिक की जरूरत है।



# बच्चों में अपनी आदतों के न होने पर बोले शाहरुख खान

शाहरुख खान बॉलीवुड के अलावा अपने फैंस के लिए एक मार्गदर्शक की तरह भी हैं। हर कोई उनकी आदतों को अपनाना चाहता है, उनकी तरह बनना चाहता है। वहीं, शाहरुख खान इस बात से खुश हैं कि उनके बच्चों में उनकी आदतें नहीं गईं। इसके लिए वे भगवान का शुक्रिया भी अदा करते हैं।

### भगवान को शुक्रिया कहते हैं शाहरुख

साल 2024 में एक इवेंट के दौरान शाहरुख खान ने कहा कि उनके किसी भी बच्चे में उनकी आदतें नहीं हैं, इस वजह से वे बहुत खुश हैं। पठान अभिनेता ने आगे कहा, मैं इसके लिए भगवान का शुक्रिया अदा करता हूं। वे अच्छे बच्चे हैं। वे मुझसे कहीं बेहतर इंसान हैं।

### करियर को लेकर कोई दबाव नहीं



शाहरुख खान ने कहा कि उनके अबराम और सुहाना के गालों पर डिंपल पड़ते हैं। उन्होंने कहा कि वे चाहते हैं कि उनके बच्चे वही करें जिससे उन्हें खुशी मिले। वे जो चाहें बन सकते हैं। वह अपने बच्चों को अभिनेता या इंजीनियर बनने के लिए कभी नहीं कहते हैं।

### किंग में नजर आएंगी सुहाना

आर्यन खान और सुहाना खान ने बॉलीवुड में ही आगे बढ़ने का फैसला लिया है। बात करें शाहरुख खान की तो वह सुजॉय घोष द्वारा निर्देशित एक्शन थ्रिलर फिल्म 'किंग' में अभिनय करते हुए दिखाई देंगे। इसी फिल्म में सुहाना खान ने भी अपने पापा के साथ काम करने का फैसला लिया है। इससे पहले सुहाना खान को द आर्चीज में देखा जा चुका है।



### ओटीटी पर डेब्यू करेंगे आर्यन

वहीं, आर्यन खान ओटीटी पर बतौर निर्देशक डेब्यू करने का मन बना चुके हैं। वे द बैड्स ऑफ बॉलीवुड के साथ फिल्म उद्योग में कदम रखने जा रहे हैं। इस सीरीज का निर्माण रेड चिलीज एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के तहत किया है।



# रिजल्ट नहीं मिल रहे तो भी फाइट करते रहना है

## एक्टर हर्षवर्धन राणे की सलाह

**अगर कोई काम पूरी शिद्दत के साथ किया जाए तो उसका फल भी शानदार जरूर मिलता है। तुरंत न सही, तो देर से मिले, लेकिन मेहनत का फल सुंदर आता है। इसका एक उदाहरण तो फिल्म सनम तेरी कसम है। मूल रूप से यह फिल्म साल 2016 में रिलीज की गई थी। मगर, तब यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिरी। और अब साल 2025 में इसे जब दोबारा रिलीज किया गया है तो यह कमाई के मामले में उम्दा प्रदर्शन कर रही है। इस पर एक्टर हर्षवर्धन राणे ने प्रतिक्रिया दी है।**

### लोगों को दी सलाह- काम करते रहो

इस फिल्म में लीड रोल अदा करने वाले एक्टर हर्षवर्धन राणे ने फिल्म की री-रिलीज पर बात की। उन्होंने दूसरी पारी में फिल्म के शानदार प्रदर्शन पर कहा कि सभी को मेहनत करते रहनी चाहिए। रिजल्ट न आए तो भी मेहनत करते रहना चाहिए। एक्टर ने कहा, हम सभी जितने भी एक्टर हैं, ऑफिस में काम करने वाले या घरों में काम करने वाले, सभी के लिए यह सीख है कि चाहें कितने भी साल निकल जाएं आपको फाइट करते रहना चाहिए। आपके साथ यही शेयर करना चाहता हूं, रोज उठना है, काम पर जाना है और मेहनत करते रहना है।

### रिजल्ट मिलने में समय लग सकता है, लेकिन मिलेगा जरूर

एक्टर ने आगे कहा, घर आने पर चेक करना है कि रिजल्ट मिला या नहीं मिला। अगर रिजल्ट नहीं मिला तो निराश नहीं होना है। रिजल्ट हफ्ते में नहीं मिलेगा, तो महीने में मिलेगा। छह महीने में मिलेगा। साल में मिलेगा। कई बार इस फिल्म की तरह कई साल भी लग सकते हैं, लेकिन आपकी मेहनत का रिजल्ट जरूर आएगा। इस फिल्म को अब जो रेस्पॉन्स मिल रहा है वह सभी मेहनत करने वालों को समर्पित है।

### धुआंधार कमाई कर रही फिल्म

हर्षवर्धन ने आगे कहा, जिंदगी में कभी कुछ नया करने जाओ तो वह मुश्किल ही होता है। मैं 16 साल की उम्र में घर से भागा था, वह भी मेरे लिए मुश्किल अनुभव था। उस अनुभव को बता पाना मुश्किल है। एक्टर से जब पूछा गया कि यह फिल्म तब इतनी क्यों नहीं चली? इस पर कहा, इसकी कोई वजह तो नहीं मालूम। बता दें कि मूल रिलीज के वक्त सनम तेरी कसम ने सिर्फ 9 करोड़ रुपये की कमाई की थी और यह फ्लॉप साबित हुई थी। वहीं, 07 फरवरी को रिलीज हुई फिल्म तीन दिनों में ही 15.50 करोड़ रुपये कमा चुकी है।

# सैफ ने अपने काम को प्रायोरिटी दी

जयदीप अहलावत ने हाल ही में सैफ अली खान पर हमले में लगी चोट के बारे में बात की है। एक्टर ने सैफ के चोट लगने के बाद काम पर तुरंत वापस लौटने के बारे में भी बताया है। जयदीप अहलावत अपनी फिल्म ज्वेल थीफ- द हीस्ट बिगिन्स को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म में उनके अलावा सैफ अली खान भी नजर आएंगे सैफ अली खान ने हाल ही में हमले के बाद पब्लिक अपीयरेंस दी। एक्टर मंगलवार को नेक्स्ट ऑन नेटफ्लिक्स इवेंट में अपनी नई फिल्म ज्वेल थीफ- द हीस्ट बिगिन्स के टीजर लॉन्च इवेंट में नजर आए। इस दौरान उनके साथ उनके को-एक्टर जयदीप अहलावत भी शामिल हुए। इस दौरान बातचीत में जयदीप ने सैफ की तारीफ की सैफ के जल्दी ठीक होने पर लोगों को हैरानी हुई, जिस पर बात करते हुए, एक्टर ने कहा- मुझे पता है कि उन्हें काफी चोट लगी थीं। मैंने उनकी चोट के निशान और वो सारे गहरे घाव देखे हैं। ये अच्छी बात है कि उन्होंने इसे सही तरीके से लिया और काम पर वापस आ गए। उन्होंने अपने काम को प्रायोरिटी दी। उनके कुछ घाव काफी गहरे थे, लेकिन फिर भी वो काम पर वापस लौटे। तो लोगों को उनके जल्दी ठीक होने पर हैरानी होने लगी। जबकि ऐसा नहीं होना चाहिए।



# बालोद जिले के 8 नगरीय निकायों में सफलतापूर्वक मतगणना संपन्न



पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com

नगरीय निकाय आम निर्वाचन के अंतर्गत बालोद जिले के 8 नगरीय निकायों में निर्विघ्न, शांतिपूर्ण ढंग से एवं सफलतापूर्वक मतगणना कार्य संपन्न हुआ। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के मार्गदर्शन में जिले के नगरीय निकायों में मतगणना कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थी। मतगणना कार्य में लगे सभी अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा सुबह 8 बजे से मतगणना कक्ष में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित कराकर निर्धारित समयावधि सुबह 9 बजे से मतगणना का कार्य प्रारंभ कर दिया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने नगरीय निकायों के मतगणना कक्ष में पहुँचकर व्यवस्थाओं का वलोकन किया। इसके अलावा उप जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्रकांत कौशिक एवं सभी रिटर्निंग अधिकारियों, मास्टर ट्रेनर्स एवं भारत निर्वाचन आयोग के इंजीनियरों द्वारा पूरे समय मतगणना कक्ष में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित कराकर मतगणना कार्य का सतत मॉनिटरिंग किया गया।

### निर्वाचित अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र किया गया प्रदान

जिले में शनिवार को संपन्न मतगणना के परिणामों के अंतर्गत नगर पालिका परिषद बालोद में अध्यक्ष पद के उम्मीदवार भारतीय जनता पार्टी के प्रतिभा चौधरी ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पद्मनी नन्नू साहू को 3 हजार 474 मतों से पराजित कर अध्यक्ष पद हेतु जीत हासिल की। नगर पालिका परिषद दल्लीराजहरा में अध्यक्ष पद के उम्मीदवार भारतीय जनता पार्टी के तोरन लाल साहू ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के रवि जायसवाल को 3 हजार 854 मतों से पराजित कर अध्यक्ष पद हेतु जीत हासिल की। नगर पंचायत गुण्डरदेही में अध्यक्ष पद के उम्मीदवार भारतीय जनता पार्टी के प्रमोद जैन ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के केके राजू चंद्राकर को 191 मतों से पराजित कर अध्यक्ष पद हेतु जीत हासिल की। नगर पंचायत डौण्डीलोहारा में अध्यक्ष पद के उम्मीदवार भारतीय जनता पार्टी के लाल निवेन्द्र सिंह टेकाम ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी निर्दलीय प्रत्याशी प्रेम भंसाली को 2 हजार 78 मतों से पराजित कर अध्यक्ष पद हेतु जीत हासिल की। नगर पंचायत अर्जुंदा में अध्यक्ष पद के निर्दलीय उम्मीदवार प्रणेश जैन ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी निर्दलीय प्रत्याशी रोमन लाल सोनकर को 475 मतों से पराजित कर अध्यक्ष पद हेतु जीत हासिल की। नगर पंचायत चिखलाकसा में अध्यक्ष पद के उम्मीदवार भारतीय जनता पार्टी के कुंती देवांगन ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के वेंकट राव को 647 मतों से पराजित कर अध्यक्ष पद हेतु जीत हासिल की। नगर पंचायत गुरूर में अध्यक्ष पद के उम्मीदवार भारतीय जनता पार्टी के प्रदीप कुमार साहू ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के टिकेश्वर साहू को 124 मतों से पराजित कर अध्यक्ष पद हेतु जीत हासिल की। नगर पंचायत डौण्डी में अध्यक्ष पद के उम्मीदवार भारतीय जनता पार्टी के मोहंतिन चोरका ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी निर्दलीय के कमलेश्वरी कोरटिया को 447 मतों से पराजित कर अध्यक्ष पद हेतु जीत हासिल की। मतगणना संपन्न होने के पश्चात् सभी रिटर्निंग अधिकारियों के द्वारा मतगणना कक्ष में अध्यक्ष एवं पार्षद पद हेतु निर्वाचित अभ्यर्थियों को प्ररूप 24 निर्वाचन का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस दौरान सहायक रिटर्निंग आफिसर, मास्टर ट्रेनर्स एवं मतगणना कार्य में लगे अधिकारी-कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

# कबीरधाम में खिला कमल, भारतीय जनता पार्टी ने लहराया परचम





पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com

नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 के तहत 11 फरवरी को हुए मतदान के बाद जिले के सभी 07 नगरीय निकायों के मतगणना परिणाम रिटर्निंग अधिकारियों द्वारा 15 फरवरी को घोषित किया गया। जिसमें कवर्धा नगर पालिका के प्रत्याशी चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी (भारतीय जनता पार्टी), नगर पालिका पंडरिया के प्रत्याशी मंजुला देवी कुर्रे (भारतीय जनता पार्टी), नगर पंचायत पाण्डातराई की प्रत्याशी सरिता रामकुमार सोनी (भारतीय जनता पार्टी), नगर पंचायत बोड़ला के प्रत्याशी विजय पाटिल (भारतीय जनता पार्टी), नगर पंचायत सहसपुर लोहारा के प्रत्याशी संतोष मिश्रा (भारतीय जनता पार्टी), नगर पंचायत पिपरिया के प्रत्याशी घुरवाराम साहू (भारतीय जनता पार्टी), नगर पंचायत इंदौरी की प्रत्याशी मित्रीन बाई महंगीलाल मांडले (भारतीय जनता पार्टी) निर्वाचित हुए। जिले के सभी नगरीय निकायों में मतगणना कार्य किया गया। मतगणना के पश्चात सभी नगरीय निकाय के मतगणना परिसर में निर्वाचित प्रत्यिशियों को रिटर्निंग अधिकारी द्वारा निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इससे पहले राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार राजनितिक दलों के प्रतिनिधि एवं रिटर्निंग अधिकारियों की उपस्थिति में स्ट्रांगरूम खोला गया। सबसे पहले डाक मतपत्र की गणाना की गई। इस असवर पर रिटर्निंग अधिकारी डॉ. मोनिका कौड़ो, सहायक रिटर्निंग अधिकारी आकांक्षा नायक उपस्थित थे। उप जिला निर्वाचन अधिकारी गीता रायस्त ने बताया कि नगर पालिका कवर्धा के भाजपा प्रत्याशी चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी को कुल 14 हजार 160 मत मिले। नगर पालिका पंडरिया के प्रत्याशी मंजुला देवी कुर्रे को 7344 मत, नगर पंचायत पाण्डातराई की प्रत्याशी सरिता रामकुमार सोनी को 2634 मत, नगर पंचायत बोड़ला के प्रत्याशी विजय पाटिल को 2057 मत, नगर पंचायत सहसपुर लोहारा के प्रत्याशी संतोष मिश्रा को 2000 मत, नगर पंचायत पिपरिया के प्रत्याशी घुरवाराम साहू को 2187 मत, नगर पंचायत इंदौरी की प्रत्याशी मित्रीन बाई महंगीलाल मांडले को 2119 मत प्राप्त हुए।

# कलेक्टर ने एसपी की अनुशंसा पर जिले के एक और आदतन अपराधी को किया जिला बदर

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com



जिले में त्रि.स्तरीय पंचायत चुनाव के पूर्व चुनाव को निर्भिग्न, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने बदमाशों पर लगातार कार्यवाही की जा रही हैं। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी धमतरी नम्रता गांधी ने पुलिस अधीक्षक धमतरी आंजनेय वार्ष्णेय की अनुशंसा पर जिले के एक और आदतन अपराधी को जिला बदर किया गया है। छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5-क, ख के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जिले के एक और बदमाश हेमेंद्र सिंह राजपूत पिता सातम सिंह राजपूत उम्र 26 वर्ष साकीन रामपुर वार्ड धमतरी को आगामी 01 वर्ष के लिए जिला धमतरी एवं समीपस्थ जिला रायपुर, बालोद, कांकेर, गरियाबंद, दुर्ग, कोण्डागांव की राजस्व सीमाओं से हट जाने जिला बदर का आदेश पारित किया है। जिला दण्डाधिकारी नम्रता गांधी द्वारा उक्त बदमाश को उपरोक्त जिलों की राजस्व सीमाओं से बाहर चले जाने एवं एक वर्ष की कालावधि के पहले सक्षम न्यायालय की अनुमति के बगैर प्रवेश नहीं करने के आदेश दिये गये हैं। उक्त आदेश का पालन नहीं करने पर उसे वैधानिक कार्यवाही कर/बल पूर्वक उपरोक्त जिले की सीमाओं से बाहर निकाल दिये जाने के निर्देश दिये गये हैं। यदि इसके बाद भी वह इस आदेश का उल्लंघन करे तो उसके विरूद्ध छ0ग0 राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 के सुसंगत प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जायेगी।

# कलिंगा विश्वविद्यालय में 24 घंटे का हैकथॉन-2025 सफलतापूर्वक आयोजित किया गया

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



कलिंगा विश्वविद्यालय ने अपने परिसर में 24 घंटे के हैकथॉन-2025 का सफलतापूर्वक आयोजन किया, जिसमें छह विभिन्न राज्यों से 26 टीमें शामिल हुईं। कंप्यूटर विज्ञान और सूचना प्रौद्योगिकी संकाय (सीएसआईटी) द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम गुरुवार 13 फरवरी को शुरू हुआ और दो दिनों तक गहन नवाचार और सहयोग पर आधारित रहा। कार्यक्रम के उद्घाटन के लिए कलिंगा विश्वविद्यालय सभागार में मुख्य अतिथि, यशम सॉफ्टवेयर सर्विसेज के परियोजना प्रबंधक विनोद पांडे और विशिष्ट अतिथि, फोरसाइट एज प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ डॉ. पीयूष मेहता का स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत ज्ञान और नवाचार की भावना के प्रतीक, औपचारिक दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। सीएस एवं आईटी विभागाध्यक्ष तथा कार्यक्रम के संयोजक डॉ. ओमप्रकाश देवांगन ने उद्घाटन भाषण दिया। इसके बाद कलिंगा विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आर. श्रीधर ने प्रेरक भाषण दिया। कलिंगा विश्वविद्यालय के महानिदेशक डॉ. बायजू जॉन ने भी उपस्थित लोगों को प्रेरणादायी शब्दों में संबोधित किया और प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं। अपने मुख्य भाषण में, विनोद पांडे ने नवाचार को बढ़ावा देने में इस तरह के हैकथॉन के महत्व पर जोर दिया और अन्य शैक्षणिक संस्थानों को इसी तरह के कार्यक्रम आयोजित करने के लिए प्रोत्साहित किया। डॉ. पीयूष मेहता ने सफलता प्राप्त करने में आत्मविश्वास, दृढ़ता और जुनून के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन सीएस एवं आईटी विभाग के सहायक प्रोफेसर कमलेश कुमार यादव ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. ओमप्रकाश देवांगन ने किया। सीएस एवं आईटी विभाग के संकाय सदस्य प्रतिभागियों को सहायता एवं मार्गदर्शन देने के लिए उपस्थित थे। औपचारिक उद्घाटन के बाद विशिष्ट अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किये गये। इसके बाद प्रतिभागियों ने अपनी परियोजनाएं शुरू कीं, जिनमें स्मार्ट ऑटोमेशन, स्मार्ट सिटीज, ग्रीन टेक्नोलॉजी और ब्लॉकचेन टेक्नोलॉजी जैसे अत्याधुनिक विषयों पर ध्यान केंद्रित किया गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में टेकमेंट टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड के प्रशिक्षण प्रमुख डॉ. श्रीजीत पणिक्कर उपस्थित थे।

# एचसीएल ने अपने अर्ली कैरियर प्रोग्राम टेकबी के लिए आमंत्रित किए आवेदन

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

दुनिया की दिग्गज टेक्नोलॉजी कंपनी एचसीएल ने अपने टेकबी कार्यक्रम के लिए आवेदन आमंत्रित करने की घोषणा की है। इस खास प्रोग्राम की मदद से छात्रों को कक्षा 12 के बाद अपना करियर शुरू करने का बेहतरीन मौका मिलेगा। इस प्रोग्राम में पूरे भारत के छात्र शामिल हो सकते हैं। चयनित उम्मीदवारों को एचसीएल के साथ 12 महीने का प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। प्रशिक्षण को सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद, उन्हें कंपनी में फुल-टाइम नौकरी की पेशकश की जाती है। इसी के साथ ही वे बीआईटीएस पिलानी, आईआईआईटी कोट्टायम, एसएएसटीआरए यूनिवर्सिटी और एमिटी यूनिवर्सिटी ऑनलाइन जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों से पार्ट टाइम उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं। गणित या व्यावसायिक गणित की पृष्ठभूमि वाले छात्र तकनीकी भूमिकाओं के लिए आवेदन करने के पात्र हैं। यह टेकबी का आठवां साल है। टेकबी प्रोग्राम में सफल छात्र कंपनी में डिजिटल इंजीनियरिंग, क्लाउड, डेटा साइंस और एआई जैसी भूमिकाओं में योगदान दे रहे हैं। इसके लिए आवश्यक अंकों, वित्तीय सहायता और परामर्श के बारे में अधिक जानकारी के लिए, www.hcltechbee.com पर जाएं। सुब्बारामन बालासुब्रमण्यन, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट, एचसीएल ने कहा, 2017 से, टेकबी प्रोग्राम ने हजारों छात्रों को प्रशिक्षित किया है। इस प्रोग्राम ने उन्हें अपनी पढ़ाई जारी रखते हुए नौकरी से जुड़ी स्किल को बेहतर बनाने और दिग्गज वैश्विक ब्रांडों के प्रोजेक्ट पर काम करने के अवसर प्रदान किए हैं। एचसीएल ने

# भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में इंदर चोपड़ा का डोर टू डोर धुंआधार प्रचार जारी





पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के अवसर पर पूर्व विधायक इंदर चोपड़ा द्वारा क्रमशः ग्राम सेमरा बी, झुरानवागांव, सिवनी खुर्द, बाजार सिवनी में जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 7 प्रत्याशी मोनिका देवांगन, जनपद पंचायत धमतरी क्षेत्र क्रमांक 10 सिवनी खुर्द केशव साहू, ग्राम पंचायत सेमरा बी सरपंच प्रत्याशी दीपक साहू, ग्राम पंचायत झुरा नवागांव सरपंच प्रत्याशी फलेंद्र कुमार साहू, ग्राम पंचायत सिवनी खुर्द प्रत्याशी धनेश्वरी योगेश साहू के पक्ष में डोर टू डोर धुंआधार प्रचार के साथ साथ आम जनमानस से भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान की अपील कर रहे हैं।

# कुरूद में लहराया भाजपा का परचम, ज्योति चंद्राकर हुई अध्यक्ष निर्वाचित

पायनियर संवाददाता ◄ कुरुद
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय चुनाव के परिणाम आ गए हैं। इस बार बीजेपी से प्रत्याशी ज्योति भानु चंद्राकर ने जीत हासिल की है। जिस तरह कुरुद में जुबान में कांग्रेस और रुझान में भाजपा था, उसके अनुरूप यहां कांग्रेस के 9 पार्षद, भाजपा के 6 पार्षदों ने जीत दर्ज की है। साथ ही अध्यक्ष प्रत्याशी ज्योति भानू चंद्राकर ने 261 मतों से अपने प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस के तपन चंद्राकर को करारी शिकस्त देकर चुनाव जीत गई। कुरुद में भाजपा पार्षदों की बहुमत जुटा पाने में नाकामयाब रही। देखा जाए तो यहां की जनता ने न कांग्रेस को दुःख मनाने दिया और न ही भाजपा को खुशी। ज्योति चंद्राकर ने जीत के बाद कहा कि हमारे अराध्य देव भोलेनाथ, मां चण्डी, श्रीराम चन्द्र भगवान और बजरंगबली की असीम कृपा से कुरूद में पुनः काम करने की नई ज़िम्मेदारी देने के लिए कुरूद नगर के जनता को हज़ारों प्रणाम, देवतुल्य भाजपा कार्यकर्ताओं को प्रणाम-हार्दिक आभार है। उन्होंने आगे कहा कि कुरूद नगर में कुशासन को सुशासन में बदलने के लिए लम्बी लड़ाई लड़नी है, मोदी कीं गारंटी मे विष्णु के सुशासन और अजय के विकास रथ को नगर पंचायत कुरूद मे निरंतर आगे बढ़ायेंगे, हमारे चार पार्षद प्रत्याशीगण 4 वोंट, 8 वोंट,10 वोंट और 10 वोंट से पीछे रह गये, उसके लिए संवेदना व्यक्त करती हूँ, बहुमत कम है किंतु कुरूद के विकास को आगे बढ़ाने के लिए विपक्षी साथियो का मदद लेकर कार्य करेंगे। भ्रष्टाचार, नशा के खिलाफ हर वार्डों में महिला कमांडो बनायेंगे, माता-बहनों और कुरूद के जनता सहित जनप्रतिनिधियों का सदैव सम्मान होते रहेगा, पुनः मै कुरूद के जनता को प्रणाम करते हुए धन्यवाद ज्ञापित करती हूँ।

## हिंदूराष्ट्र संगोष्ठी में उपस्थित होकर उदितमुनिनाम साहब ने स्वामी निश्चलानंद सरस्वती का अभिनंदन किया

# जो कबीरा काशी में मरिहें, रामहिं कौन निहोरा : स्वामी निश्चलानंद सरस्वती

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com



पुरी पीठ के श्रीमज्जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती महाराज अपने चार दिवसीय हिंदूराष्ट्र अभियान कार्यक्रम में कवर्धा प्रवास पर हैं। इस दौरान यूनियन चौक में आयोजित उनके हिंदू राष्ट्र संगोष्ठी में कबीर पंथ के नवोदित वंशाचर्य उदितमुनिनाम साहब अपने सैकड़ों अनुयायियों के साथ सम्मिलित हुए। उन्होंने जगतगुरु शंकराचार्य का अभिनंदन किया एवं उन्हें दामाखेड़ा आमंत्रित किया। उल्लेखनीय है कि महाकुंभ के दौरान भी तीर्थराज प्रयाग में उदितमुनि नाम साहब ने जगत गुरुशंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती महाराज के शिविर में जाकर में जाकर उनका अभिनंदन किया था। संगोष्ठी के दौरान जगतगुरु शंकराचार्य ने अपने प्रवचन के माध्यम से कबीर साहब के पदों को उद्धृत कर उनके संदेशों को समाज के लिए महत्वपूर्ण बताया। इसके पहले सरदार पटेल मैदान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान भी सैकड़ो की संख्या में कबीर पंथ के अनुयायियों के द्वारा जगतगुरु शंकराचार्य का अभिनंदन किया गया था तथा वह धर्म सभा में सम्मिलित हुए थे इस अवसर पर जगतगुरु शंकराचार्य जी ने कहा कि कबीर दास ने जो कबीरा काशी में मरिहें, रामहिं कौन निहोरा के माध्यम से काशी की महिमा को स्थापित किया और साथ ही उन्होंने राम जी की महिमा को भी स्थापित किया। शंकराचार्य जी ने आगे कबीर जी के पदों का उल्लेख करते हुए कहा कि गुरु गोविंद दोउ खड़े काके लागू पाय के माध्यम से कबीर जी ने भगवान को सगुण साकार भी सिद्ध किया। उन्होंने आगे कहा कि कबीर जी के कृतियों को ठीक ढंग से पढ़ने की आवश्यकता है कबीर जी के पदों ने हमेशा से समाज का मार्गदर्शन किया है। उन्होंने कबीर पंथ के नवोदित वंशाचार्य उदित मुनि नाम साहब द्वारा दामाखेड़ा पधारने हेतु आमंत्रण दिए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की। इस सभा में उदित मुनि नाम साहब ने भी अत्यंत विनम्र भाव से जगतगुरु शंकराचार्य के समक्ष अपना भाव पुष्प समर्पित किया। हिंदू राष्ट्र संगोष्ठी के दौरान हजारों की संख्या में सनातन धर्मावलंबी तथा कबीर पंथ के अनुयायी उपस्थित थे।

# सन नियो के कलाकार आशीष दीक्षित और लक्ष्य खुराना ने वैलेंटाइन डे पर खोले अपने दिल के राज

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



वैलेंटाइन डे प्यार, साथ और दिल से जुड़े रिश्तों का जश्न मनाने का दिन है। इस मौके पर सन नियो के शो 'छठी मैया की बिटिया' और 'इश्क़ जबरिया' के प्रसिद्ध अभिनेता आशीष दीक्षित और लक्ष्य खुराना ने प्रेम के प्रति अपने विचार साझा किए। आशीष ने अपनी दोस्ती से शादी तक के सफर की कहानी बताई, वहीं लक्ष्य ने सच्चे प्यार के मूल तत्वों समझ, धैर्य और एक साथ बढ़ने के महत्व को रेखांकित किया। छठी मैया की बिटिया शो में कार्तिक की भूमिका निभाने वाले आशीष दीक्षित ने अपनी प्रेम कहानी साझा करते हुए कहा, हमारी पहली मुलाकात बड़ौदा के राजवंत पैलेस में एक हॉरर फिल्म की शूटिंग के दौरान हुई थी। वहीं से हमारी दोस्ती की शुरुआत हुई। धीरे-धीरे हमारा रिश्ता मजबूत होता गया और हमें एहसास हुआ कि यह केवल दोस्ती नहीं बल्कि इससे कहीं ज्यादा है। मुंबई लौटने के बाद हमने डेट करना शुरू किया। लगभग तीन सालों तक हमने एक-दूसरे को समझा, साथ समय बिताया और महसूस किया कि हमारा प्यार जीवनभर निभाने के लिए बना है। तब हमने शादी करने का खूबसूरत फैसला लिया। 'इश्क़ जबरिया' में आदित्य की भूमिका निभाने वाले लक्ष्य खुराना ने प्यार की गहराई को उजागर करते हुए कहा, मेरे लिए प्यार का मतलब है साथ निभाना, एक-दूसरे को समझना और हर परिस्थिति में एक-दूसरे के साथ खड़े रहना। यह केवल शादी करने तक ही सीमित नहीं है, बल्कि साथ मिलकर एक-दूसरे का ख्याल रखने, साथ हंसने और सभी खास पलों को संजोना है। आज की तेज़ रफ्तार दुनिया में, प्रेम को धैर्य और सम्मान से संजोना चाहिए, जहां दो लोग केवल संतुष्टि की तलाश में ही नहीं बल्कि एक साथ आगे बढ़ने में भी विश्वास रखते हैं। इश्क़ जबरिया में आदित्य की भूमिका निभाने के बाद मुझे रिश्तों में आने वाली कठिनाइयों को और अधिक समझने का मौका मिला। यह भाव बहुत तीव्र, अप्रत्याशित और संतोषजनक होता है।

# जिले के 02 नगरपालिका एवं 03 नगर पंचायत में मतगणना सम्पन्न, नगरीय निकाय चुनाव के परिणाम घोषित

पायनियर संवाददाता < बलरामपुर
www.dailypioneer.com

नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 में बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के नगर पालिका परिषद बलरामपुर एवं रामानुजगंज तथा नगर पंचायत वाड्रफनगर, राजपुर एवं कुसमी के अध्यक्ष एवं पार्षदों के लिए मतगणना का कार्य शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। मतगणना पश्चात् संबंधित क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा विजयी प्रत्याशियों की घोषणा की गई। ज्ञातव्य है कि नगर पालिका परिषद बलरामपुर एवं रामानुजगंज तथा नगर पंचायत वाड्रफनगर, राजपुर एवं कुसमी के लिए 11 फरवरी 2025 को मतदान हुआ था तथा नगर पालिका परिषद बलरामपुर के लिए शासकीय कन्या महाविद्यालय बलरामपुर, नगर पालिका परिषद रामानुजगंज के लिए तहसील कार्यालय रामानुजगंज, नगर पंचायत कुसमी के लिए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुसमी, राजपुर के लिए शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजपुर तथा वाड्रफनगर के लिए स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय वाड्रफनगर



को स्ट्रांग रूम बनाया गया था। बलरामपुर में प्रेक्षक लोकेश कुमार, अपर कलेक्टर एवं रिटर्निंग अधिकारी आर.एस.लाल, सहायक रिटर्निंग अधिकारी व एसडीएम बलरामपुर अमित वास्तव एवं राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के उपस्थिति में स्ट्रांग रूम को खोला गया तथा मतगणना कि प्रक्रिया प्रारंभ की गई। इसी प्रकार नगरपालिका रामानुजगंज तथा नगर पंचायत वाड्रफनगर, राजपुर एवं कुसमी में रिटर्निंग अधिकारी एवं राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में स्ट्रांग रूम खोलकर मतगणना प्रारंभ किया गया।

**अध्यक्ष**-मतगणना में नगर पालिका परिषद बलरामपुर में अध्यक्ष पद के लिए भाजपा प्रत्याशी लोधीराम एक्का बहुमत से विजयी हुए। इसी प्रकार नगर पालिका परिषद रामानुजगंज में अध्यक्ष पद के लिए भाजपा प्रत्याशी रमन अग्रवाल, नगर पंचायत वाड्रफनगर के अध्यक्ष पद के लिए भाजपा प्रत्याशी मानसिंह, नगर पंचायत राजपुर के अध्यक्ष पद के लिए भाजपा प्रत्याशी धरम सिंह तथा नगर पंचायत कुसमी के अध्यक्ष पद के लिए कांग्रेस के राजेन्द्र भगत बहुमत से विजयी हुए।

**पार्षद**-नगर पालिका परिषद् बलरामपुर में वार्ड क्रमांक-1 से भाजपा प्रत्याशी सेवक राम, वार्ड क्रमांक-2 से कांग्रेस प्रत्याशी मती बिरजिनिया केरकेट्टा, वार्ड क्रमांक-3 से भाजपा प्रत्याशी संदीप एक्का, वार्ड क्रमांक-4 से भाजपा प्रत्याशी दिलीप सोनी, वार्ड क्रमांक-5 से कांग्रेस प्रत्याशी मती रीना मसीह, वार्ड क्रमांक-6 से भाजपा प्रत्याशी मती लक्ष्मी गुप्ता, वार्ड क्रमांक-7 से निर्दलीय प्रत्याशी मती रिमी चौरसिया, वार्ड क्रमांक-8 से भाजपा प्रत्याशी योगेश गुप्ता, वार्ड क्रमांक-9 से भाजपा प्रत्याशी शिवा राम, वार्ड क्रमांक-10 भाजपा प्रत्याशी प्रवीण गुप्ता, वार्ड क्रमांक-11 से कांग्रेस प्रत्याशी मती शकिना परवीन, वार्ड क्रमांक-12 से निर्दलीय प्रत्याशी अमित गुप्ता, वार्ड क्रमांक-13 से भाजपा प्रत्याशी मती सरोज लकड़ा, वार्ड क्रमांक-14 से भाजपा प्रत्याशी गौतम सिंह तथा वार्ड क्रमांक-15 से भाजपा प्रत्याशी राकेश सिंह बहुमत से विजयी हुए। नगर पालिका परिषद रामानुजगंज में वार्ड क्रमांक-1 से भाजपा प्रत्याशी सुमित गुप्ता, वार्ड क्रमांक-2 से भाजपा प्रत्याशी सुरेश दास पुरी, वार्ड क्रमांक-3 से भाजपा प्रत्याशी अरुण नागवंशी, वार्ड क्रमांक-4 से कांग्रेस प्रत्याशी प्रतीक सिंह, वार्ड क्रमांक-5 से भाजपा प्रत्याशी विजय रावत, वार्ड क्रमांक-6 से भाजपा प्रत्याशी विकास गुप्ता, वार्ड क्रमांक-7 से भाजपा प्रत्याशी अर्जुन दास, वार्ड क्रमांक-8 से कांग्रेस प्रत्याशी मती रूपवंती जायसवाल, वार्ड क्रमांक-9 से भाजपा प्रत्याशी रमेश गुप्ता, वार्ड क्रमांक-10 भाजपा प्रत्याशी पवन कुमार गुप्ता, वार्ड क्रमांक-11 से भाजपा प्रत्याशी मती मनिषी गुप्ता, वार्ड क्रमांक-12 से भाजपा प्रत्याशी मती शीला जायसवाल, वार्ड क्रमांक-13 से कांग्रेस प्रत्याशी मती पुष्पा दशरथ ठाकुर, वार्ड क्रमांक-14 से भाजपा प्रत्याशी मती ऊषा गुप्ता तथा वार्ड क्रमांक-15 से भाजपा प्रत्याशी सिद्धांत यादव बहुमत से विजयी हुए। नगर पंचायत वाड्रफ नगर में वार्ड क्रमांक-1 से भाजपा प्रत्याशी मती नुजहत अब्दुल अंसारी, वार्ड क्रमांक-2 से भाजपा के प्रत्याशी हिर्षिकेश यादव, वार्ड क्रमांक-3 से भाजपा प्रत्याशी मती शारदा भगत, वार्ड क्रमांक-4 से भाजपा प्रत्याशी मती कैनात रूही अब्दुल, वार्ड क्रमांक-5 से भाजपा प्रत्याशी रामकुमार कुशवाहा, वार्ड क्रमांक-6 से कांग्रेस प्रत्याशी मती पूनम सिंह, वार्ड क्रमांक-7 से भाजपा प्रत्याशी विकास कुमार वास, वार्ड क्रमांक-8 से कांग्रेस प्रत्याशी मती सा हिमांशु जायसवाल, वार्ड क्रमांक-9 से कांग्रेस प्रत्याशी विकास भारती, वार्ड क्रमांक-10 भाजपा प्रत्याशी चंदन कुशवाहा, वार्ड क्रमांक-11 से भाजपा प्रत्याशी मती चन्द्रावती आयाम, वार्ड क्रमांक-12 से कांग्रेस प्रत्याशी बसंतलाल धुर्वे, वार्ड क्रमांक-13 से भाजपा प्रत्याशी पंकज कुमार गुप्ता, वार्ड क्रमांक-14 से कांग्रेस प्रत्याशी राजेन्द्र कुशवाहा तथा वार्ड क्रमांक-15 से कांग्रेस प्रत्याशी शिवमंगल आयाम बहुमत से विजयी हुए।

नगर पंचायत राजपुर में वार्ड क्रमांक-1 से निर्दलीय प्रत्याशी सुंदरसाय पोर्ते, वार्ड क्रमांक-2 से कांग्रेस प्रत्याशी मती आरती देवी, वार्ड क्रमांक-3 से भाजपा प्रत्याशी जवाहर लाल पैकरा, वार्ड क्रमांक-4 से भाजपा प्रत्याशी मती निर्मला शर्मा, वार्ड क्रमांक-5 से कांग्रेस प्रत्याशी मती नेहा चौबे, वार्ड क्रमांक-6 से निर्दलीय प्रत्याशी विश्वास कुमार गुप्ता, वार्ड क्रमांक-7 से भाजपा प्रत्याशी महेन्द्र कुमार गुप्ता, वार्ड क्रमांक-8 से भाजपा प्रत्याशी संजय सिंह, वार्ड क्रमांक-9 से निर्दलीय प्रत्याशी राजन त्रिपाठी, वार्ड क्रमांक-10 भाजपा प्रत्याशी मती मंजू बंसल, वार्ड क्रमांक-11 से भाजपा प्रत्याशी मती दीप कुमारी पैकरा, वार्ड क्रमांक-12 से भाजपा प्रत्याशी मती अंजू भगत, वार्ड क्रमांक-13 से भाजपा प्रत्याशी सुनील अग्रवाल, वार्ड क्रमांक-14 से कांग्रेस प्रत्याशी राहुल कुमार भारती तथा वार्ड क्रमांक-15 से भाजपा प्रत्याशी भगवती भगत बहुमत से विजयी हुए। नगर पंचायत कुसमी में वार्ड क्रमांक-1 से भाजपा प्रत्याशी मती हिरामनि बाई, वार्ड क्रमांक-2 से भाजपा प्रत्याशी अजय सिंह, वार्ड क्रमांक-3 से भाजपा प्रत्याशी मती अंजू सिन्हा, वार्ड क्रमांक-4 से भाजपा प्रत्याशी लरंगसाय उरांव, वार्ड क्रमांक-5 से भाजपा प्रत्याशी पारसनाथ पाल, वार्ड क्रमांक-6 से कांग्रेस प्रत्याशी अमरनाथ, वार्ड क्रमांक-7 से आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी सकील अंसारी, वार्ड क्रमांक-8 से कांग्रेस प्रत्याशी मोहम्मद वाहिद अली, वार्ड क्रमांक-9 से कांग्रेस की प्रत्याशी शना सैफी, वार्ड क्रमांक-10 से भाजपा प्रत्याशी आनन्द जायसवाल, वार्ड क्रमांक-11 से भाजपा प्रत्याशी बृज किशोर राम, वार्ड क्रमांक-12 से कांग्रेस प्रत्याशी विनिता टोप्पो, वार्ड क्रमांक-13 से भाजपा प्रत्याशी संतोष कुमार, वार्ड क्रमांक-14 से निर्दलिय प्रत्याशी सुशीला लकड़ा, वार्ड क्रमांक-15 से भाजपा प्रत्याशी किरता राम बहुमत से विजयी हुए।

# धान बेंचने के करीब 25 दिन बाद भी किसानो को नहीं मिला भुगतान

## भुगतान पाने भटक रहे जिले के सैकड़ों किसान

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com



समर्थन मूल्य में धान की उपज बेंचने वाले जिले के धान उत्पादक किसानो को प्रदेश सरकार के वायदे के मुताबिक बेंजी गई फसल की राशि नहीं मिल पा रही है। किसानो द्वारा समर्थन मूल्य में बेंचे गए धान के भुगतान में हो रही इस भारी लेटलतीफी से किसानो में भारी असंतोष तथा नाराजगी देखी जा रही है। वहीं उन्हें खासी परेशानियों का भी सामना करना पड़ रहा है। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रदेश सहित कबीरधाम जिले के किसानों से 14 नवंबर से 31 जनवरी तक सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की गई। किसानो की माने तो जिन किसानो ने 14 नवम्बर से 20 जनवरी तक समर्थन मूल्य पर सेवा सहकारी समितियों में धान की उपज बेंची है उन्हें शासन ने पहले तो अपनी घोषणा के विपरीत 3100 रूपए के बजाए सिर्फ 2300 रूपए प्रति क्विंटल के हिसाब से भुगतान किया। बाद में बोनस के रूप में 800 सौ रूपए की राशि का भुगतान किया गया। लेकिन केन्द्र सरकार द्वारा बढ़ाए गए धान के समर्थन मूल्य की 117 रूपए की राशि का भुगतान प्रदेश सरकार द्वारा नहीं किया गया। वहीं दूसरी तरफजिले के जिन किसानो ने 20 जनवरी के बाद सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से समर्थन मूल्य पर अपनी धान की उपज बेंची है उन्हें अभी तक फूटी कोंडी का भुगतान नहीं किया गया है। जबकि शासन ने किसानो से वादा किया था कि किसानो के उपज बेंचने के 72 घंटे के भीतर एक मुस्त 3100 रूपए का भुगतान उनके बैंक खाते में कर दिया जाएगा।

# कलेक्टर-एसपी ने एटीआर क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण, देखी व्यवस्था

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com

त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 अंतर्गत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल देव एवं पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने शुक्रवार को संयुक्त रूप से अचानकमार टाइगर रिजर्व के कोर क्षेत्र में विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पंचायत चुनाव हेतु सभी आवश्यक मिनिमम फैसिलिटी प्रकाश व्यवस्था, सूचना व्यवस्था, पेयजल, फर्नीचर की उपलब्धता आदि के बारे में जानकारी ली। उन्होंने अचानकमार, बिंदावल, छपरवा, तिलाईडबरा, लमनी सहित विभिन्न गांवों के मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सभी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। पुलिस अधीक्षक ने मतदान केन्द्रों में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और निर्वाचन के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की स्थिति में तत्काल जिला प्रशासन को अवगत कराने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। इस



अवसर पर संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। गौरतलब है कि त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन तीन चरणों में सम्पन्न होगा, जिसमें प्रथम चरण 17 फरवरी को जनपद पंचायत क्षेत्र मुंगेली, द्वितीय चरण 20 फरवरी को जनपद पंचायत क्षेत्र लोरमी और तृतीय चरण 23 फरवरी को जनपद पंचायत क्षेत्र पथरिया के लिए मतदान होगा। त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन अंतर्गत जिला पंचायत सदस्य के कुल 12 सीटों के लिए 78 प्रत्याशी, जनपद सदस्य के 75 सीटों के लिए 392 प्रत्याशी, सरपंच के 345 सीटों के लिए 1688 प्रत्याशी और पंच के 3364 सीटों के लिए 7972 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। मतदान की प्रक्रिया प्रातः 07 बजे से दोपहर 03 बजे तक सम्पन्न होगा, जिसमें कुल 05 लाख 54 हजार से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। मतदान के लिए सभी जनपद पंचायत के 367 ग्राम पंचायतों में कुल 1087 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं।

**कलेक्टर ने स्कूल में बच्चों से प्रश्न पूछकर परखी शिक्षा की गुणवत्ता-** निरीक्षण के दौरान कलेक्टर-एसपी अचानकमार के शासकीय प्राथमिक स्कूल पहुंचे और स्कूली बच्चों को पढ़ाते हुए नजर आए। उन्होंने बच्चों से पाठ्यक्रम से संबंधित प्रश्नोत्तर कर पढ़ाई के बारे में जानकारी ली और शिक्षा की गुणवत्ता परखी। उन्होंने प्रधानाध्यापक से बच्चों की उपस्थिति, यूनिफॉर्म आदि के बारे में जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर-एसपी छपरवा स्थित प्रो. खेड़ा अभयारण्य शिक्षण समिति से संचालित स्कूल का भी निरीक्षण किया। उन्होंने वहां स्कूल भवन के रखरखाव एवं बच्चों की पढ़ाई हेतु उपलब्ध कराए गए फर्नीचर की पर्याप्त व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने शिक्षकों की उपस्थिति रजिस्टर की जांच की और सभी शिक्षकों को समय से अध्यापन हेतु स्कूल आने तथा अपने दायित्वों को पूर्ण गंभीरता के साथ निर्वहन करते हुए बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

**लापरवाही बरतने वाले स्कूल स्टॉफको नोटिस जारी करने के दिए निर्देश-** कलेक्टर ने लगातार स्कूल में अनुपस्थित रहने और लापरवाही बरतने वाले स्टॉफ पर नाराजगी भी जाहिर की और उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। उन्होंने कहा कि बच्चे देश के भविष्य हैं, उनकी शिक्षा के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। कलेक्टर ने ग्रामीणों से भी स्कूल में बच्चों की पढ़ाई को लेकर जानकारी ली। इस दौरान ग्रामीण कुंजन प्रसाद द्वारा छपरवा के प्राथमिक एवं माध्यमिक स्कूल में शिक्षकों की कमी के बारे में जानकारी दी गई और दोनों स्कूलों में केवल एक-एक शिक्षक की पदस्थापना होना बताया गया। जिस पर कलेक्टर द्वारा दोनों स्कूल में शिक्षकों की कमी दूर करने हेतु आश्वस्त किया गया।

**कलेक्टर ने छपरवा खरीदी केंद्र में धान के उठाव की ली जानकारी-** कलेक्टर पुलिस अधीक्षक के साथ छपरवा स्थित धान उपार्जन केन्द्र का निरीक्षण किया और समर्थन मूल्य पर पंजीकृत किसानों से खरीदे गए कुल धान व उठाव के बारे में जानकारी ली। साथ ही कुल खरीदे गए एवं उपलब्ध धान के स्टॉक का भौतिक सत्यापन किया। उन्होंने खरीदी प्रभारी को समय पर शेष धान का उठाव करके नोडल अधिकारी के माध्यम से पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया। इस अवसर पर परिक्षेत्र अधिकारी कोर क्षेत्र सहित राजस्व व वन विभाग अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# भोरमदेव शक्कर कारखाना द्वारा गन्ना किसानों को 44.99 करोड़ रुपये का भुगतान



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

राज्य शासन के निर्देशानुसार भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित, कवर्धा ने पेराई सत्र 2024-25 के अंतर्गत अब तक गन्ना किसानों को कुल 44 करोड़ 99 लाख रुपये का भुगतान किया है। कारखाना प्रबंधन ने गन्ना उत्पादक किसानों से अपील की है कि वे परिपक्व, साफ-सुथरा, बिना अगवा और बिना जड़ वाला गन्ना आपूर्ति करें। इससे शक्कर की रिकवरी दर में वृद्धि होगी, जिससे किसानों को बेहतर लाभ मिलेगा। अपनी स्थापना से अब तक भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना गन्ना किसानों को समर्थन मूल्य, रिकवरी और बोनस मिलाकर लगभग 1210 करोड़ रुपये का भुगतान कर चुका है, जिससे क्षेत्र के किसानों की आर्थिक और सामाजिक उन्नति को नई दिशा मिली है। कारखाना प्रबंधन का मुख्य उद्देश्य किसानों के हितों को प्राथमिकता देना और उनके आर्थिक सशक्तिकरण को सुनिश्चित करना है। समय पर भुगतान मिलने से किसानों का कारखाने और शासन-प्रशासन पर विश्वास लगातार बढ़ रहा है। वर्तमान पेराई सत्र 2024-25 में, कारखाने ने अब तक 2.72 लाख मीट्रिक टन गन्ने की पेराई कर 2.48 लाख क्विंटल शक्कर का उत्पादन किया है। इस उपलब्धि का श्रेय गन्ना उत्पादक किसानों के सहयोग, उनकी मेहनत और कारखाना प्रबंधन के कुशल संचालन को जाता है। कारखाना प्रबंधन ने गन्ना किसानों से अपील की है कि वे अपने गन्ने की आपूर्ति सीधे शक्कर कारखाने में करें, ताकि उन्हें समय पर उचित मूल्य प्राप्त हो सके।

# पंडरिया विधानसभा की जनता ने कांग्रेस के भ्रष्टाचार पर किया प्रहार और क्षेत्र के विकास के लिए बनाई ट्रिपल इंजन सरकारः भावना बोहरा

- भाजपा की विकासवादी नीतियों और जनहित के कार्यों से हुई जनविश्वास की जीत : भावना बोहरा

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ में हुए नगरीय निकाय चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने ऐतिहासिक जीत हासिल की है। 10 नगर निगमों, 49 नगर परिषदों और 114 नगर पंचायतों के चुनाव में हुए मतदान में भारतीय जनता पार्टी ने अपना जीत का परचम लहराया है। पंडरिया विधानसभा के अंतर्गत नगर पालिका पंडरिया एवं नगर पंचायत पांडातराई एवं इंदौरी में भी भाजपा ने अपने जीत का परचम लहराया है वहीं प्रदेश की सभी दस नगर निगमों में भी जनता ने भाजपा पर भरोसा जताते हुए कांग्रेस को क्लीन स्वीप कर दिया है। इस अवसर पर पंडरिया विधानसभा की विधायक भावना बोहरा ने कहा कि पंडरिया विधानसभा की जनता ने नगर की अस्थिर कांग्रेस सरकार के भ्रष्टाचार पर प्रहार करते हुए क्षेत्र के विकास के लिए भाजपा के सुशासन की ट्रिपल इंजन सरकार के प्रति अपना विश्वास व्यक्त करते हुए नगर पालिका पंडरिया एवं नगर पंचायत पांडातराई और इंदौरी में भाजपा को ऐतिहासिक जीत दिलाई जिसके लिए मैं सभी मतदाताओं और क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त करती हूँ। प्रदेश के 10 नगर निगम में जनता ने अपने जनादेश से भाजपा के महापौर को चुना है। पंडरिया नगर में भी नगर पालिका अध्यक्ष हेतु भाजपा प्रत्याशी मंजुला देवी कुर्रे जी को जनता ने ऐतिहासिक जीत के साथ पंडरिया के विकास एवं पूर्व की अस्थिर नगर कांग्रेस सरकार के कुशासन, भ्रष्टाचार एवं ठप्प पड़े विकास कार्यों को नाकारा और डबल इंजन भाजपा सरकार में हुए विकास कार्यों के प्रति अपना विश्वास व्यक्त किया है। उन्होंने आगे कहा कि नगरीय निकाय चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने ऐतिहासिक जीत प्राप्त की है, यह जीत जनता एवं भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता के निष्ठा, आस्था और विश्वास की जीत है। भाजपा ने विकास और जनता के हित के विषयों को लेकर चुनाव में जनता तक अपनी बात पहुंचाई लेकिन पंडरिया में कांग्रेस पार्टी के स्थानीय नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने जनता को डराने-धमकाने, शांति भंग करने और अराजकता फैलाकर चुनाव में भय का माहौल बनाया, परन्तु जनता ने कांग्रेस के इस भय, अपराध और भ्रष्टाचार की नीतियों को नकार कर पंडरिया, पांडा तराई और इंदौरी सहित पूरे प्रदेश में विकासवादी एवं भाजपा के सुशासन की ट्रिपल इंजन सरकार बनाया है। जनता ने मोदी जी की गारंटी और अटल विश्वास पत्र पर जताया है। यह साबित करता है कि भाजपा की नीति और नीयत दोनों पर जनता का विश्वास बढ़ा है। छत्तीसगढ़ के 10 नगर निगम रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, जगदलपुर, रायगढ़, कोरबा, बिलासपुर, अंबिकापुर, चिरमिरी और धमतरी में हुए चुनाव में 10 नगर निगमों में 10 पर बीजेपी ने ऐतिहासिक जीत हासिल की है।

# चारामा नगर की सत्ता एक बार फिर कांग्रेस के हाथ में आ गई

## चारामा नगर पंचायत की परम्परा रही कायम

पायनियर संवाददाता < चारामा
www.dailypioneer.com

नगर की सत्ता एक बार फिर कांग्रेस के हाथ में आ गई। चारामा नगर पंचायत की परम्परा रही कायम। अध्यक्ष पद के कडे मुकाबले में काग्रेस के भुनेश्वर नागराज ने भाजपा के प्यारेलाल देवांगन को 167 वोटो से पटकनी देकर जीत हासिल की। वही भाजपा के 08 कांग्रेस के 06 और एक निर्दलीय प्रत्याशी ने जीत हासिल की। सुबह 08 बजे मतगणना के लिए प्रत्याशी सहित नगरवासी बडी संख्या में मतगणना स्थल नगर पंचायत कार्यालय पहुँचे। पुर प्रक्रिया के बाद 09 बजे से मतगणना शुरू हुई.,मतगणना दो चरणो मे सम्पन्न हुई। पहले चरण में 01 से 08 वार्ड के ईवीएम मशीन खोले गये। जिसमे अध्यक्ष के वोट की गिनती भी हुई। वही अध्यक्ष पद के लिए भाजपा प्रत्याशी प्यारेलाल देवांगन को सभी वार्डो में कुल 3151 एव काग्रेस प्रत्याशी भुनेश्वर नागराज को 3318 मत पडे और जीत का अंतम 167 वोटो का रहा। जिसमे 76 नोटा भी पडे। वही वार्ड ऋमांक 01 से कांग्रेस के कविता साहु को 301 और भाजपा के पुष्पा देवांगन को 149 मत पडे, वार्ड कमांक 02 में कांग्रेस से गितेश्वरी सोनकर को 233 एंव भाजपा से ईश्वरी देवांगन को 219 और निर्दलीय टिकेश्वरी सोनवानी को 59 मत पडे, वार्ड कमांक 03 मे रजनी यादव को 280 और कांग्रेस से अमृत देवांगन को 244 मत पडे, वार्ड ऋमांक 04 मे जगदीश्वर साहु को 262 एवं कांग्रसे के विष्णु यादव को 185, वार्ड ऋमांक 05 में भाजपा की तुलसी धर्मेन्द्र कुजाम को 302 एवं कांग्रेस की लता उईके को 144 ,वार्ड ऋमांक 06 से भाजपा के लोकेश सोनकर को 256. कांग्रेस के संतोष सोनकर को 140 एव निर्दलीय प्रत्याशी सुरज मानिकपुरी को 11 वार्ड ऋमांक 07 से भाजपा के अंजु सोनकर को 240 एवं कांग्रेस से रमला सोनकर को 214, वार्ड ऋमांक 08 में भाजपा से संतोष ओझा 282 एवं काग्रेस के शंकर सिन्हा को 173, वार्ड कमाक 09 से भाजपा के संदीप मेश्राम को 232 एवं कांग्रेस से राजकपुर बारसागळे को 117 एव निर्दलीय लोकेश बारसागडे को 108, वार्ड ऋमांक 10 में भाजपा से अशोक देवांगन 162, कांग्रेस से चन्द्रीका छोटी देवांगन 169 एवं निर्दलीय नद किशोर गौतम को 86 मत पडे, वार्ड कमाक 11 से भाजपा से उमादेवी शर्मा को 112 एवं कांग्रेस से रानू कमलेश सेन को 133, वार्ड ऋमांक 12 से भाजपा से अकित जैन को 68, काग्रेस से अशोक सोनी को 79 एव निर्दलीय प्रत्याशी राजेश सोनी को 60, वार्ड ऋमांक 13 में भाजपा से उत्तम साहु को 314 एव कांग्रेस से मोहित नायक को 199, वार्ड ऋमांक 14 से भाजपा से चेतना चौहान को मात्र 45 मत, कांग्रेस से मंजु सुभाष सोनकर को 221 एवं निर्दलीय प्रत्याशी आबिदा बेगम को 156 मत एव वार्ड ऋमांक 15 जहाँ भाजपा।



# बीजापुर नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए गीता सोम पुजारी हुई निर्वाचित

पायनियर संवाददाता < बीजापुर
www.dailypioneer.com

नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 के तहत नगरपालिका बीजापुर का मतगणना कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तथा सामान्य प्रेक्षक नीलम टोप्पो की उपस्थिति में संपन्न हुआ। चुनाव परिणाम में भाजपा प्रत्याशी गीता सोम पुजारी अध्यक्ष पद के लिए निर्वाचित हुई। इसी तरह वार्ड क्रमांक 01 से भाजपा प्रत्याशी अरविंद पुजारी, वार्ड क्रमांक 2 से भाजपा प्रत्याशी यशोदा पैंकरा, वार्ड क्रमांक 3 से भाजपा हितेश साहनी, वार्ड क्रमांक 4 से कांग्रेस प्रत्याशी बेनहूर रावतिया, वार्ड क्रमांक 5 से भाजपा प्रत्याशी राधा लकड़ा, वार्ड क्रमांक 6 से भाजपा प्रत्याशी सुगंती चालकी, वार्ड क्रमांक 7 से भाजपा प्रत्याशी मुन्ना ताती, वार्ड क्रमांक 8 से भाजपा प्रत्याशी बसंती लिंगम, वार्ड क्रमांक 9 से भाजपा प्रत्याशी भुवन सिंह चौहान, वार्ड क्रमांक 10 से कांग्रेस प्रत्याशी बबीता झाड़ी, वार्ड क्रमांक 11 से भाजपा प्रत्याशी संजय कुमार रिवानी, वार्ड क्रमांक 12 से भाजपा प्रत्याशी विक्रम कुमार दुधी, वार्ड क्रमांक 13 से भाजपा प्रत्याशी मुकेश राठी, वार्ड क्रमांक 14 से भाजपा प्रत्याशी सत्यवती परतागिरी तथा वार्ड क्रमांक 15 से भाजपा प्रत्याशी पुरूषोत्तम भंडारी विजयी रहे। सभी विजेता प्रत्याशियों को रिटर्निंग अधिकारी जागेश्वर कौशल द्वारा जीत का प्रमाण पत्र प्रदाय कर शुभकामनाएं प्रेषित की गई। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी नारायण प्रसाद गवेल एवं सीएमओ बीजापुर बंशीलाल नुरेटी उपस्थित थे।

Orissa Bengal Carrier Limited
ORISSA BENGAL CARRIER LTD.
CIN: L63090CT1994PLC008732
पंजीकृत कार्यालय: जीवन बीमा मार्ग, पंडरी, रायपुर (छ.ग.) 492001, कॉर्पोरेट ऑफिस: ए-1, तीसरी मंजिल, सीजी एलीट कॉम्प्लेक्स, मंडी गेट के सामने, पंडरी, रायपुर (छ.ग.) 492001 वेबसाइट: www.obclimited.com, ईमेल : cs@obclimited.com | दूरभाष: +91-771 2281321 / 0771-4054518
31.12.2024 को समाप्त तिमाही और नौ माह अवधि के लिए अलेखापरीक्षित एकल एवं समेकित वित्तीय परिणामों के विवरण का सारांश
लेखा समिति की सिफारिश के आधार पर, कंपनी के निदेशक मंडल ने शुक्रवार, 14 फरवरी 2025 को आयोजित अपनी बैठक में, 31 दिसंबर 2024 को समाप्त तिमाही और नौ माह अवधि के कंपनी के अलेखापरीक्षित एकल (Standalone) एवं समेकित (Consolidated), वित्तीय परिणामों के लिए अनुमोदित किया है।
भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता बाध्यताएं एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) वनियम, 2015 के विनियम 33 के अनुसार, उपर्युक्त वित्तीय परिणाम कंपनी की वेबसाइट www.obclimited.com पर उपलब्ध हैं और इन्हें त्वरित प्रतिक्रिया (QR) कोड स्कैन करके भी देखा जा सकता है।
OBCL
दिनांक : 14.02.2025
स्थान : रायपुर
कृते, उड़ीसा बंगाल कैरियर लिमिटेड
एसडी/- रवि अग्रवाल
प्रबंध निदेशक, डिन: 01392652

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित)
IDFC FIRST Bank
सीआईएन: L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालय:- केआरएम टावर्स, 8वीं मंजिल, हरिंगटन रोड, चेटपेट, चेन्नई- 600031.
टेलीफोन : +91 44 4564 4000 | फैक्स : +91 44 4564 4022
अधिकृत अधिकारी - कुणाल प्रियम संपर्क संख्या-7979080934
अधिकृत अधिकारी - एसके शाहेब संपर्क संख्या-8240499365
शुद्धिपत्र सह सार्वजनिक सूचना
जबकि नीचे हस्ताक्षरकर्ता आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित) के प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए दिनांक 30.11.2024 को एक मांग नोटिस जारी किया, जिसमें उधारकर्ता, सह-उधारकर्ताओं और जमानतदारों **1. संतोष गुप्ता, 2. केशरी देवी को नोटिस में उल्लिखित राशि रु. 5,35,693.62/- (रुपये पांच लाख पैंतीस हजार छह सौ तिरानबे और बासठ पैसे मात्र) को उक्त मांग नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर 27.11.2024 तक चुकाने का आह्वान किया गया।**
इस ऋण में प्रतीकात्मक कब्जे के बारे में दिनांक 14-02-2025 को पायनियर इंग्लिश और पायनियर हिंदी (स्थानीय रूप से प्रकाशित) में प्रकाशित प्रकाशन को कुछ अनजाने त्रुटि के कारण तत्काल प्रभाव से वापस ले लिया गया है। हालांकि, उसी तिथि के उसी समाचार पत्र में प्रकाशित धारा 13 (2) के तहत मांग नोटिस प्रभावी है।
अचल संपत्तियों का विवरण
केएच नंबर का वह सारा टुकड़ा और पार्सल। 223/1, क्षेत्रफल 0.129 हेक्टेयर, कालीन क्षेत्रफल 600 वर्ग फुट, गाँव-गदबिरा, फोन नं. 30, पुराना आर.एन.एम. धौरपुर, नया आर.एन.एम. लुंड्रा, ग्राम पंचायत गदबिरा, विकास खंड और तहसील लुंड्रा, जिला। सरगुजा, छत्तीसगढ़-497101, तथा, **सीमा : पूर्व : श्रीनाथ की भूमि, पश्चिम : बिहारी की भूमि, उत्तर : विश्वनाथ की भूमि, दक्षिण : कल्पु की भूमि**
दिनांक: 15-02-2025
स्थान : छत्तीसगढ़
ऋण खाता संख्या : 103694019
अधिकृत अधिकारी
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित)

# पायनियर हलचल...

## रायपुर समेत सभी नगर निगमों में भाजपा का कब्जा




निकाय चुनाव में चारों ओर भाजपा का दबादबा रहा। 10 के 10 नगर निगमों में भाजपा के महापौर प्रत्याशियों ने विजयश्री हासिल की। पंद्रह साल बाद रायपुर में भी भाजपा को शहरी सत्ता हासिल करने में सफलता मिली है। सुनील सोनी के बाद यहां लगातार कांग्रेस का दबदबा रहा। पहले किरणमयी नायक फिर प्रमोद दुबे और उसके बाद भूपेश के पसंदीदा एजाज ढेबर रायपुर के महापौर रहे। रायपुर से भाजपा प्रत्याशी मीनल चौबे ने रिकार्ड मतों से जीत दर्ज की हैं। मीनल के पास निगम में काम करने का अनुभव भी है, वह इसके पहले रायपुर नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष की भूमिका भी निभा चुकी हैं। निश्चित ही मीनल चौबे के अनुभव का लाभ रायपुर की जनता को मिलेगा। इसके साथ इस बार भाजपा पार्षदों की संख्या में भी काफी वृद्धि हुई है। 70 में से 48 भाजपा पार्षद चुनाव जीतने में सफल हुए हैं। रायपुर में कांग्रेस का प्रदर्शन अब तक का सबसे कमजोर रहा। कांग्रेस पार्षदों के बराबर ही निर्दलीय पार्षद चुनाव जीतने में सफल रहे। कुल मिलाकर रायपुर समेत सभी नगर निगमों में भाजपा कब्जा जमाने में सफल रही। कांग्रेसियों के हाथ एक बार फिर मयूसी लगी।

## सौरभ कुमार ने चौंकाया?



आईएएस सौरभ कुमार के डेपुटेशन में जाने की खबरें इन दिनों अफसरशाही में चर्चा का विषय बना हुआ है। सौरभ कुमार को राज्य सरकार ने एनआरडीए की जिम्मेदारी सौंपी हैं। वह वर्तमान में एनआरडीए के सीईओ का दायित्व निभा रहे हैं। सौरभ कुमार जिस विभाग का दायित्व संम्भाल रहे हैं, उस विभाग के मुखिया ओपी चौधरी हैं। सौरभ कुमार मंत्री ओपी चौधरी के पसंदीदा अफसर हैं, और सम्भवतः ओपी चौधरी भी सौरभ के पसंदीदा मंत्री हैं। उसके बाद भी सौरभ अपने कैरियर के इस सुनहरा अवसर को क्यों गवाना चाहते हैं। वह दिल्ली डेपुटेशन में क्यों जाना चाहते हैं? ओपी चौधरी एक तेज तर्रार और युवा मंत्री हैं, सौरभ कुमार को भी एक काम करने वाले अफसर के रुप में जाना जाता है। तो फिर वह इस अवसर को क्यों खोना चाह रहे हैं? बहरहाल अब यह तो सौरभ कुमार ही जानेंगे कि वह डेपुटेशन में क्यों जाना चाहते हैं। लेकिन इस खबर ने सभी को चौंकाने का काम किया है।

## कांग्रेस को फिर याद आये टीएस सिंहदेव



एक के बाद एक हार से राज्य कांग्रेस और कांग्रेस के आलाकमान काफी चिंतित हैं। पहले कांग्रेस ने राज्य की सत्ता गंवाई, फिर लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को मुंह की खानी पड़ी। अब निकाय चुनाव में कांग्रेस की दुर्दशा हो गई। लगातार हो रही फजीहत से कांग्रेस को एक बार फिर टीएस सिंहदेव याद आने लगे हैं। यह बात अलग है कि कांग्रेस ने सिंहदेव की कम फजीहत नहीं की है। 2018 के विधानसभा चुनाव के पहले टीएस सिंहदेव के पास अप्रत्यक्ष रुप से राज्य कांग्रेस की कमान थी। कहा जाता है कि सिंहदेव ने 2018 के विधानसभा चुनाव में काफी रुपये खर्च किए, खैर सच क्या है? यह तो टीएस सिंहदेव ही जानेंगे। लेकिन 2018 के विधानसभा चुनाव में अकूत रुपया खर्च करने के बाद भी सिंहदेव ढाई साल के बजाय पांच साल तक वेटिंग इन सीएम बने रहे। अब कांग्रेस फिर अपने पूर्व स्थिति की ओर चल पड़ी है। खेमेबाजी के साथ-साथ पार्टी आर्थिक तंगी से भी जूझ रही है। सम्भवतः इसीलिए कांग्रेस को फिर सिंहदेव याद आने लगे हैं। निकाय चुनाव में निराशाजनक परिणाम के बाद टीएस सिंहदेव को राज्य कांग्रेस की कमान सौंपने की कवायद शुरु हो चुकी है। सिंहदेव जल्द ही प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष बनाये जा सकते हैं। आलाकमान अब राज्य में और खेमेबाजी बरदास्त करने के मूड में नहीं है, शायद इसी कारण से पूर्व सीएम भूपेश बघेल को महासचिव की जिम्मेदारी सौंपते हुए पंजाब का प्रभारी बनाया गया है। लेकिन 2018 से पहले के सिंहदेव और अब के सिंहदेव में राज्य की जनता काफी भिन्नता देख रही है, ऐसे में सिंहदेव को फिर अपनी खोई जमीन वापस पाने के लिए जमकर पसीने बहाने पड़ेंगे।

## फाइल चारों धाम घूम रही और अफसर गंगा स्नान से भी वंचित?




सीनियर आईएफएस अफसर एपीसीसीएफ अलोक कटियार, सुनील मिश्रा, अरुण कुमार पांडे, प्रेम कुमार, सहित अन्य अफसरों को अभी तक प्रमोशन नहीं मिल पाया है। इसमें से एक अफसर रिटायर हो गए, वहीं सुनील मिश्रा इसी साल के मई माह में रिटायर हो जाएंगे। दरअसल जुलाई माह से इन अफसरों के प्रमोशन की फाइल चारों धाम की यात्रा कर रही है (इस टेबल से उस टेबल घूम रही है)। चारों धाम की यात्रा में निकली इनके प्रमोशन की फाइल जरुर घूम रही है। लेकिन प्रमोशन की आस लिए इनमें से कुछ अफसरों को महाकुम्भ का पुण्य लाभ भी नसीब नहीं हुआ है। चारों धाम की यात्रा पर निकली इनकी फाइल फाइनली सीएम सचिवालय पहुंच चुकी है। धर्म-कर्म वाली विष्णु सरकार इन अफसरों को जल्द ही महाकुम्भ के पुण्य लाभ का अवसर प्रदान कर सकती है। सम्भव है कि बजट सत्र प्रारम्भ होने से पहले होने वाली केबिनेट में इनके प्रमोशन पर मुहर लग जाए।

## विनय जायसवाल का क्या?



चिरमिरी नगर निगम में कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व विधायक विनय जायसवाल नजदीकी मुकाबले में चुनाव हार चुके है। दरअसल विनय जायसवाल जिस क्षेत्र से आते हैं वह क्षेत्र नेताप्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत के प्रभाव वाला क्षेत्र है। राज्य में कांग्रेस की सरकार रहते हुए तत्कालीन चिरमिरी विधायक वर्तमान महापौर प्रत्याशी विनय जायसवाल पूर्व सीएम भूपेश बघेल के बेहद करीबी रहे। तो डॉ. महंत ने विनय जायसवाल को महापौर की टिकट देने की पैरवी क्यों की? यह अपने आप में एक बड़ा सवाल है। और इस क्षेत्र से कांग्रेस के बागी बलदेव दास आखिरी तक मैदान में डटे रहे? यह तमाम राजनीतिक समीकरण आखिर क्या कहना चाहते हैं? फिलहाल इस पर मंथन और चिंतन की जरुरत है। कांग्रेस के विनय जायसवाल 4000 मतों से चुनाव हार गये। वहीं कांग्रेस से बागी प्रत्याशी बलदेव दास जो कि पनिका समाज से आते हैं, उन्हें 1976 वोट मिले हैं। वास्तव में यह वोट और बलदेव दास कांग्रेस के लिए काम करते तो परिणाम कुछ और होते। खैर विनय अब विधायक से लेकर महापौर तक की टिकट पाने वाले नेताओं में शामिल हो चुके हैं। ऐसे में अब उन्हें आगे कितना अवसर मिलेगा फिलहाल कुछ कहा नहीं जा सकता।

## किसने बिगाड़ा खेल?




रिएजेन्ट खरीदी और चोपड़ा बंधू इन दिनों चर्चा के विषय बने हुए हैं। कई करोड़ रुपये के घोटाले के आरोप में सलाखों के पीछे पहुंचे चोपड़ा बंधू क्या अकेले इतने बड़े घोटाले को अंजाम दे सकते हैं? आखिर इसका सच क्या है? ऐसे तमाम सवाल इन दिनों आम जन के जेहन में घूम रहे हैं। चोपड़ा बंधू का सीजीएमएसी में एकछत्र राज रहा। यह कारोबार तो वर्षो से चल रहा था तो अचानक चोपड़ा बंधू सलाखों के पीछे कैसे पहुंच गए? किसने बिगाड़ा चोपड़ा बंधू का खेल? क्या सिर्फ इसके पीछे कमीशन का ही खेल है, या चोपड़ा बंधू की मोनोपाली को खत्म करने की रणनीति में कुछ अफसर भी शामिल हैं? क्या बिना बजट के पहली बार खरीदी की गई? या फिर इसके पहले भी इसी तरीक से खरीदी होती रही है? 10 प्रतिशत कमीशन की सच्चाई क्या है? या 30 करोड़ रुपये के चंदे की मांग ने उलझाया? आखिर घोटाले का सच क्या है? बहरहाल सच जो भी हो राज्य की जांच एजेन्सी ईओडब्ल्यू मामले की पड़ताल कर रही है। आने वाले दिनों में दूध का दूध पानी का पानी होना तय है।

editor.pioneerraipur@gmail.com

# श्रीमद् भागवत कथा : भक्तों ने नरसिंह अवतार का वर्णन सुना



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

श्री बालाजी हाऊस में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा में काफी संख्या में प्रतिदिन भक्तगण शामिल हो रहे हैं। आचार्य बांके बिहारी गोस्वामी ने शनिवार को जड़भरत कथा एवं नरसिंह अवतार का वर्णन किया। इस संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा में काफी संख्या में श्रोतागण मौजूद रहे। प्रत्येक दिन दोपहर तीन बजे से सायं सात बजे तक भक्तगण संगीतमयी श्रीमद भागवत कथा का पुण्य लाभ ले रहे हैं। आचार्य बांके बिहारी महाराज ने कहा मानव जीवन का मुख्य लक्ष्य अविनाशी परमात्मा को प्राप्त करना है परंतु काम, क्रोध, मद, लोभ और मोह के अधीन होकर मनुष्य अपने परम लक्ष्य से भटक जाता है और अनेक बार जन्म लेता है और मृत्यु को प्राप्त करता है। पवित्र ग्रंथ श्रीमद् भागवत के पंचम स्कंध के सातवे अध्याय में श्री हरि विष्णु के अनन्य भक्त भरत जी की कथा का वर्णन है, वह मोक्ष के अधिकारी होते हुए भी अपने जीवन के अंतिम क्षणों में एक हिरण के मोह में फंस कर उसमें अपना चित्त लगा बैठे जिसके फलस्वरूप उन्होने अपने अगले जन्म में हिरण की योनि को प्राप्त किया। शुकदेव जी कहते हैं कि हे परीक्षित, जड़ भरत ने अपना अंत समय आने पर ईश्वर के चरणों में अपना ध्यान लगाकर योगाभ्यास के द्वारा अपने शरीर को छोड़ दिया और मोक्ष प्राप्त किया। आचार्य बांके बिहारी महाराज ने कहा भरत जी का यह चरित्र अत्यंत कल्याणकारी और दिव्य गुणों से युक्त है और आयु और धन की वृद्धि करने वाला है। उनके चरित्र का पाठ करने से इस लोक में यश और अंत में स्वर्ग तथा मोक्ष की प्राप्ति होती है। महाराज ने बताया भगवान विष्णु के नरसिंह अवतार की कथा तो हम सभी जानते हैं। हिरण्यकश्यप जैसे अधर्मी को मारने और भक्त प्रहलाद की रक्षा के लिए विष्णु भगवान नरसिंह अवतार लेकर स्तंभ में से प्रकट हुए। उन्होंने हिरण्यकश्यप को उठाया और महल की चौखट पर लाकर अपनी गोद में लिटा लिया और अपने नाखूनों से उसका सीना चीर दिया। लेकिन हिरण्यकश्यप का अंत करने के बावजूद उनका क्रोध शांत नहीं हुआ। जिससे भू लोक, स्वर्ग लोक और पाताल लोक कांपने लगा। प्रभु के क्रोध को शांत करने की शक्ति सिर्फ महाकाल भगवान शिव के पास ही हो सकती थी। सारे देव शिवजी की स्तुति करने लगे। तब जाकर भक्तों की पुकार पर शिव उन्हें शांत करने गए। लेकिन नृसिंह भगवान का क्रोध शांत करने मे वो भी असफल हुए। फिर त्रिकालदर्शी शिवजी ने मानव, चील और सिंह के शरीर वाले भगवान सर्वेश्वर का अवतार लिया। आचार्य बांके बिहारी महाराज ने कहा नरसिंह और सर्वेश्वर अवतारों में पूरे 18 दिनों तक युद्ध चला। अंततः भगवान नरसिंह सर्वेश्वर अवतार के आगे कमजोर पड़ने लगे और हार स्वीकार कर अपने क्रोध को शांत किया। सभी देवों ने विष्णु स्तुति की तब भगवान नरसिंह श्रीहरि में लीन हो गए।

# मूणत ने चुनाव प्रबंधन का मनवाया लोहा पूरे 70 वार्डों के लिए बनायी थी रणनीति

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



रायपुर नगर निगम में महापौर समेत 70 में से 60 वार्डों में भाजपा प्रत्याशियों को मिली एकतरफा जीत ने इतिहास रच दिया है। इस जीत में सभी की भागीदारी रही, लेकिन रणनीति के तहत पूरी टीम के साथ दिन रात एक कर चुनाव का संचालन व प्रबंधन को अंजाम देने में पूर्व मंत्री व विधायक राजेश मूणत की महती भूमिका को सभी स्वीकार रहे हैं। निगम की शहरी सत्ता में पन्द्रह साल से काबिज कांग्रेस महापौरों के कार्यों को लेकर मूणत खासे नाराज थे। जिस दिन से वे विधानसभा का चुनाव जीते थे उसी दिन से शहर की जनता का नब्ज वे पकड़ चुके थे। शहर के विकास को बाधित करने वालों को बाहर करने का लक्ष्य लेकर पहले उन्होने हर वार्ड के भाजपा कार्यकर्ताओं को रिचार्ज किया। लगातार मीटिंग पर मीटिंग वे भाजपा कार्यालय में करते रहे। सभी बड़े नेताओं को संगठन में फीड बैक देते रहे। जब बात प्रत्याशी चयन की आयी तो पहल टारगेट रखा गया जीत..। चाहे कोई भी नाराज हो,वार्ड से जिसकी जीत तय दिखती हो उन्हे प्रत्याशी बनाया जायेगा। चारो विधानसभा के विधायकों, सांसद, संगठन पदाधिकारियों से लेकर कार्यकर्ताओं के बीच लगातार संवाद स्थापित करवाते रहे। रणनीति के तहत उन्होने जिस वार्ड के रहने वाले पार्टी नेता हैं उन्हे वहीं काम संभालने कहा गया। महापौर के प्रत्याशी मीनल चौबे का नाम भी सर्वसम्मति से तय हुआ था,भले ही उन्हे मूणत का करीबी बताया जाता है। महापौर व वार्ड प्रत्याशियों के बीच लगातार समन्वय बनाकर प्रचार प्रसार करने की रणनीति भी मूणत की थी। जिसका दोनों को फायदा मिला। संसाधन की भी उन्होने कहीं कमी नहीं होने दी। अंदेशा था कम मतदान होगा इसलिए बूथ मैनेजमेंट को लेकर भी उन्होने खाका बनाया। मतदान से पहले ही जिस प्रकार का माहौल बन गया था,तय लग रहा था कि भाजपा को एक बड़ी जीत मिलने वाली है और आज परिणाम आने के बाद यह साफ भी हो गया। भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं के साथ शहर की जनता भी मान रही है कि इस बड़ी जीत का बड़ा श्रेय विधायक राजेश मूणत को जाता है।

# लोरमी नगर पालिका में खिला विकास का कमल, जनता ने डबल इंजन के विकास कार्यों पर जताया भरोसा : साव


पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com



जिले के लोरमी नगर पालिका में भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष प्रत्याशी सुजीत वर्मा की प्रचंड मतों से जीत हुई है। उन्होंने कांग्रेस उम्मीदवार को 2456 वोटों से हराया है। इसके साथ ही भाजपा के 11 पार्षदों ने जीत दर्ज की है। उप-मुख्यमंत्री अरुण साव ने लोरमी हाइस्कूल मैदान में भाजपा प्रत्याशियों की जीत की खुशी मनाई। कार्यकर्ताओं के साथ रंग गुलाल लगाकर झूमे और सभी को बधाई दी। डिप्टी सीएम अरुण साव ने भाजपा पर विश्वास जताने के लिए लोरमी वासियों का आभार जताया। साव ने इस जीत की खुशी में लोरमी में विजय जुलूस रैली निकाली और जनता जनार्दन से आशीर्वाद लिया। साव ने कहा कि, लोरमी की जनता ने विकास के लिए भरपूर आशीर्वाद दिया है। आपका यह जनादेश लोरमी के लिए नया सवेरा लेकर आया है। लोरमी की देवतुल्य जनता ने सामान्य कार्यकर्ता सुजीत वर्मा को बड़ा आशीर्वाद दिया है। उन्हें 2456 वोटों से अध्यक्ष बनाकर इतिहास रच दिया है। वहीं भाजपा को 18 में से 11 पार्षद दिया है, इसके लिए लोरमी की जनता को बहुत बहुत बधाई। शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव संपन्न कराने के लिए जनता और अधिकारियों को भी धन्यवाद दिया। विकास के लिए आप लोगों ने कमल खिलाया है। बीजेपी की जीत दिलाई है।

## छत्तीसगढ़ से कांग्रेस का कुशासन पूरी तरह समाप्त : किरण देव

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने छत्तीसगढ़ के नगरीय निकाय चुनावों में भारतीय जनता पार्टी की शानदार जीत को इसे जनता-जनार्दन के भाजपा के प्रति दृढ़ विश्वास का उद्घोष बताते हुए कहा है कि कांग्रेस के तमाम झूठे वादों और झूठे प्रचार के बावजूद प्रदेश के शहरों-नगरों की जनता-जनार्दन ने भाजपा के अटल विश्वास पत्र में किए गए वादों पर अपना भरोसा व्यक्त किया है और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार के सुशासन पर एक बार फिर से मुहर लगाई है।

# निकाय चुनावों में आप को सफलता, आने वाले समय में भी जनता का इसी तरह आशीर्वाद मिलता रहेगा : गोपाल साहू

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ में 2025 के नगरीय निकाय चुनावों मे आम आदमी पार्टी तीसरी सबसे बड़ी पार्टी के रूप में प्रदेश में उभर कर आयी है। आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू, प्रदेश महासचिव वदूद आलम और प्रदेश मुख्य प्रवक्ता सूरज उपाध्याय, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रियंका शुक्ला, प्रदेश संगठन महामंत्री जसबीर सिंह और प्रदेश मीडिया प्रभारी मिहिर कुर्मी ने बताया कि आम आदमी पार्टी प्रदेश के निकाय चुनाव हेतु पिछले साल से जमीनी स्तर पर कार्य कर रही थी जिसके फलस्वरूप अनेकों निकायों में पार्टी को सफलता मिली है और हमारे जमीनी कार्यकर्ताओं को जीत मिली है। बतां दें कि पूर्व भाजपा विधानसभा अध्यक्ष धरम लाल कौशिक के गढ़ बिलासपुर के बोदरी नगर पालिका में आम आदमी पार्टी की प्रत्याशी नीलम विजय वर्मा ने अध्यक्ष पद पर जीत दर्ज की। बोदरी से ही वार्ड 07 से भावना आशीष खत्री,वार्ड 08 से श्याम आर्या गडडू, वार्ड 14 से विजय वर्मा, और वार्ड 13 से डॉली दीपक जलवानी भी पार्षद पद पर जीतकर आयें हैं।

# नगरीय निकाय चुनाव : बिलासपुर नगर निगम में भाजपा की सरकार

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

भाजपा ने शहर सरकार में दमदार तरीके से वापसी की है। वापसी भी ऐसा कि राजनीतिक पंडित भी भाजपा के रिकार्ड वोटो की जीत को लेकर भौचक है। भाजपा की मेयर केंडिडेट पूजा विधानी ने 66067 वोटों के अंतर से चुनाव जीत ली है। प्रमोद नायक को 85944 वोट मिले। भाजपा के जीत की इस आंधी में कांग्रेस बुरी तरह पराजित हो गई है। बीते चुनाव की अपेक्षा भाजपा के पार्षदों की संख्या भी इस बार विकास भवन में ज्यादा नजर आएगी। सामान्य सभा की बैठक से लेकर मेयर इन कौंसिल की बैठकों में भाजपाई पार्षदों का दबदबा रहेगा। प्रदेशभर में भाजपा की लहर चली है। या यूं कहें कि भाजपा की आंधी में कांग्रेस का सुपड़ा साफ हो गया है।

## बिलासपुर नगर निगम के निर्वाचित पार्षद

वार्ड क्रं 1 कांग्रेस अमित भारते, वार्ड क्रं 2 भाजपा दिलीप कोरी, वार्ड क्रं 3 भाजपा किरण राजेन्द्र टण्डन, वार्ड क्रं 4 भाजपा कुसुम महाबली कोसल, वार्ड क्रं 5 कांग्रेस गायत्री लक्ष्मी साहू, वार्ड क्रं 6 भाजपा संजय सीमा सिंह, वार्ड क्रं 7 भाजपा श्याम कार्तिक, वार्ड क्रं 8 भाजपा बैजंती जोशी, वार्ड क्रं 9 कांग्रेस मनहरण लाल कौशिक, वार्ड क्रं 10 कांग्रेस पुष्पेंद्र साहू, वार्ड क्रं 11 भाजपा केशरी इंगोले, वार्ड क्रं 12 भाजपा विजय मरावी, वार्ड क्रं 13 भाजपा रमेश पटेल, वार्ड क्रं 14 भाजपा हेमंत मरकाम, वार्ड क्रं 15 भाजपा नितिन पटेल, वार्ड क्रं 16 कांग्रेस अनिता कश्यप, वार्ड क्रं 17 भाजपा कार्तिक यादव, वार्ड क्रं 18 भाजपा अंजनी कश्यप, वार्ड क्रं 19 कांग्रेस भरत कश्यप, वार्ड क्रं 20 भाजपा कविता कंचन, वार्ड क्रं 21 भाजपा मधुबाला टंडन, वार्ड क्रं 22 भाजपा संजय यादव, वार्ड क्रं 23 भाजपा वंदना चंद्रिकापुरे, वार्ड क्रं 24 निर्दलीय ध्रुव कोरी, वार्ड क्रं 25 कांग्रेस संतोषी रामा बघेल, वार्ड क्रं 26 कांग्रेस परवीन बानो, वार्ड क्रं 27 भाजपा किरण गोस्वामी, वार्ड क्रं 28 भाजपा गणेश रजक, वार्ड क्रं 29 कांग्रेस शेख असलम, वार्ड क्रं 30 भाजपा विनोद सोनी, वार्ड क्रं 31 कांग्रेस शहजादी कुरैशी, वार्ड क्रं 32 भाजपा अमित तिवारी, वार्ड क्रं 33 भाजपा रंगा नादम, वार्ड क्रं 34 कांग्रेस रीता कश्यप, वार्ड क्रं 35 बीजेपी आशीष गुप्ता, वार्ड क्रं 36 भाजपा बंधु मौर्य, वार्ड क्रं 37 भाजपा लक्ष्मी रजक, वार्ड क्रं 38 कांग्रेस सुनीता नामदेव गोयल, वार्ड क्रं 39 भाजपा दिनेश देवांगन, वार्ड क्रं 40 कांग्रेस शिरीष कश्यप, वार्ड क्रं 41 भाजपा मोती गंगवानी, वार्ड क्रं 42 भाजपा लक्ष्मी यादव, वार्ड क्रं 43 निर्दलीय, वार्ड क्रं 44 भाजपा कविता दत्ता, वार्ड क्रं 45 भाजपा वल्लभ राव, वार्ड क्रं 46 कांग्रेस अब्दुल इब्राहिम खान, वार्ड क्रं 47 कांग्रेस मोहन श्रीवास, वार्ड क्रं 48 भाजपा तिलक राम साहू, वार्ड क्रं 49 कांग्रेस सुनील सोनकर, वार्ड क्रं 50 भाजपा जय वाधवानी, वार्ड क्रं 51 भाजपा प्रितेश सोनी, वार्ड क्रं 52 कांग्रेस दिलीप पाटिल, वार्ड क्रं 53 भाजपा रेखा सूर्यवंशी, वार्ड क्रं 54 भाजपा निशा देवांगन, वार्ड क्रं 55 भाजपा मनोरमा यादव, वार्ड क्रं 56 भाजपा रुपाली अनिल गुप्ता, वार्ड क्रं 57 भाजपा रेखा ओमप्रकाश पाण्डेय, वार्ड क्रं 58 भाजपा कमला पुरुषोत्तम, वार्ड क्रं 59 भाजपा सुनीता जगत, वार्ड क्रं 60 भाजपा विजय ताम्रकार, वार्ड क्रं 61 भाजपा राजेश दुसेजा, वार्ड क्रं 62 कांग्रेस सीमा शुक्ला, वार्ड क्रं 63 भाजपा श्याम साहू, वार्ड क्रं 64 निर्दलीय, वार्ड क्रं 65 भाजपा तिहारी जायसवाल, वार्ड क्रं 66 भाजपा अंचल दुबे, वार्ड क्रं 67 भाजपा संगीता परिहार, वार्ड क्रं 68 भाजपा ममता अमित मिश्रा, वार्ड क्रं 69 भाजपा प्रकाश यादव, वार्ड क्रं 70 भाजपा एम श्रीनू श्रीवास।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403